4– अधिनियम की धारा-12 के अन्तर्गत निर्दिष्ट एवं प्राविधानित भूमि अधिग्रहण के प्रयोजन हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए तथा भूमि का सर्वेक्षण, किसी भूमि के लिए समतलीकरण, खुदाई करने तथा कार्य के समुचित क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक क्रियायें करने के लिए राज्यपाल कलेक्टर को प्राधिकृत करने हेतु निदेश देते हैं।

5– अधिनियम की धारा-15 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, जिसका हित भूमि में निहित हो, अधिसूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपने क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के विरूद्ध लिखित रूप से कलेक्टर, भूमि अध्याप्ति प्रयोजनार्थ, प्रयागराज/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) प्रयागराज के कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

6– अधिनियम की धारा-11(4) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण होने तक कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रारम्भिक अधिसूचना में निर्दिष्ट भूमि का सव्यवहार यथा विक्रय/क्रय या उस भूमि में कोई भार उत्पन्न नहीं कर सकता है।

टिप्पणी– उक्त भूमि का स्थल नक्शा कलेक्टर, प्रयागराज/उप जिलाधिकारी, सदर, प्रयागराज/अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज/कलेक्टर, भूमि अध्याप्ति प्रयोजनार्थ/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) प्रयागराज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

अनुसूची–ख

(विस्थापित परिवारों के लिए व्यवस्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित भूमि)

जनपद	तहसील	परगना	ग्राम	भूखण्ड सं0	पुनर्वासन हेतु चिन्हित क्षेत्रफल (हे0 में)
1	2	3	4	5	6
उक्त योजना हेतु कोई भी भू-स्वामी विस्थापित नही हो रहा है। इसलिए भूमि चिन्हित किए जाने की आवश्यकता नही है।					

रविन्द्र कुमार मॉदड़,
राज्य सरकार/कलेक्टर,
प्रयागराज।

Form-18

[Sub-rule (2) of the Rule 20]

Preliminary Notification by Appropriate Government/Collector

[Under sub-section(1) of Section 11 of the Act]

GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH

PROVINCIAL WORKS DIVISION DEPARTMENT

NOTIFICATION

November 23, 2024

No. 500/8-So.Ku.-S.L.A.O.(J.O.)PRG.–Under sub-section (1) of Section 11 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Rehabilitation and Resettlement Act, 2013, whereas the Government of Uttar Pradesh/Collector (for the purpose of Appropriate Government) is satisfied that for the construction ROB at Crossing No. 3A at Km. 836/11-13 on Prayagraj- CNB Section on Bhagwatpur-Prayagraj -Kanpur

Road (G.T. Road) in District Prayagraj, Section Officer, D9IAF) Government of India Department of Defence, Room No. 208-D South Block New Delhi letter no. Air HQ/S17726/32/ATS/227/D(IAF)/2023 dated 23.06.2023, under following terms & conditions, NOC has been provided–

The recommencement of ROB work is concurred, subject to U. P. Govt. incurring the cost of the following towards extending the runway by 350m on other side & relocation of associated infrastructure at AF Stn., Prayagraj–

(xxxiii) Acquisition of land measuring 350m x 65m (east of runway).

(xxxiv) Compensation to private owners on newly acquired land and for those structures forming obstacles as per obstacle limitation surfaces.

(xxxv) Extension of runway by 350 meters and ancillary works.

(xxxvi) Re-installation of approach lights and navigational aids/ Airfield facilities belonging to AAI/IAF.

1. On the reports/ Proposal sent by the Executive Engineer, Provincial Division P.W.D. Prayagraj (Requiring body) to provide land Area of 0.461993 Hect.in village Shaha *alias* Pipalgaon, Tehsil-Sadar, District-Prayagraj of land is required for Extension of runway of airport located at Indian Air Force as per the conditions contained in the no objection given by Indian Air Force Construction ROB at Crossing No. 3A at Km. 836/11-13 on Prayagraj- CNB Section on Bhagwatpur-Prayagraj-Kanpur Road (G.T. Road) in District Prayagraj.

2. Therefore, The Governor is pleased to notify for general information that the land mentioned in the Schedule below is needed for public purpose.

SCHEDULE

Land Details

Sr. No.	District	Tehsil	Village	Plot No.	Area to be acquired
1	2	3	4	5	6
					Hectare
1	Prayagraj	Sadar	Shaha *alias* Pipalgaon	64 Mi	0.031000
2	,,	,,	,,	90	0.011400
3	,,	,,	,,	161	0.011433
4	,,	,,	,,	161	0.011665
5	,,	,,	,,	161	0.011665
6	,,	,,	,,	161	0.011433
7	,,	,,	,,	161	0.010266

1	2	3	4	5	6
					Hectare
8	Prayagraj	Sadar	Shaha *alias* Pipalgaon	161	0.006779
9	,,	,,	,,	162	0.023000
10	,,	,,	,,	163	0.025224
11	,,	,,	,,	163	0.015605
12	,,	,,	,,	163	0.024618
13	,,	,,	,,	163	0.007611
14	,,	,,	,,	163	0.005460
15	,,	,,	,,	165	0.175500
16	,,	,,	,,	192	0.009072
17	,,	,,	,,	192	0.018200
18	,,	,,	,,	193	0.003883
19	,,	,,	,,	193	0.003884
20	,,	,,	,,	194	0.006734
21	,,	,,	,,	194	0.006733
22	,,	,,	,,	163	0.012600
23	,,	,,	,,	163	0.012628
24	,,	,,	,,	192	0.005600
				Total . .	**0.461993**

3. The Governor is also pleased to authorised the Collector for the purpose of land acquisition to take necessary steps to enter upon and survey of land, Take levels of any land, dig or sub-soil into the sub-soil and do all the acts required for the proper execution of work as provided and specified under Section 12 of the Act.

4. Under Section 15 of the Act, any person interested in the land may within (days) 30 after the publication of this notification, make an objection to the acquisition of land in the locality in writing to the Office of Collector (for land acquisition) /S.L.A.O.(J.O.)Prayagraj or Office of the Sub Divisional Magistrate, Sadar, Prayagraj.

5. Under Section 11(4) of the Act, no person shall make any transaction or cause any transaction of land *i.e.* sale/purchase, specified in the preliminary notification or create any encumbrances on such land from the date of publication of such notification till such time as the proceedings of land acquisition is completed, without prior approval of the Collector Prayagraj.

NOTE– A plan of land may be inspected in the Office of the Collector/S.L.A.O.(J.O.) Prayagraj/ S.D.M., Sadar,Prayagraj for the purpose of acquisition.

Ravindra Kumar Mander,
State Government/Collector,
Prayagraj.

पी0एस0यू0पी0–36 हिन्दी गजट–भाग 1-क–2024 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०-एन०डी०-4
लाइसेन्स सं०-डब्ल्यू०पी०-41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 07 दिसम्बर, 2024 ई० (अग्रहायण 16, 1946 शक संवत्)

भाग 4

निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश

कार्यालय, सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

विज्ञप्ति

12 अगस्त, 2024 ई0

सं0 मा0शि0प0/परिषद्–9/384–सर्वसाधारण की जानकारी हेतु विज्ञापित एवं प्रसारित है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक सत्र 2024–25 (परीक्षा वर्ष 2025) ही हाईस्कूल (कक्षा 9 व 10) हेतु निम्नवत् पाठ्यक्रम निर्धारण किया जाता है।

विषय–हिन्दी

कक्षा–9

खण्ड–अ **पूर्णांक–20**

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. हिन्दी गद्य के विकास का संक्षिप्त परिचय (भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग) 3×1=3
2. हिन्दी पद्य के विकास का संक्षिप्त परिचय (आदिकाल, भक्तिकाल) 3×1=3
3. सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम– 2×1=2
   (सड़क सुरक्षा में केवल ज्ञानात्मक एवं बोधात्मक आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछें जायेगें)।
4. काव्य सौन्दर्य के तत्व 3×1=3
   रस– श्रृंगार एवं वीर (परिभाषा, उदाहरण एवं पहचान)
   छन्द– चौपाई एवं दोहा (लक्षण एवं उदाहरण)
   शब्दालंकार– अनुप्रास, यमक, श्लेष (परिभाषा, उदाहरण एवं पहचान)
5. हिन्दी व्याकरण तथा शब्द रचना 5×1=5
   वर्तनी तथा विराम चिह्न
   शब्द रचना–तद्भव, तत्सम, विलोम, पर्यायवाची
   समास– अव्ययीभाव, तत्पुरुष
6. संस्कृत व्याकरण– 4×1=4
   सन्धि–गुण, दीर्घ
   शब्दरूप–राम, हरि, भानु, अस्मद्।
   धातुरूप–गम्, भू, कृ, (लट्, लोट, विधिलिंग, लङ तथा लृटलकार)

खण्ड–ब **पूर्णांक–50**

(वर्णनात्मक प्रश्न)

1.	गद्य हेतु निर्धारित पाठ्यवस्तु से गद्यांश पर आधारित तीन प्रश्न	3×2=6
2.	काव्य हेतु निर्धारित पाठ्यवस्तु से पद्यांश पर आधारित तीन प्रश्न	3×2=6
3.	संस्कृत हेतु निर्धारित पाठ्यवस्तु से	
(क)	गद्यांश–संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद	1+3=4
(ख)	पद्यांश–संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद	1+3=4
4.	निर्धारित एकांकी से (कथानक, चरित्र–चित्रण एवं तथ्याधारित प्रश्न)	5×1=5
5.	निर्धारित पाठ के लेखकों एवं कवियों का जीवन परिचय एवं रचनाएं	4+4=8
6.	पाठ्यवस्तु से एक श्लोक जो प्रश्नपत्र में न आया हो	2×1=2
7.	संस्कृत के निर्धारित पाठों पर आधारित दो प्रश्नों का संस्कृत में उत्तर	2+2=4
8.	मुहावरे एवं लोकोक्तियां– अर्थ एवं वाक्य प्रयोग	2×1=2
9.	हिन्दी के दो सरल वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद	2+2=4
10.	पत्र लेखन (प्रार्थना पत्र)	5×1=5

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

निर्धारित पाठ्य वस्तु–(गद्य)

पाठ	**लेखक**
बात	प्रताप नारायण मिश्र
स्मृति	श्रीराम शर्मा
ठेले पर हिमालय	धर्मवीर भारती
मंत्र	प्रेमचन्द
गुरूनानक देव	हजारी प्रसाद द्विवेदी
गिल्लू	महादेवी वर्मा
निष्ठामूर्ति कस्तूरबा	काका कालेलकर
तोता–	रवीन्द्र नाथ टैगोर
सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम	

निर्धारित पाठ्य वस्तु–(काव्य)

कबीर	साखी
मीराबाई	पदावली
रहीम	दोहा
जयशंकर प्रसाद	पुनर्मिलन
भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	प्रेम माधुरी
सूर्यकान्त त्रिपाठी ''निराला''	दान
मैथिलीशरण गुप्त	पंचवटी
हरिवंश राय बच्चन	पथ की पहचान
संत रैदास	प्रभु जी तुम चन्दन हम पानी
नागार्जुन	बादल को घिरते देखा
सोहन लाल द्विवेदी	उन्हें प्रणाम
केदार नाथ अग्रवाल	अच्छा होता
शिव मंगल सिंह सुमन	युगवाणी

निर्धारित पाठ्य वस्तु—(संस्कृत)

वन्दना, पुरुषोत्तमः रामः, सुभाषितानि, परमहंस—रामकृष्ण, कृष्णः गोपाल नन्दनः, सदाचारः सिद्धिमन्त्रः।

निर्धारित एकांकी—

दीपदान	राम कुमार वर्मा
लक्ष्मी का स्वागत	उपेन्द्र नाथ ''अश्क''
व्यवहार	सेठ गोविन्द दास
सीमा रेखा	विष्णु प्रभाकर
नये मेहमान	उदय शंकर भट्ट

विषय—प्रारम्भिक हिन्दी

कक्षा—9

खण्ड—अ **पूर्णांक—20**

बहुविकल्पीय प्रश्न

1.	हिन्दी गद्य के विकास का संक्षिप्त परिचय (भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग)	3×1=3
2.	हिन्दी पद्य के विकास का संक्षिप्त परिचय (आदिकाल, भक्तिकाल)	3×1=3
3.	सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम— (सड़क सुरक्षा में केवल ज्ञानात्मक एवं बोधात्मक आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछें जायेगें)।	2×1=2
4.	काव्य सौन्दर्य के तत्व— रस—श्रृंगार एवं वीर (परिभाषा, एवं उदाहरण) छन्द—चौपाई एवं दोहा (परिभाषा, एवं उदाहरण) अलंकार— अनुप्रास, यमक, श्लेष (परिभाषा, एवं उदाहरण)	3×1=3
5.	हिन्दी व्याकरण तथा शब्द रचना— वर्तनी तथा विराम चिह्न शब्द रचना—तद्भव, तत्सम, विलोम, पर्यायवाची समास—अव्ययीभाव, तत्पुरुष	5×1=5 —
संस्कृत व्याकरण—	सन्धि—गुण, दीर्घ शब्दरूप—राम, हरि, भानु, अस्मद् धातुरूप—गम्, भू, कृ, (लट्, लोट, विधिलिंग, लङ तथा लृटलकार)	4×1=4

खण्ड—ब **पूर्णांक—50**

(वर्णनात्मक प्रश्न)

1.	गद्य हेतु निर्धारित पाठ्यवस्तु से गद्यांश पर आधारित तीन प्रश्न	3×2=6
2.	काव्य हेतु निर्धारित पाठ्यवस्तु से पद्यांश पर आधारित तीन प्रश्न	3×2=6
3.	संस्कृत हेतु निर्धारित पाठ्यवस्तु से	
(क)	गद्यांश—संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद	1+3=4
(ख)	पद्यांश—संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद	1+3=4
4.	निर्धारित एकांकी से (कथानक, चरित्र—चित्रण एवं तथ्याधारित प्रश्न)	5×1=5
5.	निर्धारित पाठ के लेखकों एवं कवियों का जीवन परिचय एवं रचनाएं	4+4=8
6.	पाठ्यवस्तु से एक श्लोक जो प्रश्नपत्र में न आया हो	2×1=2
7.	संस्कृत के निर्धारित पाठों पर आधारित दो प्रश्नों का संस्कृत में उत्तर	2+2=4
8.	मुहावरे एवं लोकोक्तियां— अर्थ एवं वाक्य प्रयोग	2×1=2
9.	हिन्दी के दो सरल वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद	2+2=4
10.	पत्र लेखन (प्रार्थना पत्र)	5×1=5

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन–

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

निर्धारित पाठ्य वस्तु–(गद्य)

पाठ	**लेखक**
बात	प्रताप नारायण मिश्र
मंत्र	प्रेमचन्द
गुरुनानक देव	हजारी प्रसाद द्विवेदी
गिल्लू	महादेवी वर्मा
निष्ठामूर्ति कस्तूरबा	काका कालेलकर
तोता	रवीन्द्र नाथ टैगोर
सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम	

निर्धारित पाठ्य वस्तु–(काव्य)

कबीर	साखी
मीराबाई	पदावली
रहीम	दोहा
भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	प्रेम माधुरी
मैथिलीशरण गुप्त	पंचवटी

निर्धारित पाठ्य वस्तु–(संस्कृत)

वन्दना, पुरुषोत्तमः रामः, सुभाषितानि, परमहंस–रामकृष्ण, कृष्णगोपालः नन्दनः, सिद्धिमन्त्र, सदाचारः।

निर्धारित एकांकी–

दीपदान	राम कुमार वर्मा
लक्ष्मी का स्वागत	उपेन्द्र नाथ ''अश्क''
व्यवहार	सेठ गोविन्द दास
सीमा रेखा	विष्णु प्रभाकर
नये मेहमान	उदय शंकर भट्ट

Class –IX

Syllabus–English

There will be one question paper of **70 marks**. Internal Assessment will be for **30 marks**.

Reading **10 marks**

1. One short unseen passage followed by three MCQs. 3x1=3
2. One unseen passage followed by three very short answer type questions. 3x2=6
   And one vocabulary based question 1

Writing Skills **10 marks**

3. Letter (formal/informal)/Application . 4
4. Descriptive paragraph/Report/ Article (based on given verbal/figurative input)in about 80-100 words. 6

Grammar **15 marks**

5. Five MCQs based on parts of speech, tenses, articles, reordering of sentences, spellings. 5x1=5
6. Three very short answer type questions based on narration, voice, punctuation. 3x2=6
7. Translation of a short passage from Hindi to English. 4

Literature **35 marks**

Beehive (23 marks)

Prose (15 marks)

8. Two MCQs based on the given extract. 2x1=2
9. Three MCQs based on lessons. 3x1=3
10. Two short answer type questions in about 30-40 words each. 2x3=6
11. One long answer type question in about 60 words. 4
12.

Poetry (08 marks)

12. Two MCQs based on the given extract. 2x1=2
13. One short answer type question based on poetry lessons in about 30-40 words . 3

or

Four lines from any poem prescribed in the syllabus

14. Central idea of the given poem. 3

Moments (12 marks)

15. Five MCQs based on prescribed lessons. 5x1=5
16. One short answer type question in about 30-40 words. 3
17. One long answer type question in about 60 words. 4

Prescribed books and Lessons

Beehive (Text Book)

Prose –

1.	The Fun They Had –	Isaac Asimov
2.	The Sound of Music	
	I. Evelyn Glennine –	Deborah Cowley
	II. Bismillah Khan	
3.	The Little Girl –	Katherine Mansfield
4.	A Truly Beautiful Mind	
5.	The Snake and the Mirror	Vaikom Muhammad Basheer
6.	My Childhood –	A.P.J. Abdul Kalam
7.	Reach for the Top	
	(I) Santosh Yadav	
	(II) Maria Sharapova	
8.	Kathmandu –	Vikram Seth
9.	If I were you –	Douglas James

Poetry –

1.	The Road Not Taken –	Robert Frost
2.	Wind –	Subramania Bharati
3.	Rain on the Roof –	Coates Kinney
4.	The Lake Isle of Innisfree –	William Butler Yeats
5.	A Legend of the Northland –	Phoebe Cary
6.	No Men Are Foreign –	James Kirkup
7.	On Killing a Tree –	Gieve Patel
8.	A Slumber Did My Spirit Seal –	William Wordsworth

Moments (Supplementary Reader) –

1.	The Lost Child –	Mulk Raj Anand
2.	The Adventures of Toto –	Ruskin Bond
3.	Iswaran the Storyteller –	R.K. Laxman
4.	In the Kingdom of Fools –	A.K. Ramanujan
5.	The Happy Prince –	Oscar Wilde
6.	Weathering the Storm in Ersama-	Harsh Mander
7.	The Last Leaf –	O Henry
8.	A House is not a Home –	Zan Gaudioso
9.	The Beggar –	Anton Chekhov

Words & Expression [Eng. Work book]

For the Academic Session 2024-25

The internal assessment should be conducted as follows:-

1. First Internal Assessment (Oral Expression Based) August	**10 Marks**
2. Second Internal Assessment(Creative Writing Based) December	**10 Marks**
Four Monthly Tests-	**10 Marks**
1. First Monthly Test (MCQs Based)	May
2. Second Monthly Test (Descriptive Questions Based)	July
3. Third Monthly Test (MCQs Based)	November
4. Fourth Monthly Test (Descriptive Questions Based)	December

The Sum of the marks obtained in all the four monthly Tests should be converted into **10 Marks.**

विषय–संस्कृत
(कक्षा–9)

एक प्रश्न–पत्र 70 अंकों का तथा समय 03 घण्टे होगा।

इस विषय में 70 अंकों की लिखित परीक्षा होगी तथा 30 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा। सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न-पत्र में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का भी उल्लेख होगा तथा उसके उत्तर के रूप में तीन या चार उत्तर प्रश्न-पत्र में अंकित होंगे। उनमें से एक शुद्ध उत्तर होगा। उसका उल्लेख पुस्तिका में छात्र को अंकित करना होगा तथा उनका अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

खण्ड 'क' (गद्य, पद्य तथा आशुपाठ)	**(35 अंक)**
गद्य	**11 अंक**
1–गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद	4 अंक
2–पाठ सारांश (अधिकतम 80 शब्द)	4 अंक
3–बहुविकल्पीय प्रश्न	1x3=3 अंक
पद्य	**15 अंक**
1–लोक की हिन्दी में व्याख्या	4 अंक
2–सूक्ति की हिन्दी में व्याख्या	3 अंक
3–श्लोक का संस्कृत में अर्थ	4 अंक
4–बहुविकल्पीय प्रश्न	1x4=4 अंक
आशुपाठ–	**9 अंक**
1–पात्रों का चरित्र–चित्रण (हिन्दी में)	6 अंक
2–बहुविकल्पीय प्रश्न	1x3=3 अंक
खण्ड 'ख' (व्याकरण, अनुवाद, रचना)	**(35 अंक)**
व्याकरण–	
1–माहेश्वर सूत्र एवं वर्णों का उच्चारण स्थान	3 अंक
2–सन्धि––स्वर एवं व्यंजन सन्धियों का परिचय।	3 अंक
3–शब्द रूप	03 अंक
4–धातुरूप–	03 अंक
5–समास—समास की सामान्य परिभाषा एवं विग्रह सहित उदाहरण–	03 अंक
6–कारक–समस्त कारकों एवं विभक्तियों का सामान्य परिचय।	03 अंक
7–उपसर्ग का सामान्य परिचय।	02 अंक
अनुवाद–	
हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद।	06 अंक
रचना–	
1–पत्रलेखन।	05 अंक
2–संस्कृत शब्दों का संस्कृत वाक्यों में प्रयोग।	04 अंक

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें–

निम्नलिखित पाठ्य–पुस्तकों के सम्मुख अंकित पाठ्यवस्तु (माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित अंश/पाठ का अध्ययन करना होगा)

संस्कृत गद्य भारती–

संस्कृत गद्य साहित्य का विकास

माङ्गलिकम्।

1–अस्माकं राष्ट्रियप्रतीकानि।

2–आदिकविः वाल्मीकिः।

3–बन्धुत्वस्य सन्देष्टा रविदासः।

4–आजादः चन्द्रशेखरः।

5–भारतवर्षम्।

6–परमवीरः अब्दुलहमीदः।

7–पुण्यसलिला गङ्गा।

8–पर्यावरणशुद्धिः।

9–अन्तरिक्षं विज्ञानम्।

10–भारतीय संविधानस्य निर्माता डॉ0 भीमराव रामजी आंबेडकरः।

संस्कृत पद्य पीयूषम्–

मंगलाचरणम्।

1–रामस्य पितृभक्ति।

2–सुभाषितानि।

3–अन्योक्ति–मौक्तिकानि।

4–भारतदेशः।

5–नारी–महिमा।

6–क्रिंयाकारक–कुतूहलम्।

7–नीतिनवनीतम्।

8–यक्षयुधिष्ठिर संलापः।

9–आरोग्य साधनानि।

परिशिष्ट (टिप्पणी एवं पाठ सारांश)

संस्कृत कथा नाटक कौमुदी–

1–गार्गीयाज्ञवल्क्यसंवादः।

2–वत्सराजनिग्रहः।

3–न गङ्गदत्तः पुनरेति कूपम्।

4–शकुन्तलायाः पतिगृहगमनम्।

व्याकरण–

1–माहेश्वर सूत्रों के आधार पर स्वर एवं व्यंजन का सामान्य ज्ञान तथा स्वर एवं व्यंजन का सामान्य परिचय।

2–संधि–

1–स्वर संधि– अकःसवर्णे दीर्घः, आद्गुणः, वृद्धिरेचि, इकोयणचि, एचोऽयवायावः।

2–व्यंजन संधि– स्तोः श्चुना श्चुः, टुना टुः, झलां जशोऽन्ते।

3–शब्द रूप–

पुंलिङ्ग–राम, हरि, गुरु।

स्त्रीलिङ्ग–रमा, मति, वाच्।

सर्वनाम–सर्व, तद्, युष्मद्, अस्मद्,

1 से 10 तक के संख्या शब्दों का ज्ञान।

4—धातुरूप— (लट्, लृट्, लोट्, लङ्, तथा विधिलिङ् लकारो में)—
परस्मैपद—पठ्, गम्, अस्, शक्, प्रच्छ्।
आत्मनेपद— लभ्।
उभयपद— याच्, ग्रह्, कथ्।
5—समास—समास की सामान्य परिभाषा एवं विग्रह सहित उदाहरण—
तत्पुरुष, कर्मधारय, द्वन्द्व।
6—कारक—समस्त कारकों एवं विभक्तियों का सामान्य परिचय।
7—उपसर्ग का सामान्य परिचय।

8—अनुवाद—
हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद।
रचना—
1—पत्रलेखन।
2—संस्कृत पदों का वाक्यों में प्रयोग।

आन्तरिक मूल्यांकन— **अंक 30**

शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन—

1—प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा— (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2—द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3—चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

कक्षा—9
विषय—उर्दू

उर्दू विषय में 70 अंक का लिखित प्रश्न-पत्र होगा तथा 30 अंक का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

उर्दू विषय में 70 अंक का एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

खण्ड (अ) पूर्णांक—35

1—व्याकरण और प्रयोग **9 अंक**

व्याकरण के केवल उसी तत्व पर बल दिया जायेगा जो भाषा के प्रयोगात्मक ज्ञान और उसके सम्भाषण एवं लेखन में प्रयोग हो। व्याकरण का अध्ययन एक विषय के रूप में अनिवार्य नहीं है परन्तु छात्रों को कक्षा में पाठों को पढ़ाते समय भाषा में व्याकरण के महत्व तथा उसके सही प्रयोग का ज्ञान साथ ही छात्रों को इसके अनुवाद तथा उसके संगठन का सही अध्ययन कराना चाहिए।

2— **पद्य** **9 अंक**
(गजल, मसनवी, रूबाई)

3— **रचना**
(अ) निबन्ध लेखन (सामान्य रुचि के विषयों पर) **5 अंक**
(ब) पत्र लेखन (व्यक्तिगत और आवेदन—पत्र 150 शब्दों तक।) **5 अंक**

4— अपठित ज्ञान (150 शब्द) **7 अंक**

खण्ड (ब) पूर्णांक–35

1– **गद्य** **14 अंक**

(1) मीर अम्मन–सैर चौथे दरवेश की

(2) गालिब (खुतूत) (1) मिर्जा अलाउद्दीन अहमद खान अलाई के नाम

(2) मीर महदी मजरूह के नाम

(3) मुंशी हरगोपाल तफता के नाम

(3) सर सैयद अहमद खान–बहस–ओ तकरार

(4) मुहम्मद हुसैन आजाद (1) मिर्जा मजहर जाने जानाँ

(2) सैयद मुहम्मद मीर सोज

(5) डिप्टी नजीर अहमद– फहमीदा और बड़ी बेटी नईमा की लड़ाई

(6) अलताफ हुसैन हाली– मिर्जा गालिब के हालात

(7) रतन नाथ सरशार– (1) मेहरी का सरापा

(2) रेल का सफर

(ब) निर्धारित गद्य पुस्तक के लेखकों की जीवनी तथा साहित्य में उनके योगदान के बारे में ज्ञान। **4 अंक**

2–**पद्य** **12 अंक**

गजलः–

1–वली दकिनी– आज दिस्ता है हाल कुछ का कुछ

2–सौदा–जो गुजरी मुझ पे मत उस से कहो, हुआ सो हुआ

3–मीर तकी मीर–(1) उल्टी हो गई सब तदबीरें कुछ न दवा ने काम किया

(2) हस्ती अपनी हबाब की सी है

4–दर्द (1) जी में है सैरे अदम कीजिएगा

(2) तू अपने दिल से गैर की उलफत न खो सका

5–आतिश– बदन सा शहर नहीं दिल सा बादशाह नहीं

6–ज़ौक़– उसे हमने बहुत ढूँढा न पाया

7–गालिब–(1) यह न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता

(2) हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले

8–मोमिन–वोह जो हममे तुममे करार था तुम्हें याद हो कि न याद हो

9–दाग– खातिर से या लिहाज से मै मान तो गया

मसनवी–मीर हसन

रूबाई–मीर अनीस व हाली

(ब) निर्धारित पद्य पुस्तक के कवियों की जीवनी तथा साहित्य में उनके योगदान के बारे में ज्ञान। **5 अंक**

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा) **अगस्त माह** **10 अंक**

2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा) **दिसम्बर माह** **10 अंक**

3–चार मासिक परीक्षाएं **10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–गुजराती
(कक्षा–9)

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्नपत्र तीन घंटे का होगा।

भाग (अ) 35 अंक

1–व्याकरण	**15**
(क) शब्द भेद की पहचान	05
(ख) शब्द का पर्याय एवं विपरीत अर्थ	05
(ग) सन्धि	05
2–रचना–	**15**
(अ) दिये हुये विषय पर एक वाक्य खण्ड का लेखन	10
या	
दिये हुये बिन्दुओं से एक कहानी निरूपित करना	
(ब) पत्र लेखन (व्यक्तिगत)	05
3–अपठित गद्य खंड का ज्ञान	**05**
(विवरणात्मक और वर्णनात्मक)	

भाग (ब) 35 अंक

1–गद्य (पाठ्य पुस्तक पर आधारित लघु प्रश्न)	15
2–पद्य सन्दर्भ सहित (व्याख्या तथा कविता का भाव)	10
3–सहायक पुस्तक (स्वाध्ययन)	10
(सामान्य प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगे)	

निर्धारित पुस्तक

1–गुजराती वाचन माला स्टैन्डर्ड 9, 1992 संस्करण, प्रकाशक–गुजराती राज्यशाला पाठ्य–पुस्तक मण्डल, पुराना विधान सभा गृह, सेक्टर 17, गांधीनगर, गुजरात।

गद्य–निम्नांकित पाठ पढ़ने होंगे–

पाठ संख्या–

2–कुण्डी–जी0 ब्रेकर
4–सुवर्मापूनों अतिथि–जी0 त्रिपाठी
6–आवा रे आमे आवा–बकुले त्रिवेदी
10–प्रिटोरिया जतन–गांधी जी
14–वचन–मणी लाल द्विवेदी
16–स्वर्ग अने पृथ्वी–स्नेही रश्मी
18–नाना भाई–दर्शक
22–अखा न उन्डन–आर0 बी0 देसाई
23–खातू दोषी–दिलीप रनपुरा
25–अविराम में युद्ध–धूमकेतु

पद्य–निम्नांकित पाठ पढ़ने होंगे–

1–प्रथम परनाम मोरा–आर0 बी0 पाठक
5–नानुन सरमुख गोकालियम–नारिन्हा मेहता
7–अटारिया–बाल मुकुन्द देव
9–बंशीवाला/आणों मारा देश–मीराबाई
15–बनो फोटोग्राफ–सुन्दरम्
19–यारी बाला–हरिन्द दूबे
31–दुही मुकतक हैकू–दलपत राम इत्यादि

सहायक पुस्तक (स्वाध्ययन)

4–आबू चाचा (गद्य)–माधव रामानुज
11–धुवांधार (गद्य)–काका कालेलकर
12–स्वतंत्रता (पद्य)–हशित बच

आन्तरिक मूल्यांकन **अंक 30**

शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक दो माह में–(अन्तिम सप्ताह में)

प्रथम–अगस्त माह में – अंक 10– वाचन (वाद–विवाद, भाषण, विचाराभिव्यक्ति आदि)
द्वितीय–अक्टूबर माह में –अंक 10 – (व्याकरण सम्बन्धी)
तृतीय–दिसम्बर माह में–अंक 10–सृजनात्मक (नाटक, कहानी, व्यक्ति पत्र लेखन, अपठित आदि)

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**
• प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	मई माह	
• द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	जुलाई माह	
• तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	नवम्बर माह	
• चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	दिसम्बर माह	

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

पंजाबी

कक्षा–9

इसमें 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

भाग (एक)

पूर्णांक 35 अंक

पद्य पाठ– **20 अंक**

1–प्रसंग–अर्थ एवं भाव अर्थ

2–कविता का सारांश

3–किसी कवि से सम्बन्धित प्रश्न

गद्य पाठ– **15 अंक**

1–कहानी, एकांकी, जीवनी, सफरनामा, निबन्ध

2–विषय वस्तु प्रश्न

भाग (दो) **35 अंक**

व्याकरण–

1–मुहावरे और लोकोक्तियां	03
2–शुद्ध–अशुद्ध	02
3–वाक दण्ड	03
4–समानार्थक शब्द	03
5–विलोम शब्द	02
6–विराम चिन्ह	02
7–अनुवाद–(क) हिन्दी से पंजाबी	04
(ख) पंजाबी से हिन्दी	04
8–निबन्ध प्रचलित विषयों पर	08
9–पत्र लेखन (व्यक्तिगत–पत्र, आवेदन–पत्र एवं प्रार्थना–पत्र)	04

निर्धारित पाठ्य–पुस्तकें–

1–गद्य–पद्य (भाग–एक)	गुरूवचन सिंह
2–कहानी (एकांकी)	हरिसरण कौर
3–पंजाबी व्याकरण लेख रचना	ज्ञानी लाल सिंह

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–बंगला
कक्षा–9

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

भाग "अ" 35 अंक

व्याकरण–

(1) बंगला भाषा का स्पष्ट उच्चारण–स्वर एवं उसके प्रकार	4 अंक
मुख्य शब्दों के भेद–	4 अंक
स्वर सन्धि–	4 अंक
समास (तत्पुरुष, द्वन्द्व और द्विगु)–	6 अंक
प्रत्यय, मुहावरे तथा लोकोक्ति–	5 अंक
सरल वाक्य परिवर्तन (स्वीकारात्मक, नकारात्मक, प्रश्नवाचक, विधि सूचकवाक्य)–	5 अंक
(2) रचना	
(1) विभिन्न प्रकार के पत्र लेखन (औपचारिक तथा अनौपचारिक)–	4 अंक
(2) विचारों का संक्षिप्तीकरण अथवा विस्तार–	3 अंक

भाग "ब" 35 अंक

1–गद्य (विस्तृत अध्ययन)

(क) पठित खण्ड पर सामान्य प्रश्न–	5 अंक
(ख) दिये गये खण्ड की व्याख्या–	5 अंक
(ग) संक्षिप्त विवरण (उद्देश्य एवं लाक्षणिक और भाव के संदर्भ में)–	3 अंक

निर्धारित पुस्तकें–पाठ संकलन (गद्य भाग केवल) संस्करण सन् 1987 प्रकाशक बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन वेस्ट बंगाल कलकत्ता

निम्नलिखित पाठ पढ़ने होगें

(i) भरत और दुष्यन्त मिलन

(ii) पालमोर पथे

(iii) राज सिंह और मानिक लाल

(iv) विद्या सागर

(v) पल्ली समाज

(vi) अपुर कल्पना

(vii) यात्रा पथे

(viii) भारत वर्तमान और भविष्य

2—उपन्यास

अम अन्तीर भेपू—विभूतिभूषण बनर्जी, बनर्जी प्रकाशन सिंगनेटा प्रेस पाप एक बालपुर कलकत्ता—23

(क) सामान्य प्रश्न— 5 अंक

व्याख्या— 5 अंक

संक्षिप्त विवरण— 2 अंक

जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं ट्रैफिक रूल्स की जानकारी हेतु प्रश्न निबन्ध रूप में पूछे जायेंगे।

3— पद्य

(1) रामेर विलाप
(2) दिनादिन
(3) छात्र दलेर गान
(4) भोरई
(5) छात्र धारा
(6) नकसी कोथार माठ
(7) लोहार व्यथा

सार संक्षेप और प्रश्न—

व्याख्या— 5 अंक

तथा संक्षिप्त विवरण 3+2=5 अंक

निर्धारित पुस्तकें—पाठ संकलन (पद्य भाग केवल)— 1987 संस्करण बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजूकेशन पश्चिम बंगाल कलकत्ता द्वारा प्रकाशित।

शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1—प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा— (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2—द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3—चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय—मराठी
कक्षा—9
केवल प्रश्न—पत्र

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा।

पूर्णांक **100 अंक**

भाग (अ) **35 अंक**

1—व्याकरण—

(क) शब्द भेद का ज्ञान। **15 अंक**

(ख) पर्यायवाची तथा विपरीतार्थक **15 अंक**

2—रचना— **15 अंक**

(क) सामान्य विषयों पर पैराग्राफ लेखन

(ख) सामान्य विषयों पर पत्र—लेखन

3—अपठित गद्य खण्ड का ज्ञान— **05 अंक**

भाग–(ब) **35 अंक**

1–गद्य– **15 अंक**

(क) पाठ्य–पुस्तक पर आधारित संक्षिप्त प्रश्न
(ख) व्याख्या

निर्धारित पुस्तकें
कुमार भारती–1994

निम्नलिखित पाठों का अध्ययन करना होगा–

पाठ	**लेखक का नाम**
(2) सेती साथी पानी	महात्मा फूले
(4) कालेकेश	एन0एस0 फड़के
(5) एक अपूर्ण संध्या	एन0बी0 गाडगिल
(6) एक एकचावेद	पी0के0 अत्रे
(9) निरवार	कुसुमावती देष पाण्डेय
(11) कर्मवीररांच्या अठवानी	पी0जी0 पाटिल
(13) मषी वेडमेनटेन्ची साधना	नन्दू नाटेकर
(14) बंगाला	प्रकाश मोरे
(17) सौर ऊर्जा	निरन्जन घाटे

2–**पद्य–** **10 अंक**

(क) सन्दर्भ व्याख्या
(ख) पद्य का भाव

पाठ्य पुस्तक

भारतीय (1994) में से निम्नलिखित कविताओं का अध्ययन करना है–

पाठ	**कवि का नाम**
1–नमंदेवानची अभंगवानी	नामदेव
4–तुकारामची अभंग	तुकाराम
5–षक्ति गौरव	रामदास
8–वात चक्र	केशव सूत
9–निजाल्या तीन हावरी	बी0 आर0 ताम्बे दत्ता
10–प्रतिभाविहंग	

3–लघु कहानियां– 10 **अंक**

(निर्धारित कहानी में से पांच लघु उत्तरीय प्रश्न का उत्तर)
निम्नलिखित कहानी का अध्ययन करना है–

कहानी	**कवि का नाम**
7–जिस्यातिल जुन्जा	दामू धोत्रे
15–धूने	आर0 आर0 बोराउ
16–संतराची प्रति सरकार	कुमार केतकर

निर्धारित पाठ्य–पुस्तक गद्य, पद्य और कहानियां
कुमार भारती (कक्षा 9 के लिए) 1994 संस्करण

प्रकाशक–महाराष्ट्र स्टेट सेकेन्डरी एजूकेशन बोर्ड, पुणे।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन निम्नवत् कराये जाने की संस्तुति की जाती है:–

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह

- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय—असमी

कक्षा—9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र होगा तथा समयावधि तीन घण्टे होगी। पूर्णांक 70 अंक

भाग (अ) 35 अंक

1—व्याकरण— 15 अंक

(क) मुख्य शब्द भेद
(ख) वाक्य संरचना में प्रयुक्त अशुद्धियों को चिन्हित करना
(ग) लोकोक्तियों एवं मुहावरों का प्रयोग
(घ) विराम चिन्हों का प्रयोग

2—रचना— 20 अंक

(क) सामान्य विषयों पर निबन्ध लेखन 12
(ख) सामान्य विषयों पर पत्र लेखन 8

संदर्भ पुस्तक—

1—वहल व्याकरण—ले0 सत्यनाथ वोरा, बरूआ एजेंसी गुवाहाटी 78100
2—असमियां भाषा बीदिका—ले0 प्रियदास तालुकदार, प्रकाशक—एल0बी0एस0 प्रकाशन, अम्बारी गुवाहाटी—78100
3—असमियां रचना विधि—ले0 प्रधानाचार्य गिरधर शर्मा, प्राप्ति स्थान, आसाम बुक डिपो गुवाहाटी

भाग (ब) 35 अंक

1—पद्य— 15 अंक

(क) निर्धारित खण्ड की व्याख्या 6
(ख) निर्धारित पुस्तक से सामान्य प्रश्न 9

गद्य एवं पद्य के लिए निर्धारित पुस्तक

माध्यमिक साहित्य चयन प्रकाशक आसाम स्टेट टेक्स्ट बुक, प्रोडक्शन एण्ड पब्लिकेशन लिमिटेड गुवाहाटी 78002।

निम्नलिखित पद्य का अध्ययन करना होगा—

1—ककुती 2—बाबाजुग 3—मंगलारगीत 4—जिकिट अख्जारी

2—गद्य— 15 अंक

1—पठित खण्ड की व्याख्या 6
2—संक्षिप्त विवरण (निर्धारित पुस्तक से पौराणिक, ऐतिहासिक, लाक्षणिक तकनीकी या भावात्मक संदर्भ में)। 3
3—पठित खण्ड से सामान्य प्रश्न 6

निम्नलिखित गद्य पाठों का अध्ययन करना होगा—

1—भोकेन्द्र बरूआ
2—वैज्ञानिक दृष्टिभगी और जन संयोग
3—आसामारा जानाखातिर गढ़ानी और संस्कृति
4—गौरव

3—अविस्तृत अध्ययन— 5 अंक

निर्धारित पुस्तकें

पारिजात हरन खौर चीरधरा, पिम्पारा गोछवां नट द्वारा संकलित श्री जोगेश दास (लायर्स बुक स्टोर, गुवाहाटी)। केवल पारिजान हरन द्वारा श्री शंकर देव का अध्ययन किया जाना है।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन निम्नवत् कराये जाने की संस्तुति की जाती है:–

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–उड़िया

कक्षा–9 पूर्णांक–70

भाग–क **35 अंक**

1–व्याकरण **20 अंक**

(क) उड़िया भाषा का स्पष्ट उच्चारण स्वर और वर्गीकरण। 07 अंक

(ख) मुख्य शब्द भेद (स्वर, संधि, समास, द्वन्द्व और द्विगु) 07 अंक

(ग) वाक्य परिवर्तन (स्वीकारात्मक, नकारात्मक, प्रश्नवाचक) 06 अंक

2–रचना **15 अंक**

(क) पत्र लेखन–(औपचारिक एवं अनौपचारिक) 8 अंक

(ख) अपठित गद्यांश 7 अंक

भाग–ख **पूर्णांक–35**

गद्य–विस्तृत अध्ययन हेतु **18 अंक**

(क) पाठ्य पुस्तक पर आधारित सामान्य प्रश्न 06 अंक

(ख) पठित खण्ड की व्याख्या 06 अंक

(ग) संक्षिप्त विवरण–(उद्देश्य, लाक्षणिक, तकनीकी एवं भाव संदर्भ में) 06 अंक

निम्नलिखित गद्य पाठों का अध्ययन करना होगा–

1–जातीय जीवन
2–शिख्या ओ शासन
3–बामनर हात ओ आकाशार चन्द्र
5–प्रकृत बन्धु
6–ओड़िया साहित्य कथा
7–समुह दृष्टी

निम्नलिखित सहायक पुस्तकों में पठित अंश (गल्फों एवं एकांकी का) पाठों का अध्ययन करना होगा। **06 अंक**

1–बुढ़ा शंखारी
2–पतका उत्तोलन
3–डिमिरी फुलो
4–दल बेहेरा
5–दुरो पाहाड़

पद्य–(1) निर्धारित पद्य पाठों पर सामान्य प्रश्न **06 अंक**

(2) व्याख्या **05 अंक**

निम्नलिखित पद्य पाठों का अध्ययन करना होगा

1–काहा मुख अनाइ बंचिबि
2–हे मोर कलम
3–माणिष भाई
4–गोप प्रयाण
6–माटिर मणिष
5–पाइक बधुर उद्बोधन

गद्य, पद्य एवं गल्फों एकांकी के लिये निर्धारित पुस्तकें :–
प्रकाशक साहित्य–बोर्ड आफ सेकेन्डरी एजूकेशन उड़ीसा।
प्रकाशक–कटक पब्लिकेशन उड़ीसा

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**
• प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	मई माह	
• द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	जुलाई माह	
• तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	नवम्बर माह	
• चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	दिसम्बर माह	

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–कन्नड़
कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

भाग (अ) **35 अंक**

1–व्याकरण– 17

(क) निर्धारित पुस्तक के आधार पर वाक्य परिवर्तन
(ख) विराम चिन्हों का संशोधन
(ग) पर्यायवाची तथा विपरीतार्थक

व्याकरण का औपचारिक ज्ञान देते समय व्याकरण के कार्यकारी प्रयोग पर विशेष बल दिया जाना चाहिए ताकि छात्रों में भाषा व्याकरण की उपयोगिता का ज्ञान हो सके तथा भाषीय चातुर्य को बढ़ावा मिल सके।

2–रचना–

(क) व्यावहारिक एवं दैनिक जीवन एवं व्यावहारिक अनुभवों से सम्बन्धित टॉपिक पर पैराग्राफ लेखन 4
(ख) पत्र लेखन (व्यक्तिगत, व्यापारिक तथा कार्यालयीय सम्बन्ध में दैनिक जीवन के सन्दर्भ में) (15 पंक्ति से अधिक न हो)। 5

3–संक्षिप्त लेखन– 5

4–लोकोक्तियां एवं मुहावरे– 4

भाग (ब) **35 अंक**

निर्धारित पुस्तक–

कन्नड भारतीय–9, प्रकाशक–राव कर्नाटक पब्लिकेशन, पो0ओ0 बाक्स 5159 बंगलोर–1

(अ) गद्य (विस्तृत अध्ययन) 14

निम्नलिखित पाठ पढ़ना होगा–

(1) पाण्डुमलमाली
(2) श्री कृष्ण साधना
(3) आईस्टीन चित्र गलु
(4) मागू कालीसिदा पाठा
(5) कोडेथ विचार
(6) बूट पालिश
(7) बन्दुरीना हवलादा डन्डेगलू
(8) बेली युवा श्री मोलाकेयाली
(9) माया
(10) मरियाला गादा साम्राज्य
(11) वन्या जीबोगालू भट्टू परिसारा
(12) महारात्रि
(13) पंजारा पारोक्शी
(14) गम्भीरे

(ब) पद्य–

निम्नलिखित पाठों का अध्ययन किया जाना होगा– 14

(1) हचेबू कन्नडद दीपा
(2) चुटुकामल
(3) नन्नाहाडू
(4) बोडो बह्मे
(5) काला
(6) नन्ना हा अगेय
(7) बचन गालू
(8) डेन्कू बलाडा नायकारे
(9) बीसतु सुखस्रू सत्वम्
(10) नूनाखरावलेख

(स) अविस्तृत अध्ययन– 7

श्री शंकराचायारू–प्रकाशक, नेशनल बुक ट्रस्ट, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली

निम्न अध्याय का अध्ययन किया जाना है–

(1) जनाना माटूटू बलया
(2) कलातियन्डा काशीगे
(3) विजयायात्रे

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय– सिन्धी

कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

भाग (अ) **35**

अंक

1–व्याकरण– **12**

(क) काल और उसके प्रकार 4
(ख) वचन 4
(ग) लिंग 4

2– कहावतें एवं मुहावरे– 3+3=**6**

3–निबन्ध–निम्नलिखित विषयों में से 200 शब्दों तक एक निबन्ध **10**

(1) राष्ट्रीय पर्व
(2) सिन्धी त्योहार
(3) सिन्धी महापुरूष
(4) सिन्धी साहित्यकार

4–पत्र लेखन– **7**

दैनिक जीवन पर आधारित 10 से 15 पंक्तियों का एक पत्र

भाग (ब) **35**

1—गद्य— **13**

(क) निर्धारित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों में से एक प्रश्न 5

(ख) निर्धारित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों में से एक गद्यांश का प्रसंग संदर्भ, साहित्यिक सौन्दर्य सहित व्याख्या। 1+1+2+4=8

2—पद्य— **13**

(क) निर्धारित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित दो या तीन प्रश्न 6

(ख) निर्धारित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों में से एक पद्यांश का संदर्भ काव्यगत सौन्दर्य सहित व्याख्या। 1+2+4=7

3—कहानी—अडिब्रंगु, सोखिती, फुन्दणुयलुकहानीविसारियांन विषिरनि लेखक—लोकनाथु। 4+5=**9**

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें—

(1) व्याकरण, कहावतें, पदबन्ध, मुहावरे, निबन्ध तथा पत्र लेखन के लिए

मथ्यो सिन्धी व्याकरण (देवनागरी) ले0 दयाराम बंसणमल मीरचन्दानी, प्रकाशक सिन्धू ब्रह्मू शिक्षा सम्मेलन एवं देवनागरी सिन्धी सभा, मुम्बई।

प्राप्ति स्थान—(1) कमला हाईस्कूल—खार—मुम्बई—400052

(2) हिन्दुस्तान किताबघर—19—21 हमाम स्ट्रीट, मुम्बई

मथ्यो सिन्धी व्याकरण पुस्तक से फहाका 1 से 20 तक इस्तलाह एक से 20 तक तथा अदबीगुलदस्तों के पाठों के अन्त में अभ्यास के लिए दिए अंशों का अध्ययन भी किया जाना होगा।

(2) सहायक पुस्तक— सन्दर्भ के लिए—

सिन्धी भाषा (व्याकरण एवं प्रयोग) लेखन, प्रकाशक, विक्रेता—डा0 मुरलीधर जैतली, डी0 127 विवेक विहार, नई दिल्ली—95

(3) गद्य एवं पद्य के लिए—

अदवी गुलदस्तों—लेखक डा0 कन्हैया लाल लेखवाणी।

प्रकाशक एवं विक्रेता—निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान मानस गंगोत्री, विनोवा रोड, मैसूर।

''अदवी गुलदस्तों'' के गद्य भाग में 1 से 10 तक के पाठ एवं पद्य भाग 1 से 5 तक के पाठों का अध्ययन किया जाना होगा। सिन्धी—पद्य—कहानी के लिये पुस्तक विसरिया न विसरीन

संशोधित प्रकाशन स्थान—सिंधी वेलफेयर सोसायटी एस0जी0—1 राजपाल प्लाजा कानपुर रोड, आलमबाग, लखनऊ।

शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1—प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा— (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2—द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3—चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक परीक्षा के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक परीक्षा के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय—तमिल

कक्षा—9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा। **अंक 70**

खण्ड (अ) **35**

1—व्याकरण— 15

निम्नलिखित क्षेत्रों के पहचान हेतु प्रारम्भिक ज्ञान—

(i) EZHUTHU, Mathal and saarbu, Chattu and Vinnaamaatirai, Ezhuthu poli

(ii) PADAM, pabupadam, Pahaappadam and pabupede Urruppuhal Iyarsol, Tririsol and Tisaichol.

(iii) PUNARCHI, Vetrumai and Alvazhi punsrehi, Chattu and vina punarchi, Achsara, Punarchi and Kutriyaluhare, Pumarchi.

2–मुहावरें तथा लोकोक्तियां– 5

परिभाषा एवं प्रयोग–

(निम्नलिखित पुस्तक के पृष्ठ 135 और 154 तक में उल्लिखित मुहावरों का अध्ययन किया जाना है)

उपर्युक्त क्रम 1 और 2 हेतु सन्दर्भ पुस्तक–

तमिल इलाक्कानाम TAMIL (Ilakkanam) कक्षा–9 के लिए (संशोधित संस्करण 1992) प्रकाशक, तमिलनाडु Text Book सोसाइटी, मद्रास–6

3–रचना– 10

निबन्ध लेखन–दिए हुए बिन्दुओं पर (लगभग 100 शब्दों में)

या

दिए हुए विषय पर स्वतन्त्र रचना

4–अपठित गद्य खण्ड का ज्ञान 05

खण्ड (ब) **35**

5–पद्य– 15

तमिल टेक्स्ट बुक–कक्षा–9 के लिए (1994 संस्करण) प्रकाशक–तमिलनाडू टेक्स्ट बुक सोसाइटी, मद्रास–6

निम्नलिखित पद्य पढ़ना है–

Sec I-- Irai Vaszhthu

Sec II--1. Thirnkkural

2. Pazhamozhi

Sec III--1. Silppathika aram

Sec VI-- Marumalarchi Paadalgal

6–गद्य– 10

तमिल Text Book– कक्षा–9 के लिए (गद्य भाग) (1994 संस्करण) प्रकाशक–तमिलनाडू टेक्स्ट बुक सोसाइटी मद्रास–6

(पाठ 1 से 7 तक केवल पढ़ना है)

7–अविस्तृत अध्ययन– 10

Thiru VI-KA, Yuzhuum Theudum (1994 संस्करण) ले0 शक्ति वासन सुब्रमणियम प्रकाशक मेसर्स पारोनिलयस, 184 ब्राडवे, मद्रास–60000

(पाठ 1 से 10 कक्षा–9 में अध्ययन करना है)

पुस्तक की विषय वस्तु से प्रश्न पूछे जायेंगे–

(1) निबन्धात्मक 06

दो लघुस्तरीय 2+2=04

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–तेलुगू
कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र होगा तथा समयावधि तीन घण्टे होगी।

भाग (अ) **35 अंक**

1–व्याकरण–

निम्नलिखित का विस्तृत अध्ययन–

(क) समसकृता सनघुलू स्वर्ण, दीर्घ सन्धि, गुंण–सन्धि, वृद्धि सन्धि, यनादेशा सन्धि 6

(ख) तेलुगू संघुलू अकारा उकारा संघुलू 4

(ग) Nannar Dhaiu : Pakritivikriti, Vyutpatyardhaltu, Earyayapagalu. 8

2–लोकोक्ति और मुहावरे और उनका प्रयोग (अत्यधिक प्रचलित) 6
3–अपठित गद्य खण्ड (लगभग 100 शब्द) का ज्ञान 6
4–निबन्ध पैराग्राफ लेखन– 100 शब्द 5

भाग (ब) **35 अंक**

1–गद्य 15

तेलुगू वाचाकामू (Telugu Vachakammu) (कक्षा–9) प्रकाशक आन्ध्र प्रदेश सरकार (नया संस्करण 1987) निम्नलिखित का अध्ययन करना होगा।

1–स्वभाषा 2–सोभानाद्री 3–शकुना पारीपानानाम
4–समसकृति 5–गुरूदेयडडू रवीन्द्रूडू 6–जनपद गयाकुलू
7–देवालपालू 8–इवारू गोप्पा

2–पद्य– 10

द तेलुगू वाचाकामू (The Telugu Vachakammu) (कक्षा–9) प्रकाशक आन्ध्र प्रदेश सरकार (नया संस्करण 1987) निम्नलिखित पाठों का अध्ययन करना होगा।

1–राजाधर्माम 2–पार्वतीतपासू
3–भाष्करा 4–इन्दी व्यारक्ससूती वृतान्तम्
5–शिवाजी सौसाल्यामू 6–वृद्ध देवूनी पुनराहवानामू
7–समुद्र मन्थानाम्र।

3–अविस्तृत अध्ययन हेतु– 10

तेलुगू उपवाचकामू (Telugu Upvachakammu) (कक्षा–9) आन्ध्र केशरी आन्ध्र प्रदेश सरकार (नया संस्करण 1987) दो निबन्धात्मक प्रश्न पाठ्य पुस्तक से पूंछे जायेंगे।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा) **अगस्त माह** **10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा) **दिसम्बर माह** **10 अंक**

3–चार मासिक परीक्षाएं **10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–मलयालम

कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

भाग (अ) **35 अंक**

1–व्याकरण 15

(1) कतृवाच्य और कर्मवाच्य परिवर्तन
(2) वाक्य संशोधन
(3) शब्द अध्ययन
(4) विपरीतार्थक एवं पर्यायवाची शब्द

व्याकरण का औपचारिक ज्ञान देते समय व्याकरण के कार्यकारी प्रयोग पर विशेष बल दिया जाना चाहिए ताकि छात्रों में भाषा व्याकरण की उपयोगिता का ज्ञान हो सके तथा भाषा चातुर्य को बढ़ावा मिल सके।

2–रचना– 20

(क) मुहावरे तथा लोकोक्तियां 4
(ख) पत्र लेखन (दैनिक जीवन से सम्बन्धित व्यक्तिगत तथा कार्यालयी प्रकरणों पर) 5
(ग) पैराग्राफ राइटिंग (दैनिक जीवन से सम्बन्धित) 7
(घ) सार लेखन 4

भाग (ब) **35**

1–गद्य 13

केरला पाठावली–वाल्यूम संख्या (09) 1992 संस्करण (केवल गद्य भाग)
प्रकाशक–शिक्षा विभाग, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम।
निम्नांकित पांच पाठों का अध्ययन करना–
(1) मथरू देवो भव
(2) पाटाचोनची चोरू
(3) इका लोकम
(4) यशुदेवन
(5) स्वातिपुत सम्निधीइल

2–पद्य– 13

केरला पाठावली–वाल्यूम संख्या (09) 1992 संस्करण (केवल पद्य भाग)
प्रकाशक–शिक्षा विभाग, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम।
निम्नांकित पांच पद्यों का अध्ययन किया जाना है––
(1) काव्यनार्णाकी
(2) शिष्यानम मकनम
(3) अवानीपघम
(4) अपहस्थान्या सुयोधनम्
(5) वालूथवानम

3–अविस्तृत अध्ययन हेतु (संक्षिप्त कहानियों का संकलन)– 09

निर्धारित पुस्तक

उर्मिला (1987 संस्करण)

प्रकाशक–शिक्षा विभाग, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)		**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)		**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं			**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय नेपाली

कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा।

भाग (अ) **35 अंक**

1–व्याकरण– 14

(क) शब्द उच्चारण और ध्वनि के अनुरूप परिवर्तन (स्वर, लय आदि)

(ख) शब्द भेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और अव्यय)

(ग) सरल वाक्यों की रचना

2–सन्दर्भ पुस्तक–

सरल नेपाली व्याकरण–ले0 राजनारायण प्रधान और जगत, क्षेत्रीय प्रकाशक श्याम ब्रदर्स चौक बाजार, दार्जिलिंग

(2) अपठित गद्यांश का ज्ञान जो खेल कूद, सामाजिक घटनाओं और पारिवारिक वातावरण पर आधारित होंगे। 7

3– रचना–

(क) पत्र लेखन– 7

(1) मित्र/सम्बन्धी को पारिवारिक विषय पर।

(2) अवकाश प्रार्थना–पत्र शुल्क मुक्ति प्रार्थना–पत्र तथा निर्धन छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में

(ख) निबन्ध लेखन– 7

सामाजिक समस्यायें, खेल–कूद, पारिवारिक वातावरण, राष्ट्रीय एकता, नैतिकता और पारिस्थितिक आदि के संदर्भ में।

भाग (ब) **35 अंक**

1–गद्य– 14

नैपाली साहित्य, सौरभ–प्रकाशक शिक्षा निदेशालय, पाठ्य पुस्तक अनुभाग, सिक्किम, गंगटोक अध्ययन के लिए पाठ–

निम्नलिखित पाठों का अध्ययन किया जाना है–

(1) अभागी– गुरूप्रसाद मैनाली

(2) दीबी चश्मा– बी0पी0 कोइराला

(3) फान्टियर– शिव कुमार राय

(4) चिट्ठी– बद्रीनाथ भट्ट राई

(5) म्यांगा कोचिहान–लेनसिंग बंगडेल

(6) चामू थापा– भीम निधि तिवारी

2–पद्य– 12

नैपाली साहित्य, सौरभ–प्रकाशक शिक्षा निदेशालय, पाठ्य पुस्तक अनुभाग, सिक्किम, गंगटोक

निम्नलिखित पाठों का अध्ययन किया जाना है–

(1) बसन्त कोकिल लेंखनाथ पौडियाल

(2) सदीक्षा– धरनीधर शर्मा

(3) कर्मा– बालकृष्ण साय

(4) औहेवर्षा– माधव प्रसाद घिमसी

(5) योजिन्दगी खोके जिन्दगी–कौतुवाल

(6) कटाई योसिर झुकच्छा भाने–सोहन ठाकुरी

3–रैपिड रीडिंग– 9

कथा बिम्ब–प्रकाशन शिक्षा निदेशालय गंगटोक (सिक्किम)

निम्नलिखित पाठों का अध्ययन किया जाना है–

(1) निर्णय– पूर्णाराय

(2) जादूगर– एनटोली फान्स

(3) जीवन यात्राया– एम0एन0 गुरूग

(4) नूरआलम– शिवकुमार राय

नोट– निर्धारित पाठ्य पुस्तक से लघुस्तरीय एवं निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**
• प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	मई माह	
• द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	जुलाई माह	
• तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	नवम्बर माह	
• चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	दिसम्बर माह	

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–पालि

कक्षा–9

इस विषय में प्रश्न–पत्र 70 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र तीन घण्टे का होगा।

1–गद्य–पालि–जातकावलि पाठ 1 से 7 तक (सुंसुमारजातकं, वानरिन्दजातकं, बकजातकं, सीहचम्मजातकं, राधाजातकं, नच्चजातकं, उलूकजातकं)। **15**

(क) दो अवतरणों में से किसी एक अवतरण का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद। 2+8=10

(ख) किन्हीं दो जातकों में से किसी एक जातक की कथा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में। 05

2–पद्य–धम्मपद पाठ 1 से 5 तक –(यमकवग्गो, अप्पमादवग्गो, चित्तवग्गो, पुप्फवग्गो, बालवग्गो)। **15**

(क) दो गाथाओं में से किसी एक गाथा का हिन्दी अनुवाद। 05

(ख) दो वग्गो में से किसी एक वग्गो का हिन्दी अथवा अंग्रेजी में सारांश। 05

(ग) धम्मपद के पाठ 1 से 5 के अन्तवर्ती गाथा का उल्लेख। 05

3–अपठित–गद्य–निर्धारित पाठ (सीलानिसंसजातकं, जम्मसाटकजातकं, उच्छङ्‌गजातकं)। **05**

4–सहायक पुस्तक वोधिचर्या विधि– **10**

परित्राण परिच्छेद से आवाहन, महामंगल सुत्त, महामंगल गाथा–

(किसी एक गाथा की हिन्दी व्याख्या अथवा पूजा विधि का वर्णन)।

5–व्याकरण 3+2+5+5=**15**

(क) शब्द रूप–पुलिंग–बुद्ध।

स्त्रीलिंग–लता।

नपुंसकलिंग–फल।

(ख) धातुरूप–वर्तमान काल– पठ, गम, भू, चज सक, हिंस के रूप।

(ग) संधि–स्वर संधि–

सरोलोपो सरे, परोक्वचि, न द्वे वा, यवा सरे, ए ओ नं।

(घ) समास–

तत्पुरूष एवं बहुब्रीहि का सामान्य परिभाषा तथा उदाहरण।

6–अनुवाद **05**

हिन्दी के पाँच वाक्यों का वर्तमानकालिक क्रिया में अनुवाद अथवा

निबन्ध– पालि भाषा में पाँच वाक्य लिखना।

भगवा, बुद्धो, धम्मपदं, मम विज्जालयों, सारनाथो, चत्तारि अरिय–सच्चानि, यातायातंसुरक्खा।

7–पालि साहित्य के इतिहास का संक्षिप्त परिचय– **05**

प्रथम संगीत, सुत्तपिटक–दीघ निकाय, मन्झिम निकाय, संयुक्त निकाय, अंगुत्तर निकाय, खुद्दक निकाय।

निर्धारित पुस्तकें–

(1) पालिजातका वलि–	पं0 बटुक नाथ शर्मा प्रकाशक–मास्टर खेलाड़ी लाल एण्ड सन्स, वाराणसी।
4. मैडम क्यूरी व्यक्तित्व एवं कृतित्व।
(चित्र, जीवन परिचय, शिक्षा–दीक्षा, आविष्कार एवं नोबेल पुरस्कार)
5. विद्युत घण्टी का मॉडल तैयार करना तथा निहित वैज्ञानिक सिद्धान्तों का अध्ययन करना।
6. बहुरूपदर्शी (Kaleidoscope) का मॉडल तैयार करना।
7. प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिकों का व्यक्तित्व एवं विज्ञान में उनके योगदान को सूचीबद्ध करके उनका विस्तृत अध्ययन करना।
8. आवश्यक परिपथ का आरेख देते हुए विद्युत क्विज बोर्ड का मॉडल तैयार करना।
9. मनोरंजन में विज्ञान की भूमिका का सचित्र अध्ययन।
10. दर्पण व लेन्स से बने प्रतिबिम्ब की प्रकृति, स्थिति तथा साइज में परिवर्तन का परीक्षण कर सारणीबद्ध करना।
11. एक द्विलिंगी पुष्प जैसे–गुड़हल व सरसों के विभिन्न भागों (वाह्य दल, दल, पुमंग, जायांग) का अध्ययन एवं उसमें होने वाले परागण की जानकारी प्राप्त करना।
12. मनुष्य की हृदय की संरचना का मॉडल तैयार करना।
13. सेम तथा मक्का के बीच (भीगे हुये) की सहायता से बीज की संरचना एवं अंकुरण का अध्ययन करना।
14. विभिन्न प्रकार के पौधों का संग्रह कर हरबेरियम तैयार करना।
15. बिना मिट्टी के पौधे उगाना– प्रयोग एवं प्रेक्षण के आधार पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना।
16. पेट्रोल एवं डीजल से उत्पन्न वायु प्रदूषण का अध्ययन एवं इसके कम करने के लिए C.N.G. (सी0एन0जी0) का प्रयोग।
17. प्लास्टिक व पॉलीथीन का दैनिक जीवन में महत्व एवं पर्यावरण प्रदूषण में भूमिका।
18. आपके शहर में बढ़ते हुए शोर का कारण एवं हानिकारक प्रभावों का सचित्र अध्ययन।
19.

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य) **अगस्त माह** **10 अंक**

2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य) **दिसम्बर माह** **10 अंक**

3–चार मासिक परीक्षाएं **10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–गणित

(कक्षा–10)

समय–3 घंटा

इसमें 70 अंक की लिखित परीक्षा एवं 30 अंक का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। प्रोजेक्ट कार्य होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल–33 अंक।

इकाई	इकाई का नाम	अंक
I	संख्या पद्धति	05
II	बीजगणित	18
III	निर्देशांक ज्यामिति	05
IV	ज्यामिति	10
V	त्रिकोणमिति	12
VI	मेन्सुरेशन	10
VII	सांख्यिकी तथा प्रायिकता	10
	योग	**70**

इकाई–1 : संख्या पद्धति–

(1) वास्तविक संख्याएँ **05 अंक**

अंकगणित का आधारभूत प्रमेय–उदाहरण सहित $\sqrt{2}, \sqrt{3}, \sqrt{5}$

अपरिमेय संख्याओं का पुनर्भ्रमण, अपरिमेय संख्याओं का सत्यापन।

इकाई–2 : बीजगणित **18 अंक**

1. **बहुपद**– बहुपद के शून्यांक। द्विघात बहुपदों के गुणांकों और शून्याकों के मध्य सम्बन्ध।

2. **दो चर वाले रैखिक समीकरण युग्म –**

एक रैखिक समीकरण युग्म को हल करने की बीजगणितीय विधि।

1. प्रतिस्थापन विधि
2. विलोपन विधि

3. द्विघात समीकरण–

मानक द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0, (a \neq 0)$ द्विघात समीकरणों (केवल वास्तविक मूल) का द्विघात सूत्रों द्वारा, गुणनखण्ड द्वारा हल निकालना। द्विघात समीकरण का विविक्तकर और उनके मूलों की प्रकृति के बीच सम्बन्ध। द्विघात समीकरण का दैनिक जीवन में अनुप्रयोग तथा इन पर आधारित इबारती प्रश्न।

4.समान्तर श्रेणियाँ–

समान्तर श्रेणी के nवें पद की व्युत्पत्ति तथा समान्तर श्रेणी के प्रथम n पदों का योग। सामान्य जीवन पर आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए इसका अनुप्रयोग।

इकाई–3 : निर्देशांक ज्यामिति – **05 अंक**

1. रेखा (द्विविमीय)–

निर्देशांक ज्यामिति की अवधारणा, रैखिक समीकरणों के ग्राफ, दूरी सूत्र, विभाजन सूत्र (आन्तरिक विभाजन)।

इकाई–4 : ज्यामिति **10 अंक**

1. **त्रिभुज –**

समरूप त्रिभुज के परिभाषा, उदाहरण, प्रतिउदाहरण।

(क) त्रिभुज की एक भुजा के समान्तर खींची गयी रेखा त्रिभुज की शेष दो भुजाओं को समान अनुपात में विभाजित करती है।

(ख) त्रिभुज की दो भुजाओं को समान अनुपात में विभाजित करने वाली रेखा, तीसरी भुजा के समान्तर होती है।

(ग) यदि दो त्रिभुजों में संगत–भुजाओं का एक युग्म अनुपातिक हो और अन्तरित कोण बराबर हो, तो त्रिभुज समरूप होते हैं।

(घ) यदि दो त्रिभुजों में संगत कोणों का एक युग्म बराबर हो और उनकी संगत भुजाएँ अनुपातिक हो, तो त्रिभुज समरूप होते हैं।

(ड.) एक त्रिभुज का एक कोण, दूसरे त्रिभुज के संगत कोण के बराबर हों तथा उनकी संगत भुजाएँ अनुपातिक हों तो त्रिभुज समरूप होगा।

1. वृत्त– वृत्त की स्पर्श रेखा, स्पर्श बिन्दु

(क) वृत्त की स्पर्शरेखा, स्पर्श बिन्दु से होकर जाने वाली त्रिज्या पर लम्ब होती है।

(ख) किसी वाह्य बिन्दु से खींची गई, दो स्पर्श रेखाओं की लम्बाइयाँ बराबर होती हैं।

इकाई–5 : त्रिकोणमिति **12 अंक**

1. त्रिकोणमिति का परिचय –

समकोण त्रिभुज के न्यूनकोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात, 0^0 और 90^0 के त्रिकोणमितीय अनुपात, त्रिकोणमितीय अनुपातों के मान (0^0, 30^0, 45^0, 60^0, 90^0)। उनके बीच सम्बन्ध।

2. त्रिकोणमितीय सर्वसामिकाएँ –

सर्वसमिकाओं $\text{Sin}^2\theta + \text{Cos}^2\theta = 1, 1+\tan^2\theta = \text{Sec}^2\theta, 1+ \text{Cot}^2\theta=\text{cosec}^2\theta$ को स्थापित करना तथा इसका अनुप्रयोग।

3. ऊँचाई और दूरी –

उन्नयन कोण, अवनमन कोण, ऊँचाई और दूरी पर साधारण प्रश्न (प्रश्न दो समकोण त्रिभुजों से अधिक नहीं होना चाहिए)। उन्नयन/अवनमन कोण केवल 30^0, 45^0 तथा 60^0 होने चाहिए।

इकाई–6 : मेन्सुरेशन **10 अंक**

1. वृत्तों से सम्बन्धित क्षेत्रफल –

वृत्त के त्रिज्यखंड तथा वृत्तखण्ड के क्षेत्रफल।

2. पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन –

निम्नांकित किन्हीं दो द्वारा संयोजित समतल आकृतियों का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन–घन, घनाभ, गोला, अर्द्धगोला, और लम्बवृत्तीय बेलन/शंकु। मिश्रित प्रश्न (दो भिन्न तरह के ठोसों का संयोजन से सम्बन्धित प्रश्न, इससे अधिक नहीं)।

इकाई–7 : सांख्यिकी तथा प्रायिकता **10 अंक**

1. **सांख्यिकी** – वर्गीकृत आंकड़ों का माध्य, माध्यिका तथा बहुलक।
2. **प्रायिकता** – प्रायिकता की सैद्धान्तिक परिभाषा, एकल घटना पर आधारित सामान्य प्रश्न।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (परीक्षा + प्रोजक्ट) **अगस्त माह** **5+5 अंक**

प्रोजक्ट

("भारत का परम्परागत गणित ज्ञान नामक पुस्तिका से तैयार करायें)

2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(परीक्षा + प्रोजक्ट) **दिसम्बर माह** **5+5 अंक**

3–चार मासिक परीक्षाएं **10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

नोट–निम्नलिखित (बिन्दु 1 से 11 तक) में से कोई दो प्रोजेक्ट प्रत्येक छात्र से तैयार करायें तथा एक प्रोजेक्ट बिन्दु–12 से अनिवार्य रूप से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट अपने स्तर से भी दे सकते हैं।

(1) पाइथागोरस प्रमेय का सत्यापन गत्ता या चार्ट पर त्रिभुज एवं वर्ग को बनाकर करना।

(2) जनसंख्या अध्ययन में सांख्यिकी की उपयोगिता।

(3) विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों की वास्तुकला एवं निर्माण में भूमिका का अध्ययन करना।

(4) त्रिकोणमिति अनुपातों के चिन्हों का ज्ञान चार्ट के माध्यम से कराना। कोण के पूरक (Complementary angle), सम्पूरक कोण (supplementary angle) आदि कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात कोणों के संगत अनुपात में चित्र के माध्यम से व्यक्त करना।

(5) उत्तर मध्यकाल के किसी एक भारतीय गणितज्ञ (रामानुजन, नारायण पण्डित आदि) का व्यक्तित्व एवं गणित में योगदान।

(6) 24×42 सेंमी0 माप के दो कागज लेकर लम्बाई एवं चौड़ाई की दिशा में मोड़कर दो अलग–अलग बेलन बनाइए। दोनों में किसका वक्रपृष्ठ एवं आयतन अधिक होगा।

(7) सरकार द्वारा लगाये जाने वाले विभिन्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर का अध्ययन करना।

(8) वृत्त के केन्द्र पर बना कोण शेष परिधि पर बने कोण का दूना होता है का क्रियात्मक निरूपण करना।

(9) दूरी मापने का यन्त्र (Sextant) बनाना और प्रयोग करना।

(10) गणित के सिद्धान्तों की चित्रकला में उपयोगिता।

(11) एक कार/घर खरीदने के लिए बैंक से लोन लेने के विभिन्न चरणों का ब्योरा प्रस्तुत कीजिए।

(12) संस्तुत पुस्तक भारत का परम्परिक गणित ज्ञान के निम्नाकित तीन खण्डों में से सुविधानुसार कोई एक प्रोजेक्ट–

खण्ड–क– भारत में गणित की उज्जवल परम्परा।

खण्ड–ख– गणना की परम्परागत विधियां।

खण्ड–ग– भारत के प्रमुख गणिताचार्य।

विषय—वाणिज्य
कक्षा—10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा।

पूर्णांक 100

इस विषय में 70 अंक की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का प्रायोगिक व आन्तरिक मूल्यांकन होगा। लिखित परीक्षा हेतु अंक विभाजन निम्नवत् है :—

(अ) अन्तिम खाते—व्यापार तथा लाभ—हानि खाता एवं आर्थिक चिट्ठा सामान्य समायोजन सहित। बुक, पास बुक एवं रोकड़ बही का बैंक समाधान विवरण—पत्र। चेक, बिल, हुण्डी व प्रतिज्ञा—पत्र सम्बन्धित साधारण लेखें। 20

(ब) नस्तीकरण, अनुक्रमणिका संदेश वाहक प्रणालियाँ। व्यापारिक कार्यालय में श्रम व समय बचाने वाले यंत्र जैसे पंच मशीन, समय रिकॉर्ड मशीन, फोटोस्टेट मशीन, टाइप—राइटर, कैलकुलेटर की साधारण प्रयोग सम्बन्धी जानकारी। देशी व्यापार—थोक व फुटकर व्यापार, बीजक व विक्रय विवरण। **20**

(स) बैंक—जन्म, परिभाषा, कार्य एवं महत्व। भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक, व्यापारिक बैंक, सहकारी बैंक, देशी बैंकर का सामान्य अध्ययन। **15**

(द) उपयोगिता ह्रास नियम, व्यय व बचत आशय पारस्परिक सम्बन्ध, बचत का सामाजिक महत्व। उत्पत्ति के साधन, आशय, विशेषतायें एवं महत्व। **15**

निर्धारित पाठ्य—पुस्तक—

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य एवं आंतरिक मूल्यांकन **30 अंक**

नोट :—

दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। शिक्षक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 05 अंक का होगा।

1—काल्पनिक आंकड़ों के आधार पर व्यापार खाते का नमूना।
2—अन्तिम खाते बनाते समय विभिन्न समायोजनाओं का विवेचन।
3—बैंक समाधान विवरण कब एवं क्यों बनाया जाता है ?
4—रोकड़ बही एवं पासबुक बही में अन्तर के कारण।
5—चेक एवं चेक का रेखांकन।
6—नस्तीकरण की प्रणालियाँ।
7—कार्ड अनुक्रमणिका का वर्णन।
8—चेक एवं चेक का अनादरण।
9—शीघ्र संदेश भेजने का साधन।
10—समय एवं श्रम बचाने वाले यंत्र।
11—फुटकर व्यापार का वर्गीकरण।
12—बैंक का उदय या विकास।
13—रिजर्व बैंक के कार्य।
14—स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के कार्य।
15—उपयोगिता ह्रास नियम की व्याख्या।
16—उत्पत्ति के साधन।

प्रयोगात्मक

शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1—प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा— (प्रोजेक्ट कार्य)	**अगस्त माह**	**10 अंक (5+5)**
2—द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—(प्रोजेक्ट कार्य तथा परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक (5+5)**
3—चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय—चित्रकला

कक्षा—10

20 अंको का बहुविकल्पीय परीक्षा भी होगी, जिसका उत्तर OMR Sheet पर दिया जायेगा।
इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न—पत्र तीन घंटे का होगा।
प्रश्न—पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा, जिसमें से किन्ही दो खण्डों के प्रश्न करने होंगे।

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। पूर्णांक 100

प्रश्न—पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा, जिसमें खण्ड—(क) अनिवार्य है। शेष खण्डों में से एक करना है।

खण्ड—क (अनिवार्य) प्राकृतिक दृश्य चित्रण 30 अंक

प्राकृतिक दृश्य चित्रण—जैसे ऊषाकाल, संध्याकाल, ग्रामीण व पहाड़ी दृश्य का चित्रण, जलरंग अथवा पेस्टल रंगों से रंगे।

माप— 20 सेमी0×15 सेमी0 हो।

अथवा **आलेखन कला**

आलेखन—चतुर्भुज अथवा वृत्त में केवल पूर्ण इकाई द्वारा मौलिक आलेखन बनाये और उसमें कम से कम तीन रंगों का प्रयोग करें। माप 15 सेमी0 से कम न हो।

अथवा **प्राविधिक कला**

प्राविधिक—अन्तः स्पर्शी तथा वाहयस्पर्शी अन्तर्गत एवं परिगत आकृतियां, रेखाओं तथा वृत्तों को स्पर्श करते हुये स्पर्श रेखायें। क्षेत्रफल सम्बन्धी साधारण निर्मेय, ज्यामितीय आलेखन, साधारण एवं कर्णवत् पैमाने।

खण्ड—ख (स्मृति चित्रण) 10+10=20 अंक

साधारण जीवन में दैनिक उपयोग की वस्तुयें, घरेलू बर्तन जैसे—सुराही, बाल्टी, लोटा, अमृतवान, केतली, बोतल, गिलास तथा तरकारी, फल आदि। पेंसिल द्वारा रेखांकन होगा।

खण्ड—ग (भारतीय चित्रकला) 20 अंक

इस खण्ड में चार प्रश्न होंगे, जिसमें से दो प्रश्न करने होंगे। एक प्रश्न वस्तुनिष्ठ होगा जो अनिवार्य होगा :—

1—चित्रकला का प्राचीन उल्लेख।
2—चित्रकला की विशेषतायें।
3—प्रागैतिहासिक काल।

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :—परियोजना कार्य तीन खण्डों में विभक्त होगा, जिसमें से किन्हीं दो खण्डों से तीन परियोजना कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। प्रत्येक परियोजना कार्य पाँच अंक का है। इसके अतिरिक्त 10 अंक मासिक परीक्षा के लिये निर्धारित है।

परियोजना कार्य सैद्धान्तिक, तकनीकी कौशल तथा माध्यम (जलरंग, पोस्टर रंग, पेंसल, चारकोल, क्रेयान, इंक आदि) के उपयुक्त प्रयोग पर आधारित होगा।

परियोजना कार्य में संयोजन, सौन्दर्य (आकर्षण) अनुपात, लय के सिद्धान्तों का ध्यान रखते हुये पूर्ण किया जाय।

खण्ड—क (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

1—प्राकृतिक दृश्य चित्रण (ऊषाकाल) का 20×15 सेमी0 माप में सृजन करें। जलरंग माध्यम से ऊषाकाल का प्रभाव चित्रित किया जाय। चित्र में परिप्रेक्ष्य स्पष्ट से दिखे।

2—संध्याबेला का दृश्य चित्रण पोस्टर अथवा पेस्टल रंग द्वारा पूर्ण करें जिसकी माप 20×15 सेमी0 हो। चित्र में सन्तुलन एवं परिप्रेक्ष्य स्पष्ट हो।

3—ग्रामीण दृश्य चित्रण को पोस्टर रंग/जलरंग/पेस्टल रंग द्वारा पूर्ण किया जाय जिसमें मानव/पशु आकृतियों के अलावा ग्रामीण झोपडियाँ एवं कुआँ आदि का भी समावेश हो।

4—पहाड़ी दृश्य चित्र का चित्रण 20×15 सेमी0 माप में सृजित करें। रंग/रेखा का सन्तुलन आवश्यक है।

5—पेंसिल अथवा चारकोल के माध्यम से दृश्य चित्रण कीजिये। चित्र में सन्तुलन एवं लय का विशेष महत्व होगा। परिप्रेक्ष्य दर्शाना आवश्यक है।

6—चतुर्भुज में केवल एक पूर्ण इकाई द्वारा मौलिक आलेखन बनायें और उसमें कम से कम तीन रंगों का प्रयोग करें। माप 15 सेमी0 से कम न हो।

7—वृत्त में केवल एक पूर्ण इकाई द्वारा मौलिक आलेखन बनायें और उसमें कम से कम तीन मौलिक रंगों का प्रयोग करें। माप 15 सेमी0 से कम न हो।

8—किसी मार्ग के भव्य प्रवेश द्वार की परिकल्पना करें। उसके ज्यामितीय महत्व को सिद्ध करने वाली दो समानान्तर वृत्ताकार मीनारों की रचना करें जिसका ऊपरी भाग त्रिभुजाकार बीम से बँधा हो।

9—किसी नहर अथवा मार्ग की परिकल्पना करें, उसकी मापनी बनायें और निरूपक भिन्न ज्ञात करें। (अंकीय आंकड़े स्वयं निर्धारित करेंगे) नहर अथवा सड़क का लघु दृश्य भी दर्शाने का प्रयास करें।

खण्ड– ख (स्मृति चित्रण)

10–साधारण जीवन में दैनिक उपयोग की वस्तुयें घरेलू बर्तन जैसे सुराही, बाल्टी, लोटा, अमृतबान, केतली, बोतल, गिलास आदि को स्मृति के आधार पर पेंसिल अथवा चारकोल से रेखांकन किया जाय।

11–विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों को स्मृति के आधार पर रेखांकन करें। पेंसिल अथवा चारकोल से किया जाय।

12–विभिन्न प्रकार के बर्तनों एवं सब्जियों तथा फलों को पेस्टल एवं वाटर कलर से चित्रित करें।

खण्ड–ग (भारतीय चित्रकला)

13–भारतीय चित्रकला के विभिन्न काल खण्डों का विभाजन करते हुये प्रत्येक काल खण्ड पर मौलिक लेख लिखें।

14–चित्रकला की विशेषताओं का उल्लेख करें जिससे यह सिद्ध हो सके कि कला ही जीवन है।

15–प्रागैतिहासिक काल की विभिन्न शिलाश्रयों का उल्लेख करते हुये उनके रंग एवं चित्रण विधान पर प्रकाश डालें।

प्रयोगात्मक

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रोजेक्ट कार्य)	**अगस्त माह**	**10 अंक (5+5)**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रोजेक्ट कार्य तथा परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक (5+5)**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**
• प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)		मई माह
• द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)		जुलाई माह
• तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)		नवम्बर माह
• चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)		दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–रंजन कला

कक्षा–10

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र तीन घन्टे का होगा। प्रश्न–पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा जिसमें से किन्हीं दो खण्ड के प्रश्न हल करने होंगे। खण्ड–क अनिवार्य होगा। **पूर्णांक 100**

खण्ड–क (चित्र संयोजन) **45 अंक**

अनिवार्य

परम्परागत अथवा स्वतंत्र शैली में दिये गये विषयों में से किसी एक विषय पर संयोजन कर चित्र बनाना :–

(क) सामाजिक जीवन।

(ख) देशभक्ति पर आधारित चित्र जल रंग अथवा पेस्टल रंग से चित्रित किया जाये। माप 20 सेमी0×15 सेमी0 के आयत से कम न हो।

खण्ड– ख (मानव अंग चित्रण) **25 अंक**

मानव शरीर के अंगों का चित्रण (सामने रखे प्लास्टर ऑफ पेरिस, मिट्टी के मॉडल, आँख, कान, होठ, हाथ, पैर, नाक केवल पेंसिल द्वारा चित्रण करना)।

खण्ड–ग **25 अंक**

इस खण्ड में कुल तीन प्रश्न होंगे, जिसमें से दो प्रश्न करना होगा। एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न करना होगा :–

1–चित्रकला के छः अंग।

2–अनुपात।

3–संतुलन।

4–प्रभावित।

5–सामंजस्य।

निर्धारित पाठ्यपुस्तक कोई भी पुस्तक निर्धारित नहीं है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन **30 अंक**

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अन्तर्गत 20 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये तथा 10 अंक मासिक परीक्षा के लिये निर्धारित है जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट कार्य की सूची

नोट :–निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का है।

निम्नलिखित कथनों के रंगीन पोस्टर बनाकर घर एवं विद्यालय में लगायें :–

1–बायें चलो।
2–जीवों पर दया करो।
3–सभी धर्म समान हैं।
4–जय जवान, जय किसान।
5–सब पढ़े, सब बढ़े।
6–किसी चित्रकार का चित्रकला में योगदान।
(7) दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के लिए हेल्मेट एवं सीट बेल्ट का महत्व।

प्रयोगात्मक

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रोजेक्ट कार्य) **अगस्त माह** **10 अंक (5+5)**

2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रोजेक्ट कार्य तथा परीक्षा) **दिसम्बर माह** **10 अंक (5+5)**

3–चार मासिक परीक्षाएं **10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–गृह विज्ञान

कक्षा–10

(केवल बालिकाओं के लिए)

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन होगा। पूर्णांक 100

क्रम संख्या	इकाई	अंक
1–	गृह प्रबन्ध	15
2–	स्वास्थ्य रक्षा एवं यातायात	15
3–	वस्त्र और सूत विज्ञान	10
4–	भोजन तथा पोषण विज्ञान	15
5–	प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या	15

कुल 70 अंक

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन––30 अंक

योग––100 अंक

1––गृह प्रबन्ध **15 अंक**

(1) शिक्षिका द्वारा प्रति वर्ष बजट का प्रदर्शन।
(2) आय–व्यय और बचत, डाकखाना और बैंक के माध्यम से।
(3) घर की सफाई और सजावट।
(4) गृह गणित––दशमलव, जोड़ना, घटाना, गुणा तथा भाग (रुपया, पैसा, किलोग्राम, ग्राम, मीटर, सेन्टीमीटर के सन्दर्भ में) प्रतिशत, लाभ हानि तथा साधारण ब्याज पर सरल गणनायें।

2–स्वास्थ्य रक्षा एवं यातायात **15 अंक**

(1) जल, जल के स्रोत और उपयोग।
(2) घरेलू विधियों से जल शुद्ध करना।
(3) अशुद्ध जल से फैलने वाले रोग। (पेचिश, अतिसार, हैजा)
(4) पर्यावरण और जनजीवन पर उसका प्रभाव। अपशिष्ट (कचरा) प्रबन्धन।
(5) कुछ सामान्य रोगों के कारण और उनके रोकथाम – चेचक, छोटी माता, खसरा, डिप्थीरिया, टायफाइड (मियादी बुखार), कुकुरखांसी, पीतज्वर, मष्तिष्क ज्वर, रेबीज, हेपेटाइटिस(ए0बी0सी0ई0), मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, हाथी पांव, टिटनेस, क्षय रोग और विषैला भोजन (फूड प्वायजनिंग)
(6) ड्राइवर–ड्राइविंग लाइसेन्स के कर्तव्य, लेन यातायात–जंक्शनों एवं गोलचक्करों पर यात्रा करते समय सावधानियाँ, हेल्मेट और सीट बेल्ट का महत्व।

3––वस्त्र और सूत विज्ञान **10 अंक**

(1) सिलाई किट––बेबीफ्राक या कुर्ता, पायजामा या पेटीकोट उपलब्धता के अनुसार (हाथ की सिलाई अथवा मशीन की सिलाई द्वारा)।

(2) कपड़ों की धुलाई तथा रख–रखाव, धोने की विधियाँ और इस्तरी करना।

4––भोजन तथा पोषण विज्ञान **15 अंक**

(1) रसोई घर की व्यवस्था, देख–रेख और सफाई।

(2) भोजन पकाने और परोसने की आधारित विधियाँ, तत्वों की सुरक्षा का ध्यान रखना।

(3) निम्न रोगों के रोगियों का भोजन, रोग की अवधि में और स्वास्थ्य लाभ के समय का भोजन, तीव्र ज्वर और दीर्घ स्थाई ज्वर, अतिसार, पेचिस, गैस्ट्रोटाइटिस, मियादी बुखार, मलेरिया, क्षयरोग, लू लगना।

5––प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या **15 अंक**

(1) मानव अस्थि संस्थान तथा संधियाँ।

(2) हड्डियों की टूट और मोच।

(3) श्वसन तन्त्र का प्रारम्भिक ज्ञान।

(4) प्राकृतिक और कृत्रिम श्वसन क्रिया।

(5) घायल स्थानान्तरण हस्त आसन द्वारा।

(6) रोगी का स्पंज करना, गर्म सेंक––भपारा लेना, बर्फ की टोपी का प्रयोग।

(7) नाड़ी, श्वास गति और ताप का चार्ट बनाना।

प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आंतरिक होगा। **15 अंक**

(खण्ड क)

(1) किसी एक स्थान (घर या पाठशाला कक्ष) की सफाई की दैनिक आख्या तैयार करना।

(2) किसी एक लकड़ी के फर्नीचर की सफाई और पालिश करना।

(3) धातु की किसी एक वस्तु की सफाई।

(4) प्रति वर्ष बजट का अभिलेख रखना।

(खण्ड ख)

(1) छात्राओं द्वारा सिलाई का किट तैयार करना।

(2) बेबी फ्राक या कुर्ता पायजामा या पेटीकोट सिलना।

(3) वस्त्रों की धुलाई––सूती, रेशमी, ऊनी तथा कृत्रिम रेशे के वस्त्रों को धोना।

(खण्ड ग)

(1) भोजन पकाने की सही विधियाँ–उबालना, भाप में पकाना, तलना, स्ट्यू करना, धीमी आँच में पकाना, भूनना।

(2) भोजन का परोसना।

(3) रोगी का भोजन, फटे दूध का पानी, साबूदाना का पानी, खिचड़ी, तरकारियों का सूप और सब्जियों का रस, फलों के रस, पना।

(खण्ड घ)

(1) कृत्रिम श्वास देने की विधियाँ।

(2) हस्त आसन द्वारा स्थानान्तरण।

(3) स्पंज करना, गर्म सेंक (पुल्टिस), भपारा लेना, बर्फ की टोपी और गर्म पानी की थैली का प्रयोग।

(4) ताप का चार्ट बनाना।

निर्धारित पाठ्य–पुस्तकें––

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यार्थियों के प्रधान विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्यों की सूची **पूर्णांक–15**

नोट :––दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से करायें। प्रोजेक्ट कार्यों की फाइल तैयार कराना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रोजेक्ट पाँच अंक का है। शिक्षक पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रोजेक्ट कार्य का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा।

1– घर का आय–व्यय बजट तैयार करना।

2– निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए बचत पर एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट लिखिये––

(i) भविष्य निधि योजना

(ii) राष्ट्रीय बचत–पत्र

(iii) किसान विकास–पत्र

3– गृह विज्ञान में गृह गणित के योगदान पर एक रिपोर्ट लिखिये।

4– अपने विद्यालय के जल शुद्धिकरण व्यवस्था पर एक प्रोजेक्ट लिखिये तथा उसमें क्या सुधार किया जा सकता है।

5– अशुद्ध जल से फैलने वाले प्रमुख रोगों के नाम लक्षण व बचाव की सूची।

6– चार्ट के माध्यम से पर्यावरण एवं जन–जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाइए।

7– एक प्रोजेक्ट तैयार करें जिसमें पाठ्यक्रमानुसार सभी वस्त्रों की नाप एवं पेपर कटिंग लगायें।

8– सिलाई किट तैयार करना।
9– वस्त्रों की देखभाल एवं डिटर्जेन्ट का प्रयोग।
10– एक दिन खाये जाने वाले खाद्य पदार्थों की सूची तैयार करके उसमें विद्यमान पोषक तत्वों को सूचीबद्ध करना।
11– एक चार्ट पेपर पर श्वसन–तंत्र का चित्र बनाइये तथा अंगों के नाम दर्शाइए।
12–मानव अस्थि तंत्र को चार्ट पेपर पर बनाइये एवं प्रमुख अंगों को दर्शाइए।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रोजेक्ट तथा प्रायोगात्मक)	**अगस्त माह 10 अंक (5+5)**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रोजेक्ट तथा प्रायोगात्मक)	**दिसम्बर माह 10 अंक (5+5)**
3–चार मासिक परीक्षाएं	**10 अंक**
• प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	मई माह
• द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	जुलाई माह
• तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर)	नवम्बर माह
• चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर)	दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–गृह विज्ञान

कक्षा–10

(बालकों के लिए तथा उन बालिकाओं के लिए जिन्होंने इसे अनिवार्य विषय के रूप में नहीं लिया हैं)
पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकों की स्थिति वही रहेगी जो इस विवरण पत्रिका में गृहविज्ञान (केवल बालिकाओं के लिए) है।

विषय–मानव विज्ञान

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन होगा। पूर्णांक 100
(इथनोग्रेफी एवं सामाजिक सांस्कृतिक मानव विज्ञान)

पूर्णांक : 70 अंक
कालांश : 220

इकाई–1

(क) मानव विज्ञान की परिभाषा तथा प्रमुख शाखायें।	5 अंक
(ख) सामाजिक–सांस्कृतिक मानव विज्ञान की परिभाषा तथा शाखायें।	5 अंक

इकाई–2

पृथ्वी पर हिमयुग

(क) एथनोग्राफी एवं एथनालॉजी : परिभाषा एवं विषय क्षेत्र।	10 अंक
(ख) भारत की जनजातियों का भौगोलिक, आर्थिक एवं भाषाई वर्गीकरण।	10 अंक
(ग) जनजाति की परिभाषा, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जनजाति (प्रिमिटिव)।	10 अंक

इकाई–3

खासा तथा खासी जनजाति का सामाजिक–आर्थिक परिवेश।	10 अंक

इकाई–4

(क) जनजातीय समस्या का स्वरूप एवं समस्या निराकरण के उपाय।	10 अंक
(ख) जनजातियों में एड्स तथा आपदा प्रबन्धन।	10 अंक

पाठ्य पुस्तकें–
कोई भी पुस्तक निर्धारित एवं संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान/विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य

इस विषय में 30 अंक का प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन होगा जिसमें 10 अंक की मासिक परीक्षा एवं 20 अंक प्रोजेक्ट कार्य हेतु निर्धारित है। विषय अध्यापक दिये गये प्रोजेक्ट में से तीन प्रोजेक्ट अवश्य तैयार करायें। विषय अध्यापक छात्र हित में अपने स्तर पर कोई अन्य प्रोजेक्ट भी करा सकते हैं–

1–भारत की जनजातियों का भौगोलिक वर्गीकरण।
2–जनजातियों का भाषाई वर्गीकरण।

3–खासा जनजाति का सामाजिक परिवेश।
4–जनजातियों में आपदा प्रबन्धन।
5–खासी जाति का आर्थिक परिवेश।
6–अनुसूचित जनजाति का वर्गीकरण।
7–पिछड़ी जनजाति का वर्गीकरण।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रोजेक्ट कार्य)	**अगस्त माह**	**10 अंक (5+5)**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रोजेक्ट तथा परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक (5+5)**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विशय–कश्मीरी
कक्षा–10
केवल प्रश्न–पत्र

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन होगा। पूर्णांक 100

भाग–(अ)	**35 अंक**
1–व्याकरण और उनके प्रयोग–	**20 अंक**
(1) काल प्रयोग	05 अंक
(2) वाक्य परिवर्तन	05 अंक
(3) मुहावरे और लोकोक्तियों का प्रयोग	05 अंक
(4) समुच्चय बोधक अव्यय तथा सम्बन्ध सूचक अव्यय का प्रयोग	03 अंक
(5) प्रत्यय और उपसर्ग	02 अंक
2–कम्पोजीशन–	
(1) निबन्ध लेखन (सामान्य रुचि के विषयों पर आधारित लगभग 150 शब्दों में)।	**10 अंक**
3–पाठ्य पुस्तक से दिये गये अवतरणों पर लघु उत्तरीय प्रश्न	**05 अंक**
भाग–(ब)	**35 अंक**
1–गद्य–	**20 अंक**

निम्नलिखित पाठ पढ़ने होंगे–
(1) माती तुगनी कीन्ह
(2) चार्ली चैपलीन
(3) टेलीफोन से रेडियो
(4) जम्हूरियत

निम्नांकित प्रकार से प्रश्न पूछे जायेंगे–

(क) सन्दर्भ सहित व्याख्या	10 अंक
(ख) पाठ्य पुस्तक के अवतरण का अंग्रेजी/उर्दू/हिन्दी में अनुवाद	05 अंक
(ग) पाठ्य सारांश	05 अंक
2–पद्य–	**15 अंक**

पाठ्य पुस्तक से निम्नांकित कवितायें पढ़नी होगी–
(1) रूबाई (मियॅा आरिफ)
(2) जूनी मंजदल
(3) गजल
(4) गशी तुरूक
(5) दूरी प्रजालियों तारूखा
(6) बहार
(7) येथ हम्यास मंज

निम्नांकित विषयों से सम्बन्धित प्रश्न पूँछे जायेंगे–

(अ) सन्दर्भ सहित व्याख्या 10 अंक

(ब) दिये गये पद्यांश का सारलेखन 05 अंक

निर्धारित पुस्तक कशूर निशाब कक्षा–09 तथा 10 के लिए प्रकाशक जम्मू एवं कश्मीर स्टेट बोर्ड ऑफ एजूकेशन (1982)

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (मौखिक अभिव्यक्ति आधारित परीक्षा)	**अगस्त माह**	**10 अंक**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(रचनात्मक लेखन आधारित परीक्षा)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–संगीत (गायन)

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन होगा। पूर्णांक 100

भाग (क) अंक –35

(शास्त्रीय शब्दावली की परिभाषा एवं व्याख्या)

नाद, नादोत्पत्ति, नाद के प्रकार एवं विशेषतायें। शब्द और वर्णों का गायन, स्वरों का स्पष्ट उच्चारण, तीनों सप्तकों का अध्ययन (मध्य,मन्द्र एवं तार) आवाज के गुणों का उत्कर्ष और उसकी सुरक्षा के लिये स्वास्थ्य और भोजन सम्बन्धी नियम, भातखण्डे एवं विष्णु दिगम्बर स्वर एवं स्वर लिपि पद्धति का तुलनात्मक अध्ययन, थाटों का वर्गीकरण और थाट से रागों की उत्पत्ति, मुर्की, कण, वर्जित, वक्र, मींड, सम, खाली एवं भरी।

भाग (ख)

(संगीत का इतिहास एवं रागों का अध्ययन) अंक –35

ध्रुपद, टप्पा, ठुमरी, तराना, बड़ा ख्याल तथा छोटे ख्याल की परिभाषा, पाठ्यक्रम के रागों की विशेषता, स्वर–विस्तार एवं अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त और उसमें भेद। पाठ्यक्रम के बोलों के तालों एवं दुगुन का ज्ञान एवं तालों को लिपिबद्ध करने की योग्यता, स्वर–समूहों के छोटे–छोटे टुकड़ों के आधार पर राग को पहचानने एवं उनकी बढ़त की योग्यता, संगीत सम्बन्धी सामान्य विषयों पर छोटा निबन्ध लिखना, तानसेन एवं विष्णु दिगम्बर की जीवनी।

बिहाग एवं भैरवी रागों का विस्तृत अध्ययन। प्रत्येक में एक–एक गीत छात्रों को तैयार करना है।

देश, बागेश्वरी एवं काफी रागों की साधारण जानकारी होनी चाहिये।

प्रत्येक राग में एक गीत (सरगम या लक्षण गीत) होना आवश्यक है।

प्रत्येक राग का आरोह–अवरोह एवं पकड़ गाना विद्यार्थी को अवश्य आना चाहिये तथा उसको लिखने की क्षमता होनी चाहिये।

उपर्युक्त गीतों के साथ दादरा, तीनताल, झपताल, एकताल, चारताल, नामक तालें प्रयुक्त होनी चाहिये।

नोट :–उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों पर आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा ली जायेगी जो 10 अंकों की होगी तथा 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित है। जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

संगीत (गायन) प्रोजेक्ट कार्य

नोट :––निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1–महान संगीतज्ञों के चित्र एकत्रित करके स्क्रैप बुक में चिपकाना तथा उनके नाम एवं जन्म–मृत्यु का उल्लेख करना।

2–वर्तमान समय के परिप्रेक्ष्य में संगीत में प्रयोग किये जाने वाले वाद्य यन्त्रों के चित्रों को एकत्र करके उनके नामों का उल्लेख करते हुए स्क्रैप बुक में लगाना।

3–श्री विष्णु नारायण भातखण्डे की सांगीतिक रचनाओं की एक सूची तैयार कीजिये।

4–स्वरों के शुद्ध एवं विकृत प्रकारों को चार्ट पेपर पर अंकित कीजिये।

5–तबले का चित्र बना कर उसके विभिन्न अंगों के नाम लिखिये।

6–राग की मुख्य जातियों एवं उपजातियों को तालिका के द्वारा स्पष्ट कीजिये।

7–किन्हीं चार प्राचीन संगीत वाद्य–यन्त्रों के नामों का उल्लेख करते हुए उनसे सम्बन्धित शीर्ष संगीतकारों के नाम लिखिये।

8–श्री भातखण्डे तथा विष्णु दिगम्बर स्वर लिपि एवं ताल लिपि पद्धति की तुलना चार्ट बनाकर कीजिये।

9–सितार अथवा तानपुरे का प्रारूप तैयार कर उनके अंगों का नामकरण भी कीजिये। इच्छानुसार वैलवेट पेपर या थर्माकोल का प्रयोग किया जा सकता है।

10–चार भारतीय नृत्य शैलियों के चित्र, नाम तथा उनसे सम्बन्धित शीर्ष कलाकारों के नाम स्क्रैप बुक में अंकित कीजिये।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**अगस्त माह**	**10 अंक (5+5)**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक (5+5)**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–संगीत (वादन)
कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन होगा। पूर्णांक 100

संगीत वादन पाठ्यक्रम दो भागों में क्रमशः प्रथम भाग अवनद्ध वाद्य (तबला एवं पखावज) तथा द्वितीय भाग तत् वाद्यों सहित अन्य वाद्य लेने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित हैं।

प्रथम भाग
अवनद्ध वाद्य (तबला, पखावज) हेतु

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर का आंतरिक मूल्यांकन कार्य होगा।

खण्ड 'क'
शास्त्रीय शब्दों की परिभाषा एवं व्याख्या

ताल, ताली अथवा भरी, सम, मात्रा, लय, तिहाई, पेशकारा, टुकड़ा उत्तर एवं दक्षिण भारतीय काललिपि पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन।

खण्ड 'ख'

1. तीनताल झपताल में प्रत्येक में एक पेशकारा, 2 कायदा, 2 टुकड़े और 2 तिहाई लिखने व बजाने की योग्यता।
2. चारताल में 2 टुकड़ा एवं एक परन लिखने व बजाने की योग्यता।
3. कहरवा, तीव्रा तथा दीपचन्दी तालों का साधारण ठेका।
4. अपने वाद्य में बजाए जाने वाले वर्ण एवं बोलो को निकालने की विधि।

प्रोजेक्ट वर्क

नोट :–निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार कराए जाएगे। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट दे सकते है।

1. अपने वाद्य की उत्पत्ति एवं विकास का सचित्र वर्णन।
2. अपने वाद्य यंत्र के वर्ण की निकास विधि लिखिए।
3. रेडियों एवं टी0वी0 द्वारा प्रसारित होने वाले कुछ संगीत कार्यक्रमों को सुनकर उनकी सूची बनाकर उनके बारे में संक्षेप में लिखिए।
4. उत्तर भारतीय संगीत के "भारत रत्न" पुरस्कार प्राप्त किसी एक संगीतज्ञ का चार्ट बनाइए।
5. अपने वाद्य का सचित्र चार्ट बनाकर अंगों का वर्णन कीजिए।
6. तबला की मुख्य परम्परा/घराना को चार्ट में प्रदर्शित कीजिए।
7. किसी संगीत समारोह का आंखों देखा वर्णन कीजिए।
8. किसी प्रसिद्ध संगीतज्ञ के सांगीतिक योगदान को विस्तार से समझाइए।
9. संगीत शिक्षा प्रदान करने वाली प्रमुख संस्थाओं का संक्षिप्त परिचय लिखिए।
10. हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध संगीतज्ञों के चित्र एकत्रित कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लगाइए तथा संक्षिप्त परिचय लिखिए।
11. वाद्य के समस्त प्रकारों (तत् सुषिर, घन, अवनद्ध) के कुछ चित्र एकत्रित कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में चिपकाइए तथा उन्हें बजाने वाले सम्बन्धित कलाकार का नाम लिखिए।

द्वितीय भाग
(तत् वाद्यों सहित अन्य वाद्य वाले विद्यार्थियों के लिए)

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट/आन्तरिक मूल्यांकन कार्य होगा–

खण्ड 'क'
शास्त्रीय शब्दों की परिभाषा एवं व्याख्या–

1. वर्ण, सप्तक (मन्द्र, मध्य, तार) का विस्तृत अध्ययन, मुर्की, कण, विवादी स्वर, मींड घसीट, झाला, जोड़ आलाप, तिहाई, सम, वक्र स्वर।
2. भातखण्डे एवं विष्णु दिगम्बर संगीत लिपि पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन।
3. थाटों का वर्गीकरण और उनसे रागों की उत्पत्ति।

खण्ड 'ख'

1. वादन पाठ्यक्रम में रागों की विषेषताए– स्वर विस्तार एवं अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त एवं भेद।
2. गतों को लिपिबद्ध (तोड़ों एवं सरल स्वर विस्तार के साथ) करने की योग्यता।
3. स्वर समूहों के छोटे–छोटे टुकड़ों के आधार पर रागों को पहचानने की योग्यता।
4. जीवनी– पं0 विष्णु दिगम्बर पलुष्कर, तानसेन।
5. निबन्ध–संगीत सम्बन्धी सामान्य विषयों पर छोटा निबन्ध।
6. राग विहाग तथा राग भैरवी में एक मसीतखानी गत तथा एक रज़ाखानी गत का अध्ययन।
7. राग देस, राग बागेश्री तथा राग काफी में कलात्मक विकास के बिना एक गत। इन रागों में आरोह, अवरोह, पकड़ लिखने की योग्यता।
8. ताल कहरवा, तीनताल, एकताल और चारताल का ज्ञान।
9. अपने वाद्य में बजने वाले बोलों को निकालने की विधि का ज्ञान।
10. प्रचलित वाद्य और उनकी विषेषताओं का ज्ञान।

नोट :–उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों की आन्तरिक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसके लिए 10 अंक निर्धारित किये गये है तथा 10 अंकों के प्रोजेक्ट कार्य कराये जायेगें।

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :–निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार कराए जाएगे। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट दे सकते है।

1. अपने वाद्य की उत्पत्ति एवं विकास का सचित्र वर्णन।
2. अपने वाद्य यंत्र के वर्ण की निकास विधि।
3. रेडियों एवं टी0वी0 द्वारा प्रसारित होने वाले कुछ संगीत कार्यक्रमों को सुनकर उनकी सूची बनाकर उनके बारे में संक्षेप में लिखिए।
4. उत्तर भारतीय संगीत के ''भारत रत्न'' पुरस्कार प्राप्त किसी एक संगीतज्ञ का चार्ट बनाइए।
5. अपने वाद्य का सचित्र चार्ट बनाकर अंगों का वर्णन कीजिए।
6. तबला की मुख्य परम्परा/घराना को चार्ट में प्रदर्शित कीजिए।
7. किसी संगीत समारोह का आंखों देखा वर्णन कीजिए।
8. किसी प्रसिद्ध संगीतज्ञ के संगीतिक योगदान को विस्तार से समझाइए।
9. संगीत शिक्षा प्रदान करने वाली प्रमुख संस्थाओं का संक्षिप्त परिचय लिखिए।
10. हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध संगीतज्ञों के चित्र एकत्रित कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लगाइए तथा संक्षिप्त परिचय लिखिए।
11. वाद्य के समस्त प्रकारों (तत् सुषिर, घन, अवनद्ध) के कुछ चित्र एकत्रित कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में चिपकाइए तथा उन्हें बजाने वाले सम्बन्धित कलाकार का नाम लिखिए।
12.

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**अगस्त माह**	**10 अंक (5+5)**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक (5+5)**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय- सिलाई

पूर्णांक 100

(कक्षा-10)

इस विषय में 70 अंकों की लिखित परीक्षा एवं 30 अंक आन्तरिक मूल्यांकन का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 अंक हैं।

नोट: 70 अंकों की लिखित परीक्षा में एक अंक के 20 बहुविकल्पी प्रश्न (खंड अ) जिनके उत्तर OMR शीट पर देने होंगे, 50 अंक के वर्णात्मक प्रश्न (खंड ब; अतिलघु-9x2, लघु-5x4, दीर्घ उत्तरीय–2x6) होंगे।

इकाई

1-विभिन्न कपड़ों की किस्मे- कमीज का रेशमी कपड़ा, कमीज का सूती कपड़ा, कमीज का ऊनी कपड़ा एवं रासायनिक वस्त्र।

2-पोशाक के प्रकार- स्त्री, पुरुष तथा बच्चों की पोशाकों की प्रकार का ज्ञान।

3-कपड़े श्रिंक करने की विधि तथा उसकी उपयोगिता।

4-अच्छे कटर के गुण तथा दोष।

5-मशीन में आने वाले दोष तथा उन्हें दूर करने के उपाय, मशीन की देखभाल, तेल के नियम, पुर्जों की जानकारी।

6-पैटर्न कटिंग व उसके लाभ।

7-सिलाई में प्रेसिंग, फोल्डिंग तथा फिनिशिंग का ज्ञान तथा उसके लाभ।

8-रासायनिक वस्त्रों के निर्माण में वातावरण पर होने वाले प्रभाव / स्वास्थ्य से उनका सम्बन्ध और बचाव।

9-सिलाई के काम में आने वाले विभिन्न टांको का ज्ञान।

10-सलवार, लेडीज कुर्ता , ब्लाउज, कलीदार कुर्ता, कुन्देदार पायजामा, टेनिस कालर शर्ट, हाफ पैन्ट तथा फुलपैन्ट।

(i) इन सभी परिधानों के नाप लिखना।

(i i) रेखा चित्र बनाना।

नोट–प्रत्येक इकाई से प्रश्न पूंछे जायेंगे तथा प्रत्येक इकाई का अंक (7) समान है।

सिलाई–प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

पेपरकटिंग- सलवार, लेडीज कुर्ता, ब्लाउज, कलीदार कुर्ता, कुन्देदार पायजामा, टेनिस कालर शर्ट, पैन्ट एवं हाफ पैन्ट सम्बन्धित वस्त्रों के नामों की जानकारी एवं ड्राइंग का अभ्यास

प्रयोगात्मक- (i) ब्लाउज, कुन्देदार पायजामा (अलीगढ़), कलीदार कुर्ता ।

(i i) सिलाई में प्रयोग होने वाले उपकरण का ज्ञान।

(i i i) प्रेसिंग सामग्री (इक्यूपमेण्ट्स) की जानकारी एवं उपयोगिता ।

(i v) प्रयोगात्मक वस्त्रों के सिलाई सम्बन्धी परिधानों की हाथ सिलाइयों, काज, बटन एवं पूर्णरूपेण फिनिशिंग का ज्ञान तथा अभ्यास करना।

प्रोजेक्ट कार्यों की सूची

नोट: निम्नलिखित प्रोजेक्ट सूची में से कोई दो प्रोजेक्ट करायें। प्रोजेक्ट कार्यों की फाइल तैयार करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रोजेक्ट पाँच अंक का होगा।

1- सिलाई एवं सिलाई मशीन।
2- सिलाई एवं पेपर कटिंग |
3- सिलाई एक कला
4- धागों की दुनिया
5- परिधान रचना (फाइल तैयार करे जिसमें पाठ्यक्रमानुसार छोटे-छोटे वस्त्र (नमूना) सिल कर लगायें।
6- सिलाई किट
7- सिलाई मशीन के विभिन्न पुजे, उनमें उत्पन्न होने वाले दोष एवं उनका निवारण।
8- पोशाक के प्रकार
9- रासायनिक वस्त्र एवं वातावरण
10- सिलाई एवं कढ़ाई के विभिन्न टांके
11. जागरूकता–यातायात संबंधित ज्ञान।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

आन्तरिक मूल्यांकन निम्नवत कराये जाने की संस्तुति की जाती है-

1.प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन -		
प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य	अगस्त माह	10 अंक (5+5)
2- द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन -		
प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य	दिसम्बर माह	10 अंक (5+5)
3- चार मासिक परीक्षाएं		10 अंक
i. प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीयप्रश्नों (MCQ के आधार पर)		मई
ii. द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक परीक्षा के आधार पर)		जुलाई
iii. तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीयप्रश्नों (MCQ के आधार पर)		नवम्बर
iv. चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक परीक्षा के आधार पर)		दिसम्बर

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

कम्प्यूटर

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन होगा। पूर्णांक 100

1. सी भाषा का परिचय एवं कोडिंग **15 अंक**

1.1 सी भाषा परिचय, महत्व एवम् वैरियेबल्स की अवधारणा
1.2 कैरेक्टर सेट, डाटा टाइप एवं ऑपरेटर
1.3 इनपुट, आउटपुट, स्टेटमेंट्स
1.4 जंपिंग एवं ब्रांचिंग स्टेटमेंट्स, इफ–एल्स स्टेटमेंट्स, लूपिंग स्टेटमेंट्स

2. एरे : स्ट्रिंग और फंक्शन **15 अंक**

2.1 एरेः परिचय, सिंगल एवम् डबल डायमेंशन
2.2 सर्चिंग एवं सार्टिंग : बाइनरी सर्च, लिनियर सर्च, बबल शॉट, सिलेक्शन सॉर्ट
2.3 फंक्शन एवं सबरूटीनः टाइप्स ऑफ फंक्शन, कॉलिंग ऑफ फंक्शन
2.4 स्ट्रिंग मैनिपुलेशन
2.5 स्ट्रक्चर एंड यूनियन से परिचय एवं उनका अनुप्रयोग

3. प्वाइंटर और फाइल संचालन **10 अंक**

3.1 प्वाइंटर : परिचय, प्वाइंटर्स और एरे, प्वाइंटर्स एवं स्ट्रक्चर, प्वाइंटर्स और फंक्शन
3.2 फाइल हैंडलिंग

4. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई.) एवं ड्रोन प्रौद्योगिकी **15 अंक**

4.1 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का परिचय
4.2 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिभाषा भविष्य एवं विषेषताएं
4.3 इंटेलिजेंट एजेंट
4.4 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग
4.5 समस्या समाधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुप्रयोग उदाहरण सहित
4.6 ड्रोन प्रौद्योगिकी का परिचय
4.7 ड्रोन प्रौद्योगिकी की परिभाषा, इतिहास एवम् विषेषताएं
4.8 ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रमुख क्षेत्रों में अनुप्रयोग
4.9 वर्गीकरण : हवाई जहाज, मल्टीरोटर, हाइब्रिड

5. ई–कॉमर्स : और साइबर सुरक्षा **15 अंक**

5.1 ई–कॉमर्स : परिचय, ई–कॉमर्स के प्रकार (बी2बी, बी2सी, सी2बी)
5.2 इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम
5.3 ई गवर्नेंस का संक्षिप्त परिचय
5.4 ई गवर्नेंस का कुछ प्रमुख क्षेत्रों में उदाहरण सहित अनुप्रयोग
5.5 साइबर सुरक्षा के मूल तत्व, महत्व एवं जानकारी
5.6 साइबर अपराध और उसके प्रकार : हैंकिंग, फिशिंग, साइबर फ्रॉड, स्पूफिंग इत्यादि
5.7 रोकथाम
5.8 रिपोर्टिंग
5.9 समस्या समाधान उदाहरण के साथ

प्रयोगात्मक

1– इनपुट आउटपुट पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना।
2– कंडीशनल स्टेटमेंट पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना।,
3– लूपिंग स्टेटमेंट पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना।
4– एरे पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना।
5– स्ट्रक्चर एवं यूनियन पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना।
6– पॉइंटर पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना।
7– फाइल ऑपरेशन पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना।
8–संर्चिग एवं सर्टिंग पर आधारित प्रोग्राम तैयार एवं परीक्षण करना

प्रोजेक्ट कार्य

इनमें से कोई दो करना अनिवार्य है तथा दोनों के अंक समान है।
1– ड्रोन टेक्नोलॉजी का अध्ययन।
2– ई–कॉमर्स एवं उसके अनुप्रयोग पर केस स्टडी।
3– ई गवर्नेंस के प्रमुख क्षेत्रों में उदाहरण सहित अनुप्रयोग।
4– साइबर सिक्योरिटी के अनुप्रयोग का अध्ययन।
5– आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग के अध्ययन।
6–सड़क सुरक्षा तथा जागरूकता दर्शाते हुए Emergency में प्राप्त होने वाली सुविधाओं की विवरणिका तैयार करें।

शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**अगस्त माह**	**10 अंक (5+5)**
2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक (5+5)**
3–चार मासिक परीक्षाएं		**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

विषय–कृषि

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन होगा। पूर्णांक 100

1–मृदा विज्ञान **7**
मृदा जैव पदार्थ, उसके स्रोत, वितरण, संरक्षण और मिट्टी का प्रभाव, ऊसर, क्षारीय तथा अम्लीय मिट्टी और सुधार, भू–क्षरण, मिट्टी का कटाव, भू–संरक्षण के सामान्य उपाय।

2–सिंचाई व जल निकास **5**
(क) जल के स्रोत––कुँआ, नलकूप, बाँध, नहरें, तालाब, नदियाँ आदि।
(ख) सिंचाई की विधियाँ––अप्लावन, क्यारी, नाली, बेसिन, छिड़काव, बार्डर, ट्रिप सिंचाई आदि।

3–खाद तथा उर्वरक **8**
(क) अजैव खादें (उर्वरक), उनका वर्गीकरण, महत्व, अमोनियम सल्फेट, यूरिया, कैल्शियम, अमोनियम नाइट्रेट, सुपर फास्फेट, पोटैशियम क्लोराइड, डाई अमोनियम फास्फेट (डी0ए0पी0)
(ख) उर्वरकों के प्रयोग की विधियाँ
(ग) उर्वरक मिश्रण––विभिन्न फसलों के लिये उर्वरकों की आवश्यकता, उर्वरक मिश्रण बनाने के लिए परिकलन या जानकारी।

4–भू–परिष्करण **5**
(क) विभिन्न फसलों के लिए भू–परिष्करण की आवश्यकतायें एवं उनका महत्व।
(ख) फसल की सुरक्षा तथा बागवानी के प्रमुख यंत्र––डस्टर, स्प्रेयर, सिक्रेटियर, हैजसियर, बडिंग तथा ग्राफ्टिंग नाइफ, थ्रेसर तथा ओसाई के यन्त्र

5–आपदायें––दैवी आपदायें जैसे बाढ़, सूखा, भूकम्प, आग, अतिवृष्टि, उपलवृष्टि आदि का मूलभूत ज्ञान। इनका फसल या पर्यावरण पर प्रभाव तथा बचाव के उपाय। **2**

6—निम्न फार्म की फसलों की खेती—— **10**

धान, मूँगफली, गेहूँ तथा गन्ना।

7—सब्जियों की खेती—— **10**

आलू, खरबूजा, फूलगोभी, टमाटर, लौकी, भिण्डी, प्याज।

8—बागवानी—— **10**

बाग के लिए भूमि का चुनाव, गृह उद्यान तथा फलोद्यान, प्रदेश की प्रमुख फसलों, जैसे आम, अमरूद, पपीता तथा नींबू की खेती।

9—पशुपालन—— **8**

डेरी उद्योग तथा पशु चिकित्सा विज्ञान

(क) पशुओं की सामान्य देख—रेख तथा प्रबन्ध।

(ख) पशु आहार।

(ग) स्वच्छदोहन विधि, स्वच्छ एवं सुरक्षित दूध।

(घ) दुग्धोत्पादन सम्बन्धी सामान्य जानकारी।

(ङ) सामान्य पशु रोग——बुखार, मुँहपका—खुरपका, रिन्डरपेस्ट, पेचिस, गलाघोटू के लक्षण तथा उपचार की विधियाँ।

10—फल परीक्षण——फल तथा सब्जियों के परीक्षण की विधियाँ, फल व पदार्थों के नष्ट होने के कारण, डिब्बों का जीवाणु नाशन तथा डिब्बा बन्दी, फल तथा सब्जियों का निर्जलीकरण। **5**

प्रयोगात्मक

1—बीज शैय्या तैयार करना।

2—उर्वरक, खरपतवार एवं बीजों की पहचान।

3—मौखिक

4—वार्षिक अभिलेख

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :—निम्नलिखित में से कोई दो प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार कराए। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1—बाग लगाने की उपयुक्त विधि का अध्ययन करना।

2—उर्वरकों के प्रयोग करने की उपयुक्त विधि का अध्ययन करना।

3—स्प्रेअर का प्रयोग करने की विधि तथा सावधानियों का अध्ययन करना।

4—जैम बनाने की विधि का अध्ययन करना।

5—जेली बनाने की विधि का अध्ययन करना।

6—दुग्ध—दोहन की उपयुक्त विधि का अध्ययन करना।

7—ड्रिप सिंचाई का अध्ययन करना।

8—सिंचाई के लिये नहरों की उपयोगिता का अध्ययन करना।

9—उत्तर प्रदेश की मृदाओं में फासफोरस एवं पोटाश पोषक तत्व का प्रयोग करना।

10— पशुओं में होने वाले खुरपका—मुंहपका रोग एवं अन्य सामान्य रोगों के लक्षण व उनके उपचार की विधियों का अध्ययन।

नोट :—प्रयोगात्मक परीक्षा एवं प्रोजेक्ट कार्य का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा।

शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1—प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—	(प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**अगस्त माह**	**10 अंक (5+5)**
2—द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—	(प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य)	**दिसम्बर माह**	**10 अंक (5+5)**
3—चार मासिक परीक्षाएं			**10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।

कक्षा–10

हेल्थ केयर

क्षेत्र–स्वास्थ्य देखभाल (स्तर–2)

पूर्णांक : 70

इकाई–1 **10 अंक**

प्रकरण– अस्पताल संरचना और कार्य–

1– अस्पताल के विभिन्न विभागों, पेषेवर (Pofessional) तथा सहयोगी स्टाफ के कार्य व भूमिका।

2– अस्पताल में सहायक विभागों के कार्यों और भूमिका का ज्ञान।

3– विभिन्न मानदण्डों के आधार पर अस्पतालों का वर्गीकरण।

4– अस्पताल के विभिन्न कार्यों से सामान्य ड्यूटी सहायक (General Assistant) की भूमिका का सम्बन्ध।

5– अच्छे सामान्य ड्यूटी सहायक के गुणों का ज्ञान।

इकाई–2 **10 अंक**

प्रकरण– मरीजों की देखभाल और देखभाल योजना से परिचय–

1– देखभाल योजना क्रियान्वयन में सामान्य ड्यूटी सहायक की भूमिका।

2– मरीज को आहार देने में सामान्य ड्यूटी सहायक की भूमिका।

3– वाइटल साइन/महत्वपूर्ण संकेतों की रिपोर्ट और पहचान।

4– मरीज की आवष्यकतानुसार बिस्तर तैयार करना।

5– आवष्यकतानुसार मरीज को आसीन करना।

इकाई–3 **15 अंक**

प्रकरण– कीटाणुशोधन और विसंक्रमण–

1– सूक्ष्मजीवों द्वारा होने वाले रोगों का वर्णन।

2– सामान्य मानवीय रोग और उनके कारक (एजेण्ट) का ज्ञान।

3– अस्पताल उपार्जित संक्रमण के नियंत्रण और रोकथाम में व्यवसायकों और कर्मचारियों की भूमिका।

4– रोगी कक्षों (Wards) और उपकरणों का विसंक्रमण।

इकाई–4 **13 अंक**

प्रकरण– प्रारम्भिक प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन चिकित्सा राहत–

1– प्राथमिक चिकित्सा के नियमों और सिद्धान्तों का वर्णन।

2– प्राथमिक चिकित्सा के लिए प्रयोग की जाने वाली सुविधाओं, उपकरणों और पदार्थों की पहचान।

3– बुखार, लू, पीठ दर्द, दमा, एवं भोजन द्वारा उत्पन्न बीमारी में प्राथमिक उपचारक की भूमिका

4– घाव, रक्तस्राव, जलने, कीटाणुओं के काटने और डंक मारने, कुत्तों के काटने और सांपों के काटने में प्राथमिक उपचारक की भूमिका

इकाई–5 **12 अंक**

प्रकरण– मानव शरीर संरचना कार्य और पोषण

1– मानव शरीर के भागों की पहचान।

2– मानव शरीर की वृद्धि और पोषण में पोषक तत्व।

इकाई–6 **10 अंक**

प्रकरण– अस्पताल में जनसम्बन्ध

1– चिकित्सीय स्वागतकर्ता की भूमिका और कार्य

2– आपातकालीन कॉल के लिए प्रतिक्रिया।

3– जन–सम्बन्धों के निर्वाह में कम्प्यूटर का प्रयोग।

4– मरीजों और सहायकों (**attendantS**) के साथ आचरण।

प्रयोगात्मक

1– अस्पतालों की कार्यप्रणाली देखने के लिए निकटस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामान्य अस्पताल का भ्रमण।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–सामान्य अस्पताल, विषेष (Specialized) देखभाल केन्द्र एवं तृतीयक देखभाल केन्द्र का फ्लो चार्ट–चार्ट बनाना।

अस्पतालों के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली जैसे–OPD, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, फार्मेसी, अभिलेखीकरण, नकद विभाग, वित्त, हाउस कीपिंग, मानव संसाधन।

2— i) अस्पताल में रोगी को बिस्तर पर उचित देखभाल एवं साफ–सफाई से भोजन कराने का रोल प्ले
ii) बिस्तर–रोगी का बिस्तर तैयार करने का प्रदर्षन।
iii) वाइटल साइन्स (Vital Signs) तापमान, पल्स, रूधिर दाब आदि के निरीक्षण का रोल प्ले
- फाइंड डेड सेट समस्या।
- नेटवर्किंग।
- MD का उपयोग।
- सर्किट डायग्राम की जांच करना।
- वजर टेस्टिंग, कम्पन, मदरबोर्ड टेस्टिंग, सर्चिंग (नेटवर्क)।

(2) सॉफ्टवेयर (Soft ware)

–कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी प्राप्त करना।
–मोबाइल में प्रयुक्त किये जाने वाले साफ्टवेयर की जानकारी।
–लॉकिंग व अनलॉकिंग की जानकारी।
–IMEI नम्बर की जानकारी।
–रिंगटोन, सिंगटोन, वालपेपर, ऑडियो, वीडियो, Mp 3 Song SBJ लोड करना।

(24) ट्रेड–पर्यटन एवं आतिथ्य

पाठ्यक्रम

नोट–कुल 100 अंक का प्रश्न–पत्र होगा जिसमें 50 अंक की लिखित परीक्षा तथा 50 अंक का प्रयोगात्मक कार्य होगा।

उददे्श्य–

(1) छात्रों में अतिथि देवो भव की भावना विकसित करना।
(2) हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन व्यवसाय को समझना।
(3) पर्यटन और आतिथ्य से सम्बन्धित विषय को समझना।
(4) बातचीत के तरीकों को विकसित करना।
(5) आत्मनिर्भरता की भावना का विकास करना।

रोजगार के अवसर–

छात्रों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके मनोबल को बढ़ाना, जिससे छात्र स्वयं इस प्रकार के कार्य अथवा उद्योग को अपनाकर जीवन–निर्वाह कर सकें।

सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम **पूर्णांक 50 अंक**

इकाई–1 **05 अंक**

(1) पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी की परिभाषा।
(2) पर्यटक की परिभाषा तथा पर्यटन गाइड।
(3) ऐतिहासिक पृष्ठभूमि।
(4) हॉस्पिटैलिटी की उत्पत्ति का कारण।
(5) आतिथ्य एवं पर्यटन का अर्थ, क्षेत्र, आवश्यकता, महत्व एवं अवधारणा।

इकाई–2 **05 अंक**

(1) भारत में पर्यटन का महत्व।
(2) उद्देश्य।
(3) कारण।
(4) पर्यटन के प्रकार जैसे–प्राकृतिक, वाइल्ड, साहसिक, धार्मिक, फूड, डोमेस्टिक, ग्रामीण, शहरी इत्यादि।
(5) इनबाउन्ड टूरिज्म और आउटबाउन्ड टूरिज्म।

इकाई–3 फ्रन्ट आफिस संचालन **10 अंक**

(1) फ्रन्ट ऑफिस की परिभाषा तथा महत्व।
(2) फ्रन्ट ऑफिस के कार्य तथा अनुभाग।
(3) फ्रन्ट ऑफिस के स्टाफ के गुण तथा व्यक्तिगत भाव।
(4) फ्रन्ट ऑफिस के स्टाफ, उनके कार्य तथा उत्तरदायित्व।
(5) विभिन्न प्रकार के प्लान–A.P., C.P., E.P., M.A.P.।

(6) चेक–इन तथा चेक–आउट, प्रोसीजर (प्रक्रिया) चेक आउट टाइम।
(7) आगमन और प्रस्थान विधि।
(8) बेल डेस्क के कार्य और महत्व।
(9) Reception के कार्य और महत्व।
(10) विभिन्न प्रकार के रजिस्टर–
(क) Log Book
(ख) आगमन और प्रस्थान रजिस्टर।
(ग) डाक्टर आनकाल रजिस्टर।
(घ) Guest Folio
(ङ) C-Form रजिस्टर।

इकाई–4 House keeping **15 अंक**

(1) हाउसकीपिंग की परिभाषा और महत्व।
(2) हाउसकीपिंग के कार्य और अनुभाग।
(3) हाउसकीपिंग स्टाफ के कार्य, उनके उत्तरदायित्व तथा संगठन चार्ट।
(4) हाउसकीपिंग स्टाफ के गुण तथा भाव।
(5) ले–आउट।
(6) लॉस्ट एवं फाउण्ड प्रक्रिया।
(7) लेनिन तथा यूनीफार्म रूम तथा इसका ले आउट।
(8) DND, CLEAN MY ROOM तथा दूसरे प्रकार के डोर नॉब कार्ड के विषय में जानना।
(9) ब्लाक रूम तथा अतिथि रूम को बनाना।
(10) डर्टी लेनिन प्रोसीजर (प्रक्रिया) DND तथा रूम को हैण्डल करना।

इकाई–5 **15 अंक**

(1) F & B Service की परिभाषा और उद्देश्य।
(2) विभिन्न प्रकार के अनुभाग।
(3) कस्टमर हैंडलिंग।
(4) स्टाफ संरचना एवं संगठन।
(5) Restaurant, Coffee Shop, Discotheque, Night Club, मल्टी स्पेशियल्टी रेस्टोरेन्ट, कैफेटेरिया इत्यादि।
(6) Room Service अनुभाग के कार्य।
(7) Kitchen Stewarding के कार्य।
(8) किचेन के प्रमुख अनुभागों को जानना जैसे–Continental, इण्डियन, चाइनिज, बेकरी इत्यादि।
(9) विभिन्न प्रकार के शेफ (Chef) तथा उनके कार्य।
(10) किचेन का ले आउट बनाना।
(11) वेटर के कार्य तथा गुण।
(12) हाईजीन और सैनीटेशन का महत्व।

प्रयोगात्मक कार्य **पूर्णांक 50 अंक**

निर्देश–निम्न में से कोई पांच प्रयोगात्मक कार्य करें। प्रत्येक के लिए दस अंक निर्धारित हैं।

(1) गेस्ट से बात करते समय बात करने का ढंग, उस समय प्रयोग किया जाने वाला कम्यूनिकेशन और गेस्ट के स्वागत करने का तरीका।
(2) शैक्षणिक भ्रमण की सहायता से होटल और ट्रेवेल एजेंसी को जानना।
(3) मैन्यू की योजना बनाना–
(क) एक मैन्यू बनाना जो 300 लोगों के लिए हो (साप्ताहिक दर्शायें)।
(ख) छात्रावास का मैन्यू बनायें (200 छात्रों के लिए)
(ग) कवर सेटअप करना (विभिन्न प्रकार के मैन्यू के लिए)।
(घ) बूफे सेटअप करना।
(ङ) ऑडर, टेकिंग।
(च) सर्विस करना।
(छ) बिल पेमेन्ट करना।
(ज) के0ओ0टी0 / बी0ओ0टी0 काटना।
(झ) बिलिंग प्रोसिजर्स।

(4) बेड मेकिंग–

(क) मार्निंग सर्विस।

(ख) शाम की सर्विस।

(ग) अकस्मात रूम व्यवस्था।

(घ) सफाई चक्र।

(ङ) रख–रखाव और गृह की व्यवस्था।

(च) कमरे तथा रेस्टोरेन्ट के लिए प्रयोग किये जाने वाले लेनिन की व्यवस्था।

(5) मेड्सकार्ट में रखे जाने वाले वस्तुओं को रखना तथा उसका प्रयोग करना।

(6) विभिन्न प्रकार के प्रोफार्मा को बनाना–

(क) C-Form

(ख) Log Book

(ग) आने वाले तथा जाने वालों के रजिस्टर

(घ) आर्गनाइजेशन

(ङ) वीटनरी टैक सिस्टम को बनाना

(च) अतिथि का स्वागत करना

(छ) टूर पैकेज बनाना

(7) Room रिपोर्ट बनाना।

(8) Lost & Found रजिस्टर बनाना।

(9) टेलीफोन से बात करने का तरीका (क्या करना और क्या न करना)।

(10) रिजर्वेशन करने का तरीका (हाथ से और कम्प्यूटर) द्वारा।

(11) कम्प्यूटर द्वारा कार्य और अनुप्रयोग विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर पैकेज का प्रयोग।

(12) गेस्ट की शिकायतों को हैंडिल करना तथा उनको निपटाना।

(13) आचार–व्यवहार और ड्रेस कोडिंग।

(14) अकस्मात दिक्कतों को निपटाना।

(15) हाइजीन और सेनीटेशन।

(16) विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थों को बनाना तथा उसकी सर्विस करना।

(17) लगेज हैंडलिंग प्रोसिजर।

(18) गेस्ट का टिकट बुक कराना।

(19) विभिन्न प्रकार के Plan द्वारा रूम बुक कराना।

(20) रजिस्ट्रेशन कराना।

(21) प्रोजेक्ट बनाना।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पी0एस0यू0पी0–36 हिन्दी गजट–भाग 4–2024 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०-एन०डी०-4
लाइसेन्स सं०-डब्ल्यू०पी०-41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 07 दिसम्बर, 2024 ई० (अग्रहायण 16, 1946 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

कार्यालय, नगर पंचायत मनकापुर, जनपद-गोण्डा

26 जुलाई, 2024 ई0

''नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा स्वच्छता एवं प्रयोक्ता शुल्क उपविधि, 2024''

सं0 1/15/उपविधि/न0पं0म0/2024—नगर पंचायत मनकापुर, जनपद-गोण्डा ने नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-293 एवं 298 एवं उसमें दी गई विविध उप धाराओं के अन्तर्गत व वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत ''ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016'' के अन्तर्गत वांछित व्यवस्थाओं के क्रियान्वन एंव विनियमन हेतु तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी अन्य शासनादेशों में दिये गये प्रावधानों के क्रम में अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 20 जनवरी, 2024 के उपरान्त नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा स्वच्छता एवं प्रयोक्ता शुल्क उपविधि 2024 को बनाया गया।यह उपविधि ठोस अपशिष्टों के संग्रहण, भण्डारण, परिवहन, प्रसंस्करण (Processing) एंव निपटान (Disposal) तथा स्वच्छता सम्बंधी प्रकरणों के सभी मामलों एवं वस्तुओं के विनियमन एवं विविध दण्ड एवं जुर्माने के सम्बंध में है। जिसका अनुमोदन निकाय की बोर्ड बैठक दिनांकः 30.01.2024 में किया गया है। उपविधि पर दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त करने हेतु उपनियमावलियों को नियमानुसार दैनिक समाचार-पत्र समायिक सहारा दिनांक 21/02/2024 एवं प्रभात नमन 21/02/2024 को समाचार-पत्रों में प्रकाशन कराकर एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराकर प्रकाशन के उपरान्त 35 दिनों तक आम जनता के आपत्ति/सुझाव कार्यालय में आमन्त्रित किये गये। निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति नहीं प्राप्त हुई, तदोपरान्त उपविधि को अन्तिम रूप दे दिया गया। जिसका अनुमोदन निकाय बोर्ड द्वारा दिनांकः 29 जून, 2024 की बैठक में किया गया। उपविधि का विवरण निम्नलिखित है—

संक्षिप्त नाम एवं परिभाषा—

1—इस उपविधि का नाम नगर पंचायत मनकापुर, गोण्डा की ''नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा स्वच्छता एवं प्रयोक्ता शुल्क उपविधि, 2024'' कहलायेगी तथा सरकारी गजट में प्रकाशन के दिनांक से लागू/प्रभावी होगी।

2–यह उपविधि उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 के अन्तर्गत संशोधित होने की तिथि तक प्रभावी रहेगी। इस प्रकार के संशोधन स्थानीय समाचार-पत्र में पर्याप्त नोटिस देकर प्रकाशित किये जायेंगे।

3–'लागू होना'' –यह उपविधि नगर पंचायत मनकापुर, जनपद-गोण्डा की सीमा में (भविष्य में विस्तारण के फलस्वरूप संशोधित सीमायें इसमें सम्मिलित मानी जायेगी) लागू होगी एवं सभी सार्वजनिक स्थलों, सभी ठोस अपशिष्ट उत्पादन करने वालों, प्रत्येक स्वामित्व/अध्यासन वाले परिसर से सम्बंन्धित व्यक्तियों पर जो नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-गोण्डा की सीमा में है पर लागू होगी।

4– इस उपविधि में जब तक विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो या इस संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो उपविधि एवं परिषिष्ट में प्रयुक्त शब्दों की परिभाषा निम्नवत् है–

क–''अभिकरण या अभिकर्ता'' से तात्पर्य नगर पंचायत मनकापुर, जनपद-गोण्डा द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति या संस्था या एजेन्सी या फर्म या संविदाकर्ता से है, जो उसकी ओर रोड गलियों की सफाई और अपशिष्ट के संग्रह, प्रबन्धन, परिवहन, भण्डारण, पृथक्कीरण संग्रहण, यूजर चार्ज, शमन शुल्क के संग्रह आदि कृत्य का निर्वहन करें।

ख–जैवनाशित अपशिष्ट (बायोडिग्रेडिबल वेस्ट)'' से तात्पर्य जीवाणू या अन्य जीवित प्राणियों द्वारा अपघटित या नाशित किये जाने योग्य कूड़ा-कचरा या अपशिष्ट सामग्री से है। उदाहरण स्वरूप पेड़ पौधों/जानवरों से जनित अपशिष्ट जैसे रसोई अपशिष्ट, भोजन एवं फूलों के अपशिष्ट, पत्तियों, बगीचा का अपशिष्ट, जानवरों का गोबर, मीट/मछली का अपशिष्ट अथवा अन्य कोई पदार्थ जो माइक्रोआर्गेनिज्म द्वारा डिग्रेड/डिकम्पोज हो सकता है।

ग–जैवचिकित्सा अपशिष्ट (बायोडिग्रेडिबल वेस्ट)'' से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट से है जो किसी प्राणी या जन्तु के निदान या उपचार के दौरान या अनुसंधान क्रियाकलापों में या जीवों के उत्पादन या परीक्षण में सृजित हो। इसके अन्तर्गत अनुसूची तीन में उल्लिखित श्रेणियॉ भी सम्मिलित है।

घ–शुष्क अपशिष्ट से तात्पर्य'' बायो डिग्रेडिबल अपशिष्ट और गली के निष्क्रिय कूड़ा करकट से भिन्न अपशिष्ट से है और जिसके अन्तर्गत री-साइक्लेबल अपशिष्ट, नान-रीसाइक्लेबल अपशिष्ट, ज्वलनशील अपशिष्ट और सेनेटरी नैपकिन और डापर आदि से है।

ङ–घरेलू परिसंकटमय (हजार्डस) अपशिष्ट'' से तात्पर्य घरेलू स्तर पर उत्पन्न संक्रामक/हानिकारक अपशिष्टों जैसे फेके हुए पेंट के ड्रम, कीटनाशी के डिब्बे, सी0एफ0एल0 बल्ब, ट्यूबलाइटें, अवधि समाप्त औषधियों, टूटे हुए पारा वाले थर्मामीटर, प्रयुक्त बैटरियॉ, प्रयुक्त सुइयॉ तथा सिरिंज और संदूषित पटिट्यॉ आदि से है।

च–''बायो–मीथीनेशन से तात्पर्य'' ऐसी प्रक्रिया से है जिसमें माइक्रोबियल एक्शन द्वारा कार्बनिक पदार्थ का इन्जाइमी डीकम्पोजीशन/ब्रेकिंग डाउन होता है। जिसके कारण मीथेन से भरपूर बायोगैस का उत्पादन होता है।

छ–''द्वार-द्वार संग्रहण से तात्पर्य'' घरों दुकानों वाणिज्यिक प्रतिष्टानों, कार्यालयों, संस्थागत या किसी अन्य गैर आवासीय परिसरों के द्वार तक जाकर ठोस अपशिष्ट का संग्रहण करना और जिसके अन्तर्गत किसी आवासीय सोसाइटी, बहुमंजिले भवन या अपार्टमेंट, बड़े आवासीय, वाणिज्यिक या संस्थागत काम्पलेक्स या परिसर में भू-तल पर प्रवेश द्वार या किसी अभिहित स्थल से ठोस अपशिष्ट का संग्रहण करने से है।

ज–''विकेन्द्रित प्रसंस्करण'' से तात्पर्य बायोडिग्रेडिबल अपशिष्ट के प्रसंस्करण को अधिकतम करने के लिए बिखरी हुई सुविधाओं की स्थापना और उत्पादन के स्रोत से निकटतम रीसाइक्लेबल सामग्रियों की प्रति प्राप्ति करने से है ताकि प्रसंस्करण या निपटान के लिए अपशिष्ट का न्यूनतम परिवहन करना पड़े।

झ–''ब्रांड ओनर से ताप्तपर्य'' ऐसी किसी व्यक्ति अथवा कम्पनी से है जो किसी सामग्री की एक रजिस्टर्ड ब्रैड लेबल के अन्तर्गत वाणिज्यिक विक्रय करती है।

ञ–''निपटान से तात्पर्य'' भूजल, सतही जल परिवेशी वायु के संदूषण तथा पशुओं या पक्षियों के आकर्षण को रोकने के लिए यथा विनिर्दिष्ट भूमि पर प्रसंस्करण उपरान्त अपशिष्ट, ठोस अपशिष्ट और निष्क्रिय गली का कूड़ा, करकट और सतही नाले की सिल्ट का अंतिम तथा सुरक्षित निपटान से है।

ट–''नगर निकाय से तात्पर्य नगर पंचायत मनकापुर, जनपद-गोण्डा से है।

ठ–बृहद अपशिष्ट सृजक (बल्क वेस्ट जनरेटर) से तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट उत्पादकों से है जो औसतन 100 किलोग्राम की दर से या निकाय बोर्ड द्वारा निर्धारित दर से अधिक दैनिक रूप से अपशिष्ट उत्पादित करते है। तथा इनमें केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभागों अथवा उपक्रमों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक या प्राइवेट सेक्टर की कम्पनियों, अस्पतालों, नर्सिंग होम, स्कूलों, कालेजों, विश्वविद्यालयों अन्य शैक्षिक संस्थानों, छात्रावासों, होटलों, वाणिज्यिक स्थापनाओं, बाजारों, पूजा स्थलों, स्टेडियमों और खेल परिसरों द्वारा अधिकृत भवन या अन्य प्रयोगकर्ता जैसे कि क्लब, जिमखाना, शादीघर, मनोरंजन परिसर भी शामिल है, आदि से है।

ड–''संग्रहण से तात्पर्य नियत संग्रहण स्थलों या अन्य स्थानों से नगरीय ठोस अपशिष्ट के उठाने और हटाने से है।

ढ– ''स्रोत'' पर संग्रहण'' से तात्पर्य किसी भवन के परिसर या भवनों के किसी समूह के परिसर के भीतर से नगर निकाय द्वारा नगरीय ठोस अपशिष्ट के संग्रहण से है। इसे ''घर-घर संग्रहण'' भी कहा जा सकता है।

ण– ''सामुदायिक अपशिष्ट भण्डारण केन्द्र'' से ताप्तर्य किसी ऐसी भण्डारण सुविधा से है। जिसकी व्यवस्था तथा रख-रखाव नगरीय ठोस अपशिष्ट के भण्डारण हेतु एक या उससे अधिक परिसरों के स्वामियों और/या अध्यासियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

त– ''कम्पोस्ट खाद निर्माण से तात्पर्य'' ऐसी नियन्त्रित प्रक्रिया से है जिसमें कार्बनिक पदार्थ का जैव अवक्रमणीय अपशिष्ट को वानस्पतिक खाद में परिवर्तन करने हेतु केचुओं के प्रयोग की एक प्रक्रिया है।

थ– निर्माण व ध्वस्तीकरण सम्बन्धी अपशिष्ट'' से तात्पर्य निर्माण, पुर्ननिर्माण, मरम्मत और ध्वस्तीकरण संक्रिया से निकलने वाली भवन सामग्री, मलवा और रोड़ी से उत्पन्न अपशिष्ट से है।

द– ''अपशिष्ट छॅटाई केन्द्र'' से तात्पर्य किसी ऐसी अभिहित भूमि शेड छतरी, या ढाचे से है जो किसी नगर निकाय की या सरकारी भूमि पर या अपशिष्ट को प्राप्त करने या उसकी छटाई करने के लिए प्राधिकृत किसी सार्वजनिक जगह पर स्थित हो।

ध– ''अपशिष्ट उत्पादन'' से तात्पर्य नगर निकाय की सीमा में नगरीय ठोस अपशिष्ट का उत्पादन करने वाले किसी व्यक्ति या संस्था से है।

न– ''निष्क्रिय ठोस अपशिष्ट से तात्पर्य'' किसी ठोस अपशिष्ट या प्रसंस्करण के अवशेष से है, जिसके भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणधर्म उसे सफाई सम्बन्धी गड्ढे के लिए उपयुक्त बनता है।

प–''कूड़ा कचरा से तात्पर्य'' किसी प्रकार का ठोस या तरल घरेलू या वाणिज्यिक कचरा, मलबा या कूड़ा या किसी प्रकार का शीशा धातु आदि के टुकड़े कागज कपड़ा, लकड़ी खाना, वाहन के परियुक्त से फर्नीचर या फर्नीचर से भाग, निर्माण से ध्वस्त साम्रगी, उद्यान अपशिष्ट, कतरन, ठोस बालू या पत्थर और किसी सार्वजनिक स्थान पर जमा की गयी कोई अन्य सामग्री पदार्थ या वस्तु से है।

फ– ''संग्रहण'' से तात्पर्य कूड़े कचरे को ऐसे स्थान पर रखने से है, जहाँ पर गिराया या उतारा जाता है। अथवा वह कर आता है, रिसता या अन्य प्रकार से वह कर आता है या किसी सार्वजनिक स्थान में या उस पर उसके गिराने, उतारने, बहकर आने, रिसने या किसी प्रकार से आने की सम्भावना हो।

ब– ''स्थानीय क्षेत्र नागरिक समूह'' स्थानीय क्षेत्र नागरीक समूह से तात्पर्य आवासीय या वाणिज्यिक परिसरों के स्वामियों या अध्यासियों के किसी समूह या किसी विशिष्ट पड़ोस के ऐसे स्वामियों या अध्यासियों की समितियों या संगठनों से है जो नगर निकाय द्वारा विनिर्दिष्ट मानदण्ड के आधार पर परिभाषित किये गये हो। जो उस क्षेत्र में सफाई बनाये रखने और अपशिष्ट में कमी करने, पृथक्करण और पुर्नचक्रण के लिए उत्तरदायित्व लेने के लिए आगे आये हों। प्रतिबन्ध यह है कि व सहकारी समितियों के निबन्धक द्वारा पंजीकृत हों और उनके उद्देश्य और प्रयोजन के अन्तर्गत सफाई बनायें रखने और अपशिष्ट के पृथक्करण और पुर्नचक्रण भी सम्मिलित हों और उसे नगर निकाय द्वारा स्थानीय क्षेत्र नागरिक समूह के रूप में अनुमोदित किया गया है।

भ–''मार्ग विक्रेता (स्ट्रीट वेण्डर)'' से तात्पर्य किसी गली, लेन, पार्श्व–पथ, पैदल पथ खड़न्जा, सार्वजनिक उद्यान या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर या प्राइवेट क्षेत्र, अस्थायी रूप से निर्मित संरचना या स्थान से स्थान घूम कर साधारण जनता को दैनिक उपयोग के वस्तु, मल, खाद्य सामग्री या वाणिज्यिक वस्तु के विक्रय करने या उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानान्तरित करने में लगे व्यक्ति से है। जिसके अन्तर्गत फेरीवाला आदि सम्मिलित है।

म–''नगरीय ठोस अपशिष्ट'' के अन्तर्गत नगर निकाय में उत्पादित ऐसा वाणिज्यिक, आवासीय और अन्य अपशिष्ट भी है, जो ठोस या अर्द्धठोस के रूप में हो।

य–'' गैर सरकारी संगठन या स्वयंसेवी'' से तात्पर्य नगर के ऐसे गैर सरकारी से है जो नगर में सिविल सोसाइटी संगठन और गैर सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधित्व निकाय है, सुसंगत अधिनियमों के तहत पंजीकृत हो।

र–''अध्यासी'' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भूमि या किसी भवन या उसके भाग का अध्यासी है या अन्यथा रूप से उपयोग कर रहा है।

ल–''स्वामी से तात्पर्य'' ऐसे व्यक्ति से है जो किसी भवन भूमि या उसके स्वामी के अधिकारी का प्रयोग कर रहा है।

व–'' प्रसंस्करण से तात्पर्य ऐसे किसी वैज्ञानिक प्रसंस्करण से है जिसके द्वारा ठोस अपशिष्ट पुर्नचक्रण या भू-भरण स्थल हेतु उपयुक्त बनाने के प्रयोजन के लिए प्रसंस्करण हेतु अभिक्रियित किया गया है।

श–''पुर्नचक्रण'' से तात्पर्य नये उत्पादों को उत्पादित करने हेतु पृथक्कृत गैर जैव विकृत ठोस अपशिष्ट को ऐसी कच्ची सामग्री में परिवर्तन करने की प्रक्रिया से है, जो मूल उत्पादनों के समान हो सकती है या नहीं हो सकती है।

ष–''कचरा निस्तारण प्रभार से तात्पर्य'' नगर निकाय द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट उत्पादकों से नगरीय ठोस अपशिष्ट के संग्रह, परिवहन, और निस्तारण के लिए अधिसूचित फीस या प्रभार से है। इसमें विभिन्न प्रकार के लाईसेंसी के लिए यथा प्रयोज्य व्यापार कचरा प्रभार सम्मिलित है।

स–''प्रयोक्ता शुल्क'' से तात्पर्य कचरा निस्तारण कार्य के सन्दर्भ में निर्धारित यूजर चार्ज से है।

ह–''पृथक्करण'' से तात्पर्य नगरीय ठोस अपशिष्ट को विनिर्दिष्टि समूह के जैव नाशित परिसंकटमय जैव चिकित्सीय निर्माण और ध्वंश सामूहिक उद्यान और बागवानी एवं समस्त अन्य अपशिष्ट को पृथक करने से है।

ह–''छंटाई'' करना से तात्पर्य मिश्रित अपशिष्ट से पुर्नचक्रण योग्य विभिन्न संघटकों और प्रवर्गो जैसे कागज, प्लास्टिक, गत्ता, धातु, कॉच आदि को समुचित पुनः चक्रण सुविधा में पृथक करना सम्मिलित है।

क्ष–''भण्डारण'' से तात्पर्य नगरीय ठोस अपशिष्ट के उस रीति से अस्थायी संग्रहण से है जिससे कि कूड़ा करकट के बिखराव, रोगवाहकों के आकर्षण, आवारा पशुओं और अतिशय दुर्गन्ध को रोका जा सकें।

ज्ञ–''परिवहन'' से तात्पर्य नगरीय ठोस अपशिष्ट के एक संस्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने से है।

अ–''विहित प्राधिकारी'' में अधिशासी अधिकारी से सफाई कर्मचारी तक समस्त अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित माने जायेंगे। इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होगें, जो अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबन्ध नियम, 2016 में उनके लिए क्रमशः समुनिदेशित है जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो।

इस उपविधि के अन्तर्गत उपरोक्त दी गयी परिभाषा से सम्बंधित दायित्यों/कर्तव्यों/कार्यों का विवरण प्रतिशंघ, शास्ति एवं प्रशमन आदि का विवरण निम्नवत् हैः–

अपशिष्ट उत्पन्नकर्ताओं के सामान्य कर्तव्य–

(क) उनके द्वारा उत्पन्न किये गये अपशिष्ट को पृथक्करण और तीन पृथक्करण और तीन पृथक शाखाओं अर्थात बायोडिगग्रेडिबुल (गीला-कूड़ा) नान-बायोडिग्रेबल (सूखा-कूड़ा) और घरेलू हजार्ड्स अपशिष्ट के तीन अलग-अलग रंग के डिब्बों क्रमशः हरा, नीला, एंव काला में भंडारित करेगा और समय-समय पर नगर निकाय द्वारा निर्गत निर्देश या अधिसूचना के अनुसार पृथक किये गये अपशिष्ट चुनने वालों या अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं को सौंपेगा।

(ख) प्रयोग किये गये स्वास्थ्यकर अपशिष्ट जैसे डायपरों और स्वास्थ्यकर पैडों आदि इन उत्पादों के निर्माताओं या ब्रांड स्वामियों द्वारा उपलब्ध करायी गई थैली में या स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा यथा निर्देशित उपयुक्त लपेटन (रैपर) सामग्री में शुष्क अपशिष्ट या नान-बायोडिग्रेबल अपशिष्ट हेतु बनाये गये डिब्बे में उसे डालेगा।

(ग) अपने परिसर से उत्पन्न कृषि उद्यान अपशिष्ट और उद्यान अपशिष्ट को अपने ही परिसर में पृथक् रूप से भंडारित करेगा। और समय-समय पर स्थानीय निकाय के निर्देशानुसार इसका निपटान करेगा।

(घ) कोई अपशिष्ट उत्पादन उसके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट को गली, खुले सार्वजनिक स्थानों, नाली/नालों या जलाशयों में न फेकेगा, न जलायेगा और न गाड़ेगा।

(ङ) सभी अपशिष्ट उत्पन्नकर्ता ऐसी उपयोक्ता फीस अनुसूची–4 का भुगतान करेंगे जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगरपालिका परिषद् की उपविधिम में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(च) कोई व्यक्ति अग्रिम रूप से कार्यक्रम की तिथि से कम से कम तीन कार्य दिवस पूर्व स्थानीय निकाय को सूचित किये बिना किसी गैर अनुज्ञप्ति वाले स्थान पर एक सौ व्यक्तियों से अधिक का ऐसा कोई आयोजन या सामरोह आयोजित नहीं करेगा। ऐसे व्यक्ति या ऐसे आयोजन का आयोजक स्रोत पर अपशिष्ट के पृथक्करण की व्यवस्था करेगा और पृथक्कृत अपशिष्ट को नगरपालिका परिषद् द्वारा अभिहित अपशिष्ट चुनने वाले को या अपशिष्ट संग्रहण अभिकरण को सौंपेगा। तथा इस सन्दर्भ में दी गयी अनुमति की सभी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(छ) प्रत्येग मार्ग विता (स्ट्रीट वेन्डर) अपने कार्यकलाप के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट जैसे कि खाद्य अपशिष्ट प्रयोज्य (डिस्पोजेबल) प्लेटों, कपों, डिब्बों, रैपरों, नारियल के छिलकों, शेष बचे भोजन, सब्जियों, फलों आदि के लिए उपयुक्त पात्र रखेगा और ऐसे अपशिष्ट को नगरपालिका परिषद् द्वारा अभिहित अपशिष्ट चुनने वाले को या अपशिष्ट संग्रहण अभिकरण को सौंपेगा अन्यथा समीपस्थ सम्बन्धित अपशिष्ट संग्रह पात्रों में डालेगा।

(ज) 5000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी गेट लगे समुदाय और संस्थान नगर पंचायत की भागीदारी में इन नियमों में यथा विहित उत्पादकों द्वारा अपशिष्ट को स्रोत पर ही पृथक किये गये अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रों में संग्रहण करने में सहायता करना तथा पुनर्चक्रकों को सौंपना सुनिश्चित करेंगे। बायोडिग्रेबल अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रों में संग्रहण करने में सहायता करना तथा पुनर्चक्रकों को सौंपना सुनिश्चित करेंगे। बायोडिग्रेबल अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रों में सग्रहण करने में सहायता करना तथा संभव होगा परिसर के अंदर संशोधित, उपचारित और कम्पोस्टिंग करके अथवा बायो मीथेनाइजेशन या अन्य के जरिये निपटान किया जायेगा। शेष अपशिष्ट नगर निकाय द्वारा यथा निर्देशित अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं या अभिकरण को सौंपा दिया जायेगा।

(झ) सभी बृहद अपशिष्ट सृजक नगर निकाय की भागीदारी में इन नियमों में यथा विहित उत्पादकों द्वारा अपशिष्ट को स्रोत पर पृथक करने, पृथक किये गये अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रों में संग्रहण करने और पुनर्चक्रणीय सामग्री को प्राधिकृत अपशिष्ट उठाने वालों अथवा प्राधिकृत पुनर्चक्रकों को सौपना सुनिश्चित करेगे। बृहद अपशिष्ट सृजक द्वारा बायोडिग्रेबल अपशिष्ट का परिसर के अंदर संशोधित, उपचारित और कंपोस्टिंग करके अथवा बायोमिथनाइजेशन या अन्य के जरिये निपटान अनिवार्य रूप से किया जायेगा। शेष अपशिष्ट नगर निकाय द्वारा यथा निर्देशित अपशिष्ट संग्रहकर्ताओं या अभिकरण को सौंपा दिया जायेगा।

प्रतिषेध–

(1) कोई व्यक्ति स्वयं या दूसरे व्यक्ति द्वारा किसी भी साधन से जानबूझकर या अन्य किसी सार्वजनिक स्थान, निजी या सार्वजनिक जल निकासी कार्यों से सम्बद्ध नाली, गली गडढ़ा सम्वातन पाईप और फिटिंगों में कोई कूड़ा कचरा, या अपशिष्ट नहीं फेंकेगा या फेंकवाने हेतु प्रेरित करेगा। जिससे निम्नलिखित की सम्भावना हो–

(2) नाली एवं मल पदार्थ के निर्बाध प्रवाह या उसके उपचार और व्ययन में बाधा पड़ने की खतरनाक होने या जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने की (2) कोई भी व्यक्ति विनिर्दिष्ट रूप से उपबंधित लोक सुविधाओं के सिवाय किसी सार्वजनिक स्थल पर स्नान नहीं करेगा। न ही थूकेगा न पेशाब करेगा न ही उसे विकृत करेगा। और न ही पशुओं और चिड़ियों के समूह को खिलायेगा। और न ही पशुओं, वाहनों, बर्तनों या किसी अन्य वस्तु का प्रक्षालन करेगा।

(3) कोई व्यक्ति स्वामी या अधिभोगी स्वामित्व प्राप्त या अध्यासित किसी परिसर के सामने या उससे संलग्न किसी सार्वजनिक स्थल को किसी प्रकार के अपशिष्ट चाहे वह द्रव्य, अर्द्धठोस या ठोस पदार्थ हो जिसमें मल प्रवाह और अपशिष्ट जल भी सम्मिलित है, से गन्दा नहीं करेगा।

(4) कोई भी व्यक्ति खुले में शौच/पेशाब न तो स्वयं करेगा और न ही अपने पालक से करायेगा।

(5) पालतू पशुओं के स्वामी किसी भी दशा मे उन्हें खुला नहीं छोड़ेंगे क्योंकि इससे मार्ग/खुले सार्वजनिक स्थलों पर उनके मलमूत्र से गंदगी, आवागमन में अवशेष एंव दुर्घटनायें होने की सम्भावना बनी रहती है।

(6) कोई भी व्यक्ति घाटों, सीढ़ियों, सड़कों के डिवाडर नाम पट्टों, साइनेज या मार्ग दर्शक बोर्डों अथवा इसी प्रकार के र्सावजनिक स्थानों पर पोस्टर या अन्य सामग्री चिपकाकर या अन्य प्रकार से गंदगी नहीं करेगा।

(7) कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं थर्माकोल आइटम्स का उत्पादन का प्रयोग, वितरण भण्डारण, विक्रय अथवा निर्माण नहीं करेगा।

(8) कोई भी व्यक्ति सड़क, मार्ग या अनाधिकृत स्थल पर जानवरों का गोबर लीद, पचौनी या अन्य इसी प्रकार के पदार्थ न तो डालेगा और न ही डलवायेगा।

(9) कोई भी व्यक्ति, जानवरों का पालक/स्वामी ड्रेनेज/सीवरेज सिस्टम में गोबर इत्यादि डालकर गन्दगी नहीं करेगा।

(10) कोई भी व्यक्ति या उसका पालक किसी सार्वजनिक स्थल, सड़क, पार्क आदि में अपशिष्ट डालकर गन्दगी करने पर अथवा सफाई कर्मी द्वारा घर-घर से अपशिष्ट एकत्रित करने के बाद यदि किसी व्यक्ति द्वारा गली या सड़क पर कूड़ा डालते हुए पाया जाता है तो अपशिष्ट को स्थल से हटाकर निस्तारण स्थल तक ले जाने का व्यय सम्बंधित उल्लंघनकर्ता से वसूली किया जायेगा।

(11) कोई भी व्यक्ति, संस्था, प्रतिष्ठान आदि बिना सक्षम स्तर के स्वीकृति के किसी भी प्रकार की बोरिंग नहीं करेगा, समर सेबिल नहीं लगायेगा। पेयजल का पीने के अतिरिक्त अन्य प्रयोग नहीं करेगा।

नगरीय ठोस अपशिष्ट का संग्रहण–

क–घरेलू अपशिष्ट का द्वार-द्वार संग्रहण–

(1) द्वार-द्वार संग्रहण में लगे प्रत्येक सफाईकर्मी को कंटेनरयुक्त हाथठेला/रिक्शा/वाहन तथा एक घण्टी या सीटी/सायरन उपलब्ध करायी जाएगी। प्रत्येक कर्मी का सफाई बीट में सफाई तथा निश्चित की गई संख्या में भवनों के अपशिष्ट संग्रहण का दायित्व सौंपा जायेगा। सफाईकर्मी घण्टी या सीटी/सायरन बजाकर सफाई तथा घरों से अपशिष्ट संग्रहण का कार्य यथा निर्धिारित समयावधि मे एंव यथा-निर्धारित स्वरूप में करेगा। सफाई कर्मी सड़क/गली की सफाई से संग्रहित पेड़ों के पत्तों एवं कूड़े को जलायेगा। ना ही और उसे नगरपालिका परिषद् द्वारा प्राधिकृत अपशिष्ट संग्रहकर्ता को सौपेगा।

(2) नगर निकाय वैकल्पिक रूप से घर-घर से अपशिष्ट संग्रहण के लिए कन्टेनरयुक्त वाहन/मोटरवाहन की व्यवस्था कर सकेगा। वाहन चालक घर या बीट में हार्न बजाकर अपने अपने आने की सूचना देगा, स्वामी या अघ्यासी अपने घरेलू अपशिष्ट को सीधे कन्टेनर में डालेंगे।

(3) किसी कारणवश उप नियम (1) अथवा (2) में अंकित व्यवस्था संभव न होने पर स्वयं सेवी सगंठनों, अभिकरणों अथवा ठेकेदारों द्वारा प्रतिदिन घर-घर से अपशिष्ट संग्रहण का कार्य कराया जा सकेगा।

(4) भवन स्वामी या अध्यासी से प्रयोक्ता शुल्क भी वसूली जा सकेगी।

ख–होटल अपशिष्ट का संग्रहण-होटल या रेस्टोरेंट द्वारा अपशिष्ट संग्रहण के लिए स्वयं की व्यवस्था की जायेगी। नगर निकाय द्वारा यह व्यवस्था सम्पूर्ण लगत मूल्य के भुगतान के आधार पर की जा सकेगी।

ग–शादी घरों, कल्याण मण्डपों एवं सामुदायिक केंद्रों के अपशिष्ट का संग्रहण-शादी घरों, कल्याण मण्डपों, सामुदायिक केन्द्रों से प्रतिदिन ठोस अपशिष्ट संग्रहण के लिए नगर निकायों द्वारा सम्पूर्ण लागत मूल्य के भुगतान के आधार पर की जा सकेगी। गीले कूड़े का निस्तारण इनको स्वयं करना होगा। यह व्यवस्था ठेकेदार द्वारा अथवा अभिकरण/अभिकर्ताओं द्वारा भी करायी जा सकेगी।

घ–वधशाला अपशिष्ट तथा मृत पशुओं की अस्थियों का निस्तारण वैज्ञानिक रीति से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की दिशा निर्देशों के अनुसार की जायेगी। इस अपशिष्ट को नगरीय ठोस अपशिष्ट में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

ड–औद्योगिक अपशिष्ट का संग्रहण परिवहन और निस्तारण औद्योगिक संस्थानों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

च–अनुपचारित जैव चिकित्सा अपशिष्ट (जैसा अनुसूची-3 मे सूचीबद्ध है) का विनिर्दिष्ट प्रकार के निर्धारित पात्रों में भण्डारित किया जायेगा। और अपशिष्ट के प्रत्येक उत्पादन द्वारा संग्रह वाहन को सौंपा जायेगा। जिसकी व्यवस्था साप्ताहिक समयान्तर से नगर निकाय द्वारा या किया अभिकरण द्वारा की जायेगी। या ऐसे अपशिष्ट के संग्रह के लिए अभिहित केन्द्र को ऐसी रीति से निस्तारण करने के लिए सौंपा जायेगा। जो जैव चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन और व्यवस्था) नियमावली, 2016 के अनुसार आदेशित हों।

छ–निर्माण और ध्वस्तीकरण संबंधी अपशिष्ट के भण्डारण और निस्तारण के सम्बंध में लघु सृजकों (घरेलू स्तर) के लिए यह उत्तरदायित्व पूर्ण होगा कि वह प्रारम्भिक अवस्था में भी पृथक-पृथक किये गये निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का भण्डारण करेंगे एवं नगरपालिका परिषद् द्वारा निर्धारित स्थल पर उसका परिवाहन कर डालेगा, अन्यथा कि स्थिति में उत्पादक से पृथक-पृथक किये गये निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट को उठाने के लिये वाहन उपलब्ध करायेगा। जिसका एक विनिर्दिष्ट प्रभार होगा। तदुपरान्त इस अपशिष्ट को प्रसंस्करण केन्द्र को भेज दिया जायेगा।

ज–सभी जैव अनाधित (नानबायोडिग्रडेबुल) अपशिष्ट पुनः प्रयोग करने योग्य और पुनः प्रयोग न करने योग्य अपशिष्ट का भंडारण अपशिष्ट के प्रत्येक उत्पादन द्वारा पृथक-पृथक किया जायेगा और उसे निर्दिष्ट अपशिष्ट संग्रह वाहन को सौपा जायेगा। जिसकी व्यवस्था नगरपालिका परिषद् या उसके अभिकर्ता द्वारा ऐसे स्थानों और ऐसे समय पर की जायेगी। जैसा कि ऐसे अपशिष्ट को संग्रह करने के लिए समय-समय पर सम्बंधित अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जायेगा या नगर निकाय या सरकारी या निजी भूमि पर स्थापित लाइसेंस प्राप्त अपशिष्ट के छंटान केन्द्रों को दिया जायेगा।

ञ–वेस्ट पिकर्स– वेस्ट पिकर्स (कूड़ा बिनने वालों का) का सर्वेक्षण कर उनका व उनसे संबंधित सहकारी संस्थाओं को चिन्हित किया जायेगा तथा प्रत्येक वेस्ट पिकर को पहचान-पत्र दिया जायेगा। उन्हें अपने कार्य का प्रशिक्षण देते हुए उनका कार्य क्षेत्र निर्धारित कर पहचान-पत्र में अंकित किया जायेगा तथा उन्हें घर-घर से रिसाईक्लेबल अपशिष्ट संग्रह करने हेतु प्रेरित किया जायेगा। वेस्ट पिकर्स वाली सहकारी संस्थाओं , लाईसेंस प्राप्त पुनः प्रयोगकर्ताओं या कबाड़ियों को अपशिष्ट संग्रह सेवाओं की व्यवस्था करने के लिए नगर निकाय के लाईसेंस प्राप्त अभिकर्ताओं के साथ ऐसे अपशिष्ट छटान केन्द्रों के संचालन के लिए नियुक्त किया जा सकता है। (पुनः प्रयोग करने योग्य अपशिष्ट के प्रकार की विस्तृत सूची अनुसूची दो में दी गई है।)

ट–उद्यान और बागबानी अपशिष्ट की प्रारंभिक अवस्था में ही कम्पोस्ट खाद बनायी जायेगी। जहाँ स्थल पर ही कम्पोस्ट खाद बनाना संभव न हो नगर निकाय अधिसूचित उचित फीस लेकर पृथक-पृथक किये गये उद्यान और बागबानी अपशिष्ट का संग्रह और परिवहन जारी रखेगा।

ठ–आवासीय और अन्य क्षेत्रों से संग्रहित अपशिष्ट को हाथठेला गाड़ियों से सामुदायिक अपशिष्ट संग्रह स्थल पर डाला जायेगा।

ड–किसी प्रकार के अपशिष्ट को जलाया नहीं जायेगा।

ढ–नाले एवं नालियों के सफाई से निकली हुई सिल्ट के संग्रह एंव परिवहन तथा निपटान हेतु अलग से व्यवस्था की जायेगी।

नगरीय ठोस अपिशिष्ट का पृथक्करण–

5 (1) प्रत्येक व्यक्ति, स्वामी या अध्यासी या अपशिष्ट उत्पादक नगरीय ठोस अपशिष्ट को अपशिष्ट उत्पादन स्रोत के आधार पर निम्नलिखित श्रेणियों में पृथक् करेगाः–

क– जैव नाशित (बायोडिग्रेडिबुल) अपशिष्ट (गीला कूड़ा)

ख– जैव अनाशित (नानबायोडिग्रेडिबुल) अपशिष्ट (सूखा कूड़ा)

ग– जैव चिकित्सीय (बायोमेडिकल) अपशिष्ट

घ– घरेलू परिसंकटमय (हजार्डस) अपशिष्ट

(2) पृथक्करण के लिए नगर निकाय द्वारा जनजागरण एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस हेतु जन कल्याण समितियों, गैर सरकारी संगठनों, कक्ष समितियों, तथा नागरिक समूहों को सम्मिलित किया जायेगा।

6 (1) नगर निकाय नगरीय ठोस अपशिष्ट के भण्डारण के सुविधाओं की स्थापना और अनुरक्षण इस नीति से करेगा कि आस-पास अस्वास्थ्यकर स्थिति न उत्पन्न हो।

(2) भण्डारण सुविधा सुगम स्थल पर होगी।

(3) भण्डारण सुविधा इस प्रकार की हो जहाँ किसी प्रकार का अपदूषण तथा गन्दगी न फैले।

(4) नगरीय ठोस अपशिष्ट का भण्डारण व हथालन सुगमतापूर्वक हो सकें, अतः यह कार्य मशीनों द्वारा किया जाना श्रेयस्कर होगा।

(5) जहाँ किसी सामुदायिक अपशिष्ट भण्डारण केन्द्र चाहे वह खुले स्थान में हों या बन्द शेड में जो किसी परिसर में हो या किसी सार्वजनिक स्थान पर स्थित हो से नगर निकाय वाहनों द्वारा सीधे ही नगरीय ठोस अपशिष्ट का संग्रह किया जाता हो वहाँ ठोस को पृथक्-पृथक् किये गये अपशिष्ट के विभिन्न प्रकारों के लिए व्यवस्था किये गये अनुसार जमा किया जायेगा।

सामुदायिक अपशिष्ट भण्डारण केन्द्र–

अपशिष्ट उत्पादकों द्वारा पृथक्कृत ठोस अपशिष्ट का निस्तारण इस हेतु उपबंधित अपशिष्ट वाहनों तथा अपशिष्ट भण्डारण केन्द्रों में किया जायेगा। जहाँ से नगर निकायों द्वारा संग्रह वाहन ऐसे अपशिष्ट का प्रतिदिन ऐसे समय पर संग्रहित करेगा जैसा अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी/कर्मचारी समय -समय पर अधिसूचित करें।

ढॉचागत सुविधाओं की व्यवस्था–

नगर निकाय इस नियमावली के प्रावधानों के अनुपालन में नागरिकों की सहायता करने के लिए पर्याप्त ढॉचागत सुविधाओं की व्यवस्था करेगा। अपशिष्ट संग्रह सेवाओं के अतिरिक्त कूड़ा फेंकने के लिए डस्टविन, सामुदायिक भण्डारण केन्द्र अपशिष्ट छॉटन केन्द्र और कम्पोस्ट खाद बनाने के केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। जहाँ कहीं सम्भव और आवश्यक हो यह कार्य स्थानीय नागरिकों के परामर्श और सहभागिता से किया जायेगा। मलिन बस्तियों में सामुदायिक शौचालयों और प्रक्षालन सुविधाओं की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की जायेगी, जिसमें संगठनों या स्थानीय क्षेत्र के नागरिक समूहों पर आधारित स्थानीय समुदायों की भागीदारी होगी। किसी ग्रुप हाउसिंग सोसाईटी, मार्केट, कॉम्प्लेक्स की निर्माण योजना के अनुमोदन से पूर्व भवन योजना में पृथक् किये गये अपशिष्ट के संग्रहण पृथक्करण और भण्डारण के लिए अपशिष्ट संग्रहण केन्द्र स्थापित किए जाने का प्राविधान सम्बंधित सक्षम प्राधिकरण द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। दिन प्रतिदिन के आधार पर बाजारों से सब्जियों, फलों, फूलो, मांस, कुकुट पालन और मछली बाजार से अपशिष्ट संग्रह करना और इस हेतु स्वास्थ्यकर स्थिति सुनिश्चित करते हुए उचित स्थानों पर विकेन्द्रिकृत कम्पोस्टिंग प्लांट या जैव मीथेनीकरण प्लांट की स्थापना को प्रोत्साहन दिया जायेगा।

सुविधा और सहायता उपलब्ध करना–

अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई प्राधिकारों कम्पोस्ट खाद्य बनाने वाले विशेषज्ञों लाइसेंस प्राप्त कबाड़ियों, पुनः प्रयोग करने वाले व्यापारियों, कूड़ेदान विनिर्माताओं, पुनः प्रयोग करने में सिद्धहस्त अभिकरणों की सूची बनाने में नागरिकों को सुविधा और सहायता मिल सके। कर्मचारियों और पंजीकृत व्यक्तियों और संगठनों के नाम और टेलीफोन नंबर नगर निकाय के सम्बिन्धित कार्यालयों से उपलब्ध कराये जायेंगे। ये संगठन इस प्रक्रियाओं के सम्बंध में प्रशिक्षण, दिशा निर्देश और सहायता प्रदान कर सकते हैं। स्वयंसेवी संस्थाओं और क्षेत्रीय नागरिक समूहों के माध्यम से इसके बारे में जागरूकता उत्पन्न की जायेगी।

कूड़ा-कचरा निस्तारण प्रभार एवं प्रयोक्ता शुल्क लगाया जाना–

नगर निकायों होटलों, रेस्तरां और अपशिष्ट के अन्य सृजकों पर कूड़ा निस्तारण प्रभार लगायेगा। अपशिष्ट प्रभार का निर्धारण अधिशासी अधिकारी द्वारा अपशिष्ट की मात्रा को दृष्टिगत रखते हुए अनुपातिक सिद्धान्त के आधार पर लगाया जायेगा। कूड़े के समुचित निस्तारण के लिए प्रयोक्ता शुल्क लगाया जायेगा। जो कि अनुसूची-4 में वर्णित दरों के अनुसार होगा जो कि प्रत्येक 02 वर्ष में पुनरीक्षित किया जा सकेगा।

कम्पोस्ट खाद को बनाया जाना–

अपशिष्ट के सृजकों को प्रोत्साहित किया जाये कि वे अपने जैवनाशित अपशिष्ट (बायोडिग्रेबल) से कम्पोस्ट खाद बनायें और उसे अपने बगीचों और अपने निजी परिसरों में लगाये गये पेड़ों और आस-पास के पेड़ों में डाले। इस कार्य से बची हुई कम्पोस्ट खाद को नगर निकाय विनिर्दिष्ट निर्धारित मूल्य पर क्रय भी कर सकेंगे।

नगरीय ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण–

(1) जहाँ कहीं सम्भव हो नगर निकाय सार्वजनिक पार्कों, क्रीड़ा स्थल, मनोरंजन स्थल, उद्यानों, अधिक मात्रा में खाली भूमि चाहे वह नगर निकाय या किसी अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण या सरकारी विभाग के स्वामित्व में हो या उसके द्वारा अनारक्षित हो पर लघु प्रसंस्करण इकाईयॉ (कम्पोस्ट खाद बनाना या जैव मैथेनीकरण) स्थापित करेगा।

ऐसी इकाईयों की स्थापना तथा अनुरक्षण गैर सरकारी संगठनों अभिकर्ताओं व्यवस्था अधिकारियों, ठेकेदारों, किरायेदारों द्वारा भी की जा सकती है। ये संस्थायें स्थानीय समुदाय के लिय नमूनों का प्रदर्शन करेगी और इस प्रकार से कार्य करेगी जिससे समाज या पर्यावरण को कोई असुविधा या हानि न हो।

(2) नगर निकाय नदियों, झीलों, तालाबों, पूजा स्थलों आदि के पास कतिपय निर्दिष्ट स्थलों से पूजा सामग्रियों (फूल, पत्ती, फल) को विशेष पात्रों या कलशों में इकट्ठा करने हेतु या तो स्वयं दायित्व लेगा या इच्छुक संगठनों का प्राधिकृत करेगा। इन कलशों या पात्रों से इकट्ठा की गयी सामग्री को उपयुक्त स्थान पर गाड़ा जायेगा या कम्पोस्टिंग इकाइयों द्वारा विशेष रूप से व्यवस्था की जायेगी।

(3) अपशिष्ट के परिवहन लागत को कम करने और अपशिष्ट के स्थानीय प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने के वृहत्तर लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से सम्बन्धित अधिकारी से नोटिस प्राप्त करने वाले अपशिष्ट के किसी उत्पादक के लिये यह अपेक्षित होगा कि वह यथाविनिर्दिष्ट उपयुक्त नोटिस की अवधि के पश्चात् उद्गम स्थल पर या नोटिस में इस प्रयोजनार्थ अभिहित स्थलों पर जैवनाशित अपशिष्ट को प्रसंस्कृत करें।

(4) नगर निकाय ठोस अपशिष्ट के निस्तारण के लिये यथा–आवश्यक एक से अधिक भूमि भरण स्थलों का चिन्हीकरण विकास और अनुरक्षण करेगी और उसमें ऐसे निष्क्रिय ठोस अपशिष्टों को जो पुनर्चक्रण अथवा प्रसंस्करण के लिये समुचित न हो डाला जायेगा।

(5) पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्टों में पुनर्चक्रण की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

(6) वह अपशिष्ट जो अनुपयोगी हो, पुनर्चक्रण के योग्य न हो, नॉन बायोडिग्रेबुल न हो, ज्वलनशील न हो तथा नॉन रीएक्टिव व इनर्ट हो तथा जो अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा से छांट कर निकाला गया हो, को सैनिटरी लैण्डफिल साइट पर निस्तारित किया जायेगा।

(7) छटे हुए अपशिष्ट को यथा सम्भव रीसाइकिल व रीयुज करने हेतु प्रयास किया जायेगा ताकि जीरो-वेस्ट के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

(8) खुली हुई डम्प साइट्स की बायो-माइनिंग व बायो-रेमिडिएशन की व्यवस्था की जायेगी। उपयुक्त न होने पर अथवा अन्यथा की स्थिति में इनकी मानक के अनुसार कैपिंग की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा की जायेगी ताकि पर्यावरण प्रदूषित न हो।

(9) घरेलू परिसंकट मय अपशिष्ट के एकत्रीकरण के लिए अपशिष्ट निक्षेपण केन्द्र की स्थापना, जिनको 10 किलो मीटर क्षेत्रफल के घरेलू परिसंकटमय अपशिष्ट के एकत्रीकरण के लिए बनाया जायेगा। इन केन्द्रों में घरेलू परिसंकट मय अपशिष्ट जमा करने का समय अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जायेगा।

(10) घरेलू परिसंकट मय अपशिष्ट के सुरक्षित भण्डारण एवं परिवहन के लिए राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जायेगा।

नगरीय ठोस अपशिष्ट का परिवहन–

अधिशासी अधिकारी, या उनके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई प्राधिकारी किसी सार्वजनिक या निजी स्थल पर अपशिष्ट एकत्रीकरण का बिन्दु चिन्हित करायेगा। जहाँ नगर निकाय द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली गाड़ी को दिये जाने के लिये एकत्रित अपशिष्ट को लाया जायेगा। कूड़ा गाड़ी की सेवायें नगर निकाय द्वारा मार्ग (रूट) योजना के अनुसार एकत्रित कूड़े को इकट्ठा करने के लिए उपलब्ध करायी जायेगी। अपशिष्ट के परिवहन हेतु प्रयुक्त होने वाले वाहन में रखा गया कूड़ा ढँका रहेगा।

स्रोत पर ही एकत्रीकरण–

भवन स्वामियों या अध्यासियों द्वारा भवनों या भवन समूहों के परिसर के भीतर उपलब्ध कूड़ा स्त्रोत स्थान से एकत्रीकरण की व्यवस्था की जा सकेगी और नगर निकाय की गाड़ियों/कर्मचारियों द्वारा उस कूड़ा पात्रों तक ऐसे समय तक पहुंचाई जायेंगी जैसा अधिसूचित किया जाय।

सार्वजनिक स्थलों पर सामुदायिक अपशिष्ट भण्डारण केन्द्र–

अपवादिक मामलों में जहां स्थान-स्थान पर एकत्रीकरण या स्त्रोत पर ही एकत्रीकरण सम्भव न हो, वहां नगर निकाय द्वारा सामुदायिक अपशिष्ट भण्डारण केन्द्र का सार्वजनिक सड़कों पर या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जहां आवश्यक और संभव हो, रख-रखाव किया जायेगा जैसा कि अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस निमित्त अधिकृत कोई प्राधिकारी द्वारा अवधारित किया जाय।

अपशिष्ट छटाई केन्द्र–

पुनर्चक्रीय और अपुनर्चक्रीय अपशिष्ट की छटाई कार्य को विनियमित करने तथा सुविधापूर्ण बनाने के लिए संबधित अधिकारी उतने अपशिष्ट छटाई केन्द्रों की व्यवस्था करेगा जो आवश्यक और सम्भव हो। ये अपशिष्ट छटाई केन्द्र नगर निकाय की भूमि पर या सरकारी अथवा अन्य निकायों की भूमि पर हो सकते हैं, जो इस प्रयोजनार्थ विशेष रूप से शेड या गुमटी क रूप में उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध कराये जायेगें। इनकी व्यवस्था कूड़ा बिनने वालों की रजिस्टर्ड सहकारी समितियों या अनुज्ञा प्राप्त रीसाइक्लर्स या नगर निकाय द्वारा नियुक्त अथवा प्राधिकृत अन्य अभिकरणों द्वारा भी की जायेगी। जैव अपघटन योग्य अपशिष्ट के भण्डारण के लिए ''हरे रंग'' के डिब्बे पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट क लिये ''नीले रंग'' एवं अन्य अपशिष्ट के लिए ''काले रंग'' के डिब्बे का उपयोग किया जायेगा।छँटाई के बाद अवशेष अपुनर्चक्रीय कूड़े को प्रसंस्करण या भूमि भराव के लिए ऐसे छँटाई केन्द्रों से कूड़ा निस्तारण स्थलों पर भेजा जायेगा। ऐसे अपशिष्ट छँटाई केन्द्रों पर विभिन्न प्रकार के कूड़े को अधिसूचित दरों पर क्रय एवं विक्रय का कार्य अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

समय सारणी तथा एकत्रीकरण का मार्ग–

नगरीय ठोस अपशिष्ट के दैनिक तथा साप्ताहिक एकत्रीकरण की समय सारिणी एवं मार्ग का निर्धारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा किया जायेगा एवं अधिसूचित किया जायेगा। इनका विवरण सम्बन्धित कार्यालयों में भी उपलब्ध रहेगा।

स्थानीय नागरिक एवं स्व सहायता समूहों को प्रोत्साहन दिया जाना–

समूह कराना तथा तद्परान्त घर-घर जाकर अपशिष्ट संग्रह करते सहित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में एकीकरण को प्रोत्साहन दिया जायेगा। स्वैच्छिक संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों अथवा स्थानीय नागरिक समूहों का विनिर्दिष्ट प्रशासनिक प्रभार इकट्ठा करने हेतु अनुबन्ध के आधार पर नगर निकाय द्वारा प्राधिकृत किया जा सकेगा तथा स्वयं सहायता समूहों के गठन को सुगम बनाकर उन्हें पहचान कर पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। जिससे वे अपने क्षेत्र को साफ रख सके। सड़कों की सफाई, कूड़े के एकत्रीकरण, परिवहन, कम्पोंस्टिंग आदि के लिये निर्धारित इकाई दरों पर नगर निकाय या स्वामियों या अध्यासियों से भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। पंजीकरण प्रक्रिया माडल उपविधियों तथा स्थानीय नागरिक समूहों, स्वैच्छिक संस्थाओं अथवा गैर सरकारी संगठनों हेतु माडल अनुबन्ध का प्रारूप नगर पालिका की कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन पर उपलब्ध करायी जायेगी।

सफाई अभियान–

उन क्षेत्रों में जिनको विशेष सफाई अभियान के लिए आवश्यक समझ कर चिन्हित किया जाय और जहाँ स्थानीय पार्षद या सदस्य या नागरिक सहयोग के लिए आगे आते हों सफाई अभियान का आयोजन किया जायेगा। ऐसे विशेष अभियानों के लिए अपेक्षित अतिरिक्त संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा।

जागरूकता, शिक्षा और प्रशिक्षण–

अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस हेतु प्राधिकृत अधिकारी स्वयंसेवी संस्थाओं, स्थानीय नागरिकों, समूहों, नगर निकायकर्मी और उसके अभिकर्ता नगर के स्कूल, आवासीय समितियों, गन्दी बस्तियों, दुकानों, फेरी वालों, अपशिष्ट चुनने वालों/संग्रहकर्ता को कार्यालय संकुलों, औद्योगिक इकाईयों, वाणिज्यिक यूनियनों, सकल एरिया सिटिजन ग्रुप आदि से सफाई के सम्बन्ध में शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाया जायेगा। उसके पश्चात् इन सबकी शिक्षा, जागरूकता सहभागिता एवं प्रशिक्षण के लिए एक समन्वित योजना एवं रणनीति तैयार कर उसे कार्यान्वित की जायेगी। इसमे नगर निकाय की कक्ष समितियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए जन सहभागिता को प्रोत्साहन–

जन सहभागिता और सहयोग से किये गये सफाई कार्य और अपशिष्ट प्रबन्धन के सर्वोत्तम कार्यों के लिए नगर निकाय द्वारा प्रशंसा-पत्र और पुरस्कार प्रदान किया जायेगा तथा प्रचारित किया जायेगा।

शिकायतों का निस्तारण–

नगर निकाय इस उपविधि के प्राविधानों के क्रियान्वन हेतु कम्प्लेण्ट मैनेजमेंट सिस्टम को संचालित करेगा या एक समुचित नया आनलाईन कम्पलेण्ट मैंनेजमेंट सिस्टम तैयार करेगा। शिकायतों और कृत कार्यवाही की रिपोर्ट के आंकड़े ऑनलाईन ग्रिवान्स मैनेजमेंट सिस्टम (ओ0जी0एम0एस0)/सिटिजन्स पोर्टल में प्रदर्शित की जायेगी।

नागरिकों की विशेष सफाई टीम–

अधिशासी अधिकारी, नगर निकाय क्षेत्र में स्वच्छता एवं सफाई कार्यों में विशेष रूचि एवं सहयोग प्रदान करने वाले नागरिकों को स्वच्छाग्रही नामित कर सकता है। सम्बन्धित नागरिक नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई टीम का भी गठन कर सकते हैं। तथा सर्वेक्षण करके सफाई के अनुश्रवण हेतु नियमित रिपोर्ट उपलब्ध करा सकते हैं। इन रिर्पोटों को नगर निकाय कार्मिकों को अग्रसारित किया जायेगा और सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित भी किया जायेगा ताकि इसके माध्यम से उसे क्षेत्र की सफाई और अनुश्रवण सुनिश्चित हो सके। इसमें नगर निकाय की कक्ष समितियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

रूचि की अभिव्यक्ति–

किसी क्षेत्र को साफ रखने या कूड़े के पृथक्करण, पुनरावर्तन या कूड़े का प्रसंस्करण की सुविधाओं की स्थापना, कम्पोस्टिंग वर्मी कम्पोस्टिंग, बायो-मिथेनीकरण आदि की अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जायेगी। रूचि की अभिव्यक्ति के ऐसे सभी आमंत्रण के विवरण सभी वार्ड कार्यालयों में तथा वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगी तथा प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा और मूल्यांकन नगर निकाय द्वारा किया जायेगा।

आकस्मिक निरीक्षण–

सफाई कार्यों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से नगर निकाय की म्युनिसिपल सीमाओं में सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने वार्डों के विभिन्न भागों में किसी भी समय (दिन या रात) आकस्मिक जाँच करेंगें। किसी उल्लंघन के लिए अर्थदण्ड आरोपित किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान पाये जाने वाले कूड़े-कचरे की सफाई नगर निकाय द्वारा की जायेगी और उसमें अन्तर्ग्रस्त व्यय उल्लंघनकर्ता से वसूला जा सकेगा।

नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में दायित्व–

(1) मलिन बस्तियों की सफाई के संबंध में दायित्व–

क– अधिशासी अधिकारी ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए जहाँ-जहाँ भी योग्य समुदाय आधारित संगठन आगे आयें, वर्तमान में अनाच्छादित क्षेत्रों में उनके वार्डों के अन्तर्गत दत्तक बस्ती योजना (मलिन बस्ती अपनाने को अन्तर्गत) का विस्तार करेंगे।

ख–जहाँ आवश्यक हो नगर निकाय की गाड़ी पृथकीकृत ठोस अपशिष्ट का संग्रह करने के लिए मलिन बस्ती के बाहर किसी स्थान पर समय पर उपलब्ध करायी जायेगी।

ग–अपवादिक मामलों में जब तक गाड़ी की सेवायें तत्समय सार्वजनिक मार्ग या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर किसी चिन्हित बिन्दु पर अपेक्षित अन्तराल पर उपलब्ध नहीं करायी जा सकती हो, नगर निकाय द्वारा मानव रोबित सामुदायिक अपशिष्ट भण्डारण कूड़ादान की व्यवस्था की जायेगी जहाँ कूड़ा उत्पन्न करने वालों के ,द्वारा पृथकीकृत अपशिष्ट जमा किया जायेगा और वहाँ नगर निकाय ऐसे अपशिष्ट का संग्रह करेगी।

(2) मुर्गी पालन, मछली, मीट की दूकान एवं बूचड़खाना अपशिष्ट उत्पादक के दायित्व–चिन्हित बूचड़खाना और बाजारों से भिन्न किसी भूगृहादि का स्वामी या अध्यासी जो मुर्गी, मछली, मीट और बूचड़खाना अपशिष्ट को किसी व्यावसायिक गतिविधि के फलस्वरूप उत्पन्न करता है ढ़की हुई, स्वच्छ स्थिति में उसका पृथक् भण्डारण करेगा और इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध कराये गये नगर निकाय के सग्रह वाहन को विनिर्दिष्ट समय पर दैनिक रूप से पहुँचायेगा। किसी सामुदायिक कूड़ादान में ऐसे अपशिष्ट का जमा करना निषिद्ध है और अर्थदण्ड की अनुसूची में इंगित अर्थदण्ड का भागी होगा।

(3) **ठेले वालों/फेंरी वालों के दायित्व**–प्रत्येक ठेले वालों या फेरी वाले सामान बेचने की गतिविधि से उत्पन्न किसी अपशिष्ट के संग्रह के लिए अलग-अलग डिब्बे या कूड़ादान रखेगा । सम्यक् रूप से पृथक् किये गये अपशिष्ट भण्डार कूड़ादान तक पहुचानें का दायित्व कूड़ा उत्पन्न करने वाले का होगा।

(4) **नाली की सफाई का दायित्व**–घरेलू नाली वाले भू-गृहादि के स्वामी अथवा अध्यासी का यह दायित्व होगा कि वह यह सुनिश्चित करें कि वह घर की नाली में कोई अपशिष्ट नहीं इकट्ठा करेगा और निकाय द्वारा उपलब्ध कराये गये अपशिष्ट संग्रह वाहन तक ठोस अपशिष्ट को अलग-अलग करके पहुँचाया जाय। ऐसा करने में विफल रहने पर अर्थदण्ड की अनुसूची के अनुसूची अर्थदण्ड का भागी होगा। जहाँ ऐसे भूमि गृह आदि के स्वामी या अध्यासी घर की नाली की सफाई के लिए नगर निकाय की सेवायें प्राप्त करने की इच्छा करता है तो उसे नगर निकाय से सम्बन्धित वार्ड कार्यालय में आवेदन करना होगा। नगर निकाय द्वारा यथा निर्धारित प्रयोक्ता शुल्क का भुगतान प्राप्त कर घर की नाली की सफाई कराई जा सकेगी।

(5) **पालतू पशु स्वामी का दायित्व**—किसी पालतू पशु के स्वामी का यह दायित्व होगा कि गली या सार्वजनिक स्थान पर पालतू पशु द्वारा फैलाई गयी किसी गन्दगी को शीघ्रता से हटा दे अन्यथा ऐसे अपशिष्ट के समुचित निस्तारण के लिए अर्थदण्ड की अनुसूची के अनुसार अर्थदण्ड का भागी होगा।

(6) **सार्वजनिक सम्मेलन और समारोह आयोजनकर्ता का दायित्व**—सार्वजनिक स्थान पर आयोजित किसी भी प्रकार के सार्वजनिक सम्मेलन और समारोह (जिसमें जुलूस प्रदर्शनी, सर्कस मेलों या राजनैतिक दलों की रैली, व्यावसायिक, धार्मिक, सामाजिक, सास्कृतिक समारोह, विरोध प्रर्दशन, धरना-प्रदर्शन इत्यादि शामिल है) के लिए जिसमें पुलिस और/या नगर निकाय की अनुमति अपेक्षित है समारोह या सम्मेलन के संयोजक का यह दायित्व होगा कि वह उस क्षेत्र और संलग्न क्षेत्रों की सफाई सुनिश्चित करें।

नगर निकाय द्वारा यथा अधिसूचित प्रतिदेय स्वच्छता प्रभार प्रयोक्ता आयोजक से समारोह की अवधि के लिए संबधित कार्यालय में जमा कराया जायेगा। यह प्रभार केवल सार्वजानिक स्थल की सफाई के लिए होगा। इसमें सम्पत्ति की क्षति आच्छादित नहीं होगी।

(7) **निपटान योग्य उत्पादों तथा स्वास्थ्य नैपकिनों और डाइपर के विनिर्माताओं या ब्राण्ड स्वामियों के कर्तव्य**—

(क) निपटान योग्य उत्पादों जैसे—टिन, कॉच, प्लास्टिक पैकेजिंग इत्यादि के सभी निर्माता या ऐसे उत्पादों को बाजार में लाने वाले ब्राण्ड स्वामी उपषिष्ट प्रबन्ध प्रणाली की स्थापना के लिए स्थानीय निकायी को आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करायेंगे ।

(ख) गैर नान बायोडिग्रेडबुल पैकेजिंग सामग्री में अपने उत्पादों की बिक्री या विपणन करने वाले ऐसे सभी ब्राण्ड स्वामी उनके उत्पाद के कारण उत्पन्न हुए पैकेजिंग अपशिष्ट को वापस ग्रहण करने के लिए प्रणाली की व्यवस्था करेंगे ।

(ग) स्वास्थ्य कर नैपकीनों तथा डाइपरों के विनिर्माताओं या ब्राण्ड स्वामियों या विपणन कम्पनियों द्वारा अपनी उत्पादों में सभी पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों के प्रयोग की सम्भाव्यता का पता लगायेंगे या अपने स्वास्थ्य कर उत्पादों के पैकेट के साथ प्रत्येक नैपकीन या डाइपर के निस्तारण के लिए एक पाउच या रेपर उपलब्ध करायेंगे ।

(घ) ऐसे सभी विनिर्माताओं या ब्राण्ड स्वामियों या विपणन कम्पनियां द्वारा अपनी उत्पादों को लपेटने और उनका निस्तारण करने के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी जायेगी ।

नियमों के उल्लंघन के लिए शास्ति एवं अपराधों का प्रशमन—

1—उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर निकाय निश्चित करती है कि इस उपविधि के किसी भी नियम का उल्लघन करना अथवा उल्लघन के दुष्प्रेरित करना दण्डनीय उपराध होगा। ऐसे व्यक्ति संस्था अथवा अन्य के विरूद्ध नियमानुसार अभियोजन संस्थित किया जायेगा। इस नियमावली के अधीन दण्डनीय कोई अपराध अधिशासी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिकृत किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा अथवा अधिशासी अधिकारी द्वारा उक्त कार्यो के लिए अनुबन्धित संस्थाओं द्वारा शमन शुल्क की ऐसी धनराशि के जैसा कि संलग्न अनुसूची—1 में उल्लिखित है, वसूल करके प्रशायिल किया जा सकता है परन्तु शर्त यह होगी कि निकाय में बाहरी संस्थाओं द्वारा वसूल की गयी।

2—**प्रशमन शुल्क कि धनराशि**— 1 में उल्लिखित है वसूल करके प्रशमित किया जा सकता है परन्तु शर्त यह होगी कि निकाय में बाहरी संस्थाओं द्वारा वसूल की गयी प्रशमन शुल्क कि धनराशि का 75 प्रतिशत उसी दिन नगर निकाय कोष में जमा करना होगा व उसकी लिखित सूचना व सूची नगर निकाय कोष में जमा करना होगा व उसकी लिखित सूचना व सूची नगर निकाय के सफाई विभाग में प्रस्तुत करनी होगी । शेष 25 प्रतिशत धनराशि संस्थायें अपने पास रखेगी और जहां अपराध का इस प्रकार प्रशमन ।

(क) अभियोजन संस्थित किये जाने के पूर्व किया जाता है वहां अपराधी ऐसे अपराध के लिए अभियोजन का भागी नहीं होगा और यदि वह अभिरक्षा में हो तो स्वतंत्र कर दिया जायेगा ।

(ख) अभियोजन संस्थित किये जाने के पश्चात् किया जाता है, वहां प्रशमन से अपराधी दोषमुक्त हो जायेगा।

उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/संस्था/समूह को विहित प्राधिकारी/कर्मचारी की पृक्षा पर अपना नाम व पता घोषित करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थति में भारतीय दण्ड संहिता के उपबन्धों के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु विहित अधिकारी/कर्मचारी स्वतंत्र होगा और ऐसे व्यक्ति/संस्था अथवा समूह के भार साधक व्यक्ति को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए स्थानीय थाना-क्षेत्र के थाना प्रभारी/पुलिस कर्मियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौंप देगा

नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा स्वच्छता उपविधि, 2024 का प्रशमन शुल्क तालिका (ड्राफ्ट)

अनुसूची—1

क्रम सं0	उल्लंघन	प्रशमन शुल्क रूपये में	तीन वर्ष की अवधि में पुनः उल्लंघन की दशा में प्रशमन शुल्क रूपये में	नगर निकाय के प्रशासकीय व्यय की धनराशि
1	2	3	4	5
				रु0
	व्यक्ति/संस्था/प्रतिष्ठान द्वारा किसी अनाधिकृत/ सार्वजनिक स्थल पर किसी			
1	अपशिष्ट (गन्दगी) फैलाना/फेंकना	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
2	थूकना	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
3	मूत्र विसर्जन करना	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
4	जानवरों को अनिर्दिष्ट स्थान पर बॉधना/ खिलाना	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
5	वाहनों की धुलाई	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
6	कपड़े धोना	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
7	सार्वजनिक स्थान नदी, तालाब, कुण्ड, घाटों, सीढियों, अन्य जल स्रोत में गंदगी फैलाना/डालना ।	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
8	मार्गों, पार्कों, ड्रेनेज आदि सार्वजनिक स्थलों की सफाई हो जाने के बाद कूड़ा (अपशिष्ट) डालने पर ।	2,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
9	सीढ़ियों, सड़को के डिवाडर नाम, पाटों, साइनेज या मार्ग दर्शक बोर्डों अथवा इसी प्रकार के सर्वजनिक स्थानों पर पोस्टर या अन्य सामग्री चिपकाकर या अन्य प्रकार से गंदगी करने पर।	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
10	पालतू पशुओं को खुला छोड़कर मार्गो/ खुले सार्वजनिक स्थलों पर उनके मलमूत्र से गंदगी, आवागमन में अवरोध पैदा करने /कराने पर।	3,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00

	अपने परिसर को स्वच्छ रखने में असफल रहना			
11	मल्टी फ्लोर यूनिट/भवन/फ्लैट/ आवास	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
12	दुकान/बूथ/प्रतिष्ठान	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
13	माल/मल्टीप्लेक्स/शापिंग आर केड/होटल	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
14	शैक्षणिक/धार्मिक/अन्य संस्थान	2,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
	बिना पृथक्करण किये हुए तथा बिना अलग-अलग निर्धारित बिन में रखे हुए कूड़े को सौंपना			
15	व्यक्तिगत भवन	200.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
16	दुकान/बूथ/प्रतिष्ठान	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
17	माल/मल्टीप्लेक्स/शापिंग कॉम्पलेक्स /होटल/रेस्टोरेन्ट	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
18	शैक्षणिक/धार्मिक/अन्य संस्थान	2,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
19	औद्योगिक भू-खण्ड/यूनिट	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
20	इवेन्ट आरगेनाइजर्स	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
	नाले-नालियों, ड्रेनेज/सीवेरेज सिस्टिम में गोबर इत्यादि डालकर गन्दगी करने पर			
21	पशु पालक 5 जानवरों तक	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
22	पशु पालक 5 जानवरों से अधिक व 25 जानवरों तक	10,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
23	पशु पालक 25 जानवरों से अधिक	20,000.00	प्रशमन शुल्क का तीन गुना	500.00
	अन्य			
24	डस्टबिन/स्टोरेज कन्टेनर के बाहर अपशिष्ट फैलाना	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
25	उपकरणों/कपड़ों अन्य किसी सामग्री की अनिर्दिष्ट स्थल पर धुलाई।	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
26	किसी परिसर में 24 घण्टे से अधिक अवधि के लिए कूड़ा-करकट को बनाये रखना ।	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
27	कानून का उल्लंघन करते हुए शव का अनियमित निस्तारण।	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
28	प्रतिबन्धित पॉलीथीन एवं थर्मोकोल सामग्री का उत्पादन, वितरण, भण्डारण, विक्रय एवं प्रयोग करने पर।	500.00 से लेकर 25,000.00 तक	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00

1	2	3	4	5
				रु0
29	वृहद् अपशिष्ट (100 किलो ग्राम प्रतिदिन से अधिक) उत्सर्जकों द्वारा अपशिष्ट के उपचार के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माण न करना।	5,000.00 प्रति माह	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
30	विनिर्दिष्ट परिसंकटमय अपशिष्ट (हजार्डस वेस्ट) को सार्वजनिक अथवा प्राइवेट स्थल पर डम्प करने पर।	2,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
31	बायोमेडिकल अपशिष्ट को अन्य अपशिष्ट के साथ डम्प करने पर।	5,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	500.00
32	विनिर्दिष्ट परन्तु परिसंकटमय अपशिष्ट को यथा विनिर्दिष्ट पृथक्करण रीति से डिलीवरी न करने पर।	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
33	जैव चिकित्सीय अपशिष्ट की यथाविनिर्दिष्ट पृथक्करण रीति से डिलीवरी न करने पर।	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
34	निर्माण और ढहाने के अपशिष्ट का यथा विनिर्दिष्ट पृथक्करण रीति से भण्डारण न करने/अधिकृत एजेन्सी को डिलीवरी न करने पर	500.00 प्रति टन	प्रशमन शुल्क का तीन गुना	500.00
35	शुष्क अपशिष्ट की यथा विनिर्दिष्ट पृथक्करण रीति से डिलीवरी न करने पर।	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	200.00
36	उद्यान अपशिष्ट और पेड़ों की छँटाई के कूड़े की यथा विनिर्दिष्ट पृथक्करण रीति से डिलीवरी न करने पर।	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
37	अपशिष्ट जलाकर निस्तारण करने पर।	10,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	1,000.00
38	खुले में शौच करने पर।	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	200.00
39	पालतू जानवारों के अपशिष्ट कोसार्वजनिक गलियों/सड़कों/पार्क में फेकना।	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
40	घरेलू अपशिष्ट से भिन्न मछली, मुर्गा, मीट और अपशिष्ट की यथानिर्दिष्ट पृथक्करण रीति से डिलीवरी न करने पर।	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00

1	2	3	4	5
				रु0
41	बिना डिब्बा/अपशिष्ट टोकरी के ठेलेवालों /फेरी वाले/दुकानदारों द्वारा यथानिर्दिष्ट पृथक्करण रीति से डिलीवरी न करने पर।	200.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
42	पालतू रखे गये पशुओं द्वारा कूड़ा फैलाए जाने के लिए।	500.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	0.00
43	व्यक्ति/संस्था/प्रतिष्ठान द्वारा सार्वजनिक स्थल पर अनिधिकृत रूप से पानी बहाने पर।	1,000.00	प्रशमन शुल्क का दो गुना	250.00
44	सार्वजनिक सम्मेलन/समारोह के पश्चात् 24 घण्टें के भीतर सफाई न करने के लिए।	5,000.00	10,000.00	1,000.00
45	भवन निर्माण सामग्री को गलियों/सड़कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर रखना	500.00 प्रति टन	प्रशमन शुल्क का तीन गुना	1,000.00

नोट–

1. उपरोक्त प्रशमन/समझौता शुल्क/चार्जेज के दो वर्षों के उपरान्त पुनः निर्धारण का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा। इसके पुनः निर्धारण के उपरान्त पूर्व की दरे स्वतः निष्प्रभावी हो जायेगी।
2. अधिकृत अधिकारी/एजेन्सी द्वारा प्रतिबन्धित पालीथीन/थरमाकोल अथवा अन्य प्रतिबन्धित सामग्री का उत्पादन एवं वितरण उसी स्थान/यूनिट से बार-बार पाये जाने पर उनके द्वारा ऐसी यूनिट को बन्द करने की संस्तुति अधिशासी अधिकारी को की जायेगी एवं इस प्रकार की रिपोर्ट प्राप्त होने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा उ0प्र0 प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड से ऐसी यूनिट को बन्द करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा जायेगा।
3. यदि अधिकृत अधिकारी/एजेन्सी या कोई भी सामान्य नागरिक किसी कर्मचारी को खुले में कूड़ा जलाते हुए पाता है तो वे उसकी रिपोर्ट निकाय के अधिकारी को उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही हेतु प्रेषित करेंगे।

अनुसूची–2

जैवनाशित और पुनर्चक्रीय अपशिष्ट की सूची

जैवनाशित अपशिष्ट (उदाहरणार्थ स्वरूप)	पुनर्चक्रीय अपशिष्ट (उदाहरणार्थ स्वरूप)
जैवनाशित अपशिष्ट से तात्पर्य जीवाणु या अन्य जीवित प्राणियों द्वारा अपघटित या नाशित किये जाने योग्य कूड़ा कचरा या अपशिष्ट सामग्री से है। रसोई घर का अपशिष्ट जिसमें चाय की पत्ती, अण्डे के छिलके, फल और सब्जियों के छिलके शामिल है।	पुनर्चक्रीय अपशिष्ट का तात्पर्य ऐसे शुष्क अपशिष्ट से है जिसे नयी वस्तुओं के उत्पादन से है जिसे नयी वस्तुओं के उत्पादन के लिए कच्ची सामग्री में एक प्रक्रिया के माध्यम से परिवर्तित किया जा सके और जो मूल उत्पाद के समान हो सकता है और नहीं भी हो सकता है।
मांस और हड्डियॉ	समाचार-पत्र
उद्यान व पत्तियों का कूड़ा करकट जिसमें फूल भी है।	कागज, पुस्तकें, पत्रिकायें
	शीशा
पशुओं का कूड़ा करकट	धातु के पदार्थ और तार
गोबर	प्लास्टिक
सफाई के बाद घर की गंदगी	फटे कपड़े
नारियल के छिलके	चमड़ा
राख	रेक्सीन
अन्य इसी कोटि के अपशिष्ट	रबर
	लकड़ी/फर्नीचर
	पैकिंग के सामान एवं अन्य इसी प्रकार के।
	अन्य इसी कोटि के अपशिष्ट

अनुसूची–3

जैव चिकित्सीय अपशिष्ट की सूची

जैव चिकित्सीय अपशिष्ट–

जैव चिकित्सीय अपशिष्ट का तात्पर्य ऐसे अपशिष्ट से है जो मनुष्यों या पशुओं के निदान या बेहोशी के दौरान या उनसे सम्बन्धी शोध कार्यो के दौरान या जीव विज्ञान के उत्पादन या परीक्षण के दौरान उत्पन्न होता है।

1–धारदार अपशिष्ट–

सुईयॉ, सिरींज, छुरिया, ब्लेड, शीशा इत्यादि जिनसे छेद या कटाव हो सकता है इसमें प्रयुक्त और अप्रयुक्त धारदार दोनों है।

2–बेकार दवाइयॉ और साइटोटाक्सिक औषधियॉ–

अवसान तिथि के बाद की दूषित और बेकार दवाईयों के अपशिष्ट

3–ठोस अपशिष्ट–

रक्त और शरीर द्रव से दूषित सामग्री जिनमें रूई, पट्टी, प्लास्टर पट्टी, कपड़े की पट्टी, बिस्तर, चादर और रक्त से दूषित अन्य सामग्री।

अनुसूची–4

आवासीय/अनावासीय भवनों के परिसर का कूड़ा उठाने के लिए प्रस्तावित प्रयोक्ता शुल्क/यूजर चार्ज

आवासीय	विवरण	दर/प्रतिमाह
1	2	3
		रू0
श्रेणी क	गृहकर से छूट वाले परिवार	20/– प्रतिमाह
श्रेणी ख	200 वर्ग मी0 क्षेत्रफल तक आवासीय ईकाई	60/– प्रतिमाह
श्रेणी ग	200 वर्ग मी0 से अधिक क्षेत्रफल वाली आवासीय ईकाई	90/– प्रतिमाह
श्रेणी घ	हाउसिंग सोसाईटी, अपार्टमेन्ट प्रति फ्लैट	40/– प्रतिमाह
श्रेणी ङ	यात्री धर्मशालायें/धर्मशाला	30/– प्रतिमाह
	अनावासीय/व्यवसायिक	
श्रेणी क	100 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक की दुकान	50/– प्रतिमाह
श्रेणी ख	100 वर्ग फीट से 200 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक की दुकान	100/– प्रतिमाह
श्रेणी ग	200 वर्ग फीट क्षेत्रफल से अधिक की दुकान	150/– प्रतिमाह
श्रेणी घ	पब्लिक स्कूल तथा कोचिंग सेन्टर 100 छात्र एवं छात्रायें तक	240/– प्रतिमाह
	पब्लिक स्कूल तथा कोचिंग सेन्टर 101 से 500 छात्र एवं छात्रायें तक	300/– प्रतिमाह
	पब्लिक स्कूल तथा कोचिंग सेन्टर 501 से ज्यादा छात्र एवं छात्रायें	500/– प्रतिमाह
श्रेणी ङ	इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, मैनेजमेन्ट कॉलेज एवं प्राईवेट स्नातक/स्नातकोत्तर कालेज, सेन्टर शॉपिंग कम ऑफिस कॉम्पलेक्स, प्राईवेट शिक्षण संस्थाऐं, प्राईवेट हॉस्टल	600/– प्रतिमाह
श्रेणी च	बैंक कार्यालय, एल.आई.सी. कार्यालय, आदि एवं गेस्ट हाउस तथा होटल 10 कमरों तक, रेस्टोरेण्ट	50/– प्रतिमाह
श्रेणी छ	मैरिज होम, माल्स, बैंकट हॉल, क्लब, सिनेमा हॉल, होटल 10 कमरों से अधिक	2,000/– प्रतिमाह
श्रेणी ज	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/सरकारी अस्पताल	500/– प्रतिमाह
श्रेणी झ	प्राईवेट हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, क्लीनिक आदि (20 बेड तक)	500/– प्रतिमाह
श्रेणी ञ	प्राईवेट हॉस्पिटल, नर्सिंग होम (20 बेड से अधिक)	1,000/– प्रतिमाह
श्रेणी ट	पैथोलॉजी लैब	200/– प्रतिमाह
श्रेणी ठ	क्लीनिक	100/– प्रतिमाह
श्रेणी ड	अन्य सरकारी कार्यालय/सरकारी स्कूल	100/– प्रतिमाह
श्रेणी ढ	दवाईयों की दुकान	150/– प्रतिमाह
श्रेणी ण	रिटेल चेन (जैसे–बिग बाजार, विशाल, मैट्रो बाजार आदि)	2,000/– प्रतिमाह
श्रेणी त	रोड साईड वेन्डर (वेन्डर जोन सहित)	5/– प्रतिमाह
श्रेणी थ	रोड साईड फास्ट फूड कार्नर, चाय/जूस की दुकान व चाट हाऊस आदि	50/– प्रतिमाह

1	2	3
		रु0
श्रेणी द	गोदाम एवं वेयर हाऊस 1,000 वर्ग फीट	500 / — प्रतिमाह
श्रेणी ध	गोदाम एवं वेयर हाऊस 1,001 वर्ग फीट से 5,000 वर्ग फीट तक	1,000 / — प्रतिमाह
श्रेणी न	शराब / बियर की दुकानें	1,000 / — प्रतिमाह
श्रेणी प	हाट, मार्केट, साप्ताहिक बाजार	10 / — प्रतिदिन प्रति स्टॉल
श्रेणी फ	शोरूम, सर्विस सेन्टर व छोटे गैराज	1,000 / — प्रतिमाह
श्रेणी ब	प्रदर्शनी ग्राऊण्ड, मेला	500 / — प्रति दिन
श्रेणी भ	छोटे और कुटीर उद्योग कार्यशालाऐं (केवल गैर खतरनाक / प्रदूषक) प्रतिदिन 10 कि0ग्राम तक अपशिष्ट	500 / — प्रतिमाह
श्रेणी म	प्रिंटिंग प्रेस	300 / — प्रतिमाह
श्रेणी य	पैट्रोल पम्प	500 / — प्रतिमाह
श्रेणी र	ऐसे भवन जिनमें पालतू पशु (यथा—भैंस, गाय, भेड़, बकरी, सूअर आदि) पाल रखें हों, जिनका व्यावसायिक उपयोग न किया जाता हो का शुष्क कूड़ा	100 / — प्रति माह
श्रेणी ल	अन्य जो उपरोक्त में छूट गया हो।	निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त देय होगा जो नगरपालिका परिषद् नवाबगंज द्वारा निर्धारित किया जाए।

नोट—

1—प्रयोक्ता शुल्क भुगतान न करने की दशा में अधिशासी अधिकारी या उनके प्राधिकृत अधिकारी को इन उपविधियों में वर्णित की गयी दरों के अनुसार देय धनराशि के अतिरिक्त उसका 10 गुना तक शमन शुल्क (कम्पाउन्डिंग फीस) वसूल करने का अधिकार होगा।

2—यदि कोई उपभोक्ता एक वर्ष का प्रयोक्ता शुल्क अग्रिम (एडवांस) जमा करता है तो वह 01 माह के प्रयोक्ता शुल्क की छूट प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

3—विधवा / बेसहारा महिला एकल रूप से (50 वर्ग गज मकान में स्वयं निवास करती हो) प्रयोक्ता शुल्क से मुक्त रखा जायेगा, जिसका प्रमाण-पत्र प्रत्येक वर्ष नगर पंचायत मनकापुर, गोण्डा से प्राप्त करना होगा। यदि भवन अथवा भवन का आंशिक भाग किराये पर दिया गया है तो वह भवन स्वामी छूट प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं होगा।

4—वह वरिष्ठ नागरिक जो आर्थिक रूप से कमजोर हो तथा 100 वर्ग गज तक के मकान में निवास करते हों, एवं शारीरिक अथवा मानसिक रुप में अस्वस्थ हो एवं उनके साथ वृद्ध पत्नी के अतिरिक्त अन्य कोई परिवार-जन अथवा अन्य सहायक आवासित न हो उनको प्रयोक्ता शुल्क से मुक्त रखा जायेगा परन्तु ऐसे वरिष्ठ नागरिक को नगर पंचायत मनकापुर, गोण्डा से इस सम्बन्ध में प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा तथा प्रतिवर्ष उसका नवीनीकरण कराना होगा।

5–जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपरोक्त अनुसूची-4 की सीमा में नहीं आयेंगे। इनका निस्तारण जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016 के अन्तर्गत होगा।

6–प्रयोक्ता शुल्क अनुसूची-4 में वर्णित शुल्क प्रत्येक 2 वर्ष में पालिका द्वारा पुनरीक्षित की जा सकेगी। पुनरीक्षण का अधिकार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मनकापुर, गोण्डा में निहित होगा। उपरोक्त उपविधि में पुनरीक्षण के पश्चात् शुल्क में की गयी वृद्धि किसी भी दशा में 10 प्रतिशत से कम नहीं होगी।

दुर्गेश कुमार,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत,
मनकापुर, गोण्डा।

कार्यालय नगर पंचायत भानपुर, बस्ती

उपनियम

24 अगस्त, 2024 ई0

सं0 135/न0पं0भा0/उपविधि/लाइसेन्स/2024-25–शासनादेश संख्या 277/नौ-9-2014-ज/2011 नगर विकास विभाग अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 10 जून, 2014 व निदेशक स्थानीय निकाय पत्रांक 8/5715-सा0/लखनऊ दिनांक 30 जून, 2014 के द्वारा आदर्श उपविधि तैयार कर लागू करनें का निर्देश जारी किया गया हैं।

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298(2) में प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पचांयत भानपुर, बस्ती ने अपने सीमान्तर्गत स्थित दुकानों व अन्य लाइसेन्सियों को नियमित एवं नियंत्रित करने हेतु उपनियम बनाया है। कार्यालय पत्रांक 302/न0पं0भा0/उपविधि/लाईसेन्स/2023-24 दिनांक 22 नवम्बर, 2023 द्वारा दो दैनिक समाचार-पत्र हिन्दुस्तान व नारद चर्चा में 15 दिवस में अन्तिम आपत्तियों एवं सुझाव प्राप्त आमंत्रित करनें हेतु प्रकाशित किया गया था। उक्त के सम्बन्ध में निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुआ। ऐसी स्थिति में उपविधि को प्रशासक महोदय की अनुमति से सरकारी गजट में प्रकाशित करानें का निर्णय लिया गया हैं। उक्तानुसार उपविधि निम्नवत हैं–

परिभाषा– किसी प्रसंग के प्रतिकूल न होने पर–

(अ)– यह उपनियमावली नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती की लाइसेसिंग नियंत्रण नियमावली 2023 कहलायेगी।

(ब)– अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती के अधिशासी अधिकारी से है।

(स)– प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती के प्रभारी अधिकारी से है।

(द)– प्रशासक/अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती के प्रशासक/अध्यक्ष से है।

(य)– लाइसेसिंग अधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती होगें।

उपनियम

1– यह उपनियम नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती सीमा के अन्तर्गत लागू होंगे।

2– इस उपनियम के अन्तर्गत दुकान, दुकानों के समूह, फैक्ट्री तथा सड़क, नगर के व सीमा से लगी हुई निजी दुकानों नगर पालिका द्वारा निर्मित या अन्य संस्था द्वारा निर्मित दुकानों समूह तख्त, ठेले पर लगने वाली स्थाई/अस्थाई दुकानें अन्य प्रकार के व्यवसाय सम्मिलित होगें।

3– यह उपनियम लाइसेसिंग व अन्य शुल्क सम्बन्धी उपनियम कहलाएंगे।

4– कोई भी दुकान व अन्य व्यवसाय नियम के अन्तर्गत लाइसेन्स प्राप्त किए बिना नहीं चला सकेगा और उपनियम के लागू होने से पूर्व से चल रही समस्त व्यवसायों के लाइसेन्स उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त करना आवश्यक होगा।

5– लाइसेन्स हेतु आवेदन को आवेदन फार्म में प्रतिष्ठान का नाम संस्था के बारे में आवश्यक सूचनाएं उसके चौहद्दी स्थिति तथा कार्य विवरण दिया जाना अनिवार्य होगा, साथ ही लाइसेन्सिग फार्म में आवेदक की नवीनतम फोटोग्राफ भी लगाया जाना जरूरी होगा।

6– लाइसेन्स की अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष के लिए होगी। परन्तु 03 वर्ष के लिए 03 गुना या 05 वर्ष के लिए 05 गुना शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। शर्त यह है कि वर्ष में कभी भी बनवाने पर पूरा शुल्क देय है।

7– प्रत्येक व्यक्ति/व्यवसायी के लिए आवश्यक होगा कि निम्नलिखित तालिका में निर्धारित की गई धनराशि शुल्क के रूप में अदा करके लाइसेन्स प्राप्त कर लेवें।

8– लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए आवेदनकर्ता नगर पंचायत कार्यालय पर अपेक्षित धनराशि अधिकृत कर्मचारी को जमा कर आवेदन की रसीद प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक दुकानदार व अन्य के लिए आवश्यक है कि वह सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बाटों व मापों का प्रयोग करे।

9– केन्द्र व राज्य सरकार या अन्य कोई विधि निहित संस्था के द्वारा तालिका में उल्लिखित व्यवसायों के नियंत्रण हेतु लाइसेन्स इससे भिन्न होगा।

10– ऐसा कोई व्यक्ति जो किसी छूत की बीमारी से पीड़ित है, उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा। ऐसी किसी उल्लिखित व्यवसाय में सहायक अथवा नौकर भी नहीं रखा जाये।

11– नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती के अध्यक्ष/प्रभारी, अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाइसेन्स का निरीक्षण कर सकते है और उनके दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिए अधिकृत होगें।

12– अधिशासी अधिकारी अथवा अधिकृत कर्मचारी सभी लाइसेन्स निर्गत कर सकते है।

13– जो शुल्क इस तालिका में नहीं है उसे सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष व्यवसाय मानकर उसी के अनुरूप लाइसेन्स शुल्क लिया जायेगा।

14– इस उपनियम की शर्तो व दरों में मा0 सदन संशोधन कर सकती हैं, शर्तो के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा– निर्देश जारी किये जा सकते हैं।

15– प्रत्येक वर्ष लाइसेन्स का नवीनीकरण 31 मार्च के पूर्व कराना अनिवार्य होगें।

16– अनुज्ञप्ति में दिये गये विवरण के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के कार्य करने का अधिकार अनुज्ञप्तिधारी को नहीं होगा।

17– इन उपविधियों का उल्लघंन किये जाने पर लाइसेन्स निलम्बित अथवा निरस्त किया जा सकता है तथा 03 गुना से 10 गुना तक जुर्माना लगाया जायेगा।

18– यदि व्यवसायी निर्धारित अवधि के अन्तर्गत अपना लाइसेन्स नहीं बनवा लेते है तो रु0 10 प्रतिदिन या 2% की दर से विलम्ब शुल्क लिया जायेगा।

19– नगर पचायत भानपुर, जनपद बस्ती को प्रत्येक पॉच वर्ष के बाद लाइसेन्स शुल्क में 25 प्रतिशत वृद्धि करने का अधिकार होगा।

20– लाइसेन्स सम्बन्धी वाद-विवाद यदि कोई उत्पन्न होता है तो इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी/प्रभारी अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।

21– लाइसेन्स अधिकारी द्वारा लाइसेन्स अस्वीकृत किये जाने की दशा में 15 दिन के भीतर बोर्ड के समक्ष अपील कर सकता है। जिसका निर्णय अन्तिम होगा।

22– कोई भी व्यक्ति होटल एवं रेस्टोरेन्ट किसी गौशाला सार्वजनिक शौचालय खुला नाला अथवा कूड़ाघर से 5 मीटर के अन्दर स्थापित नहीं करेगा। शौचालय की व्यवस्था करना होगा। पेयजल का निष्क्रमण करना होगा। होटल, रेस्टोरेन्ट में साफ-सफाई आवश्यक रहेगा।

23– प्रत्येक प्रसूति गृह नर्सिग होम, प्राइवेट अस्पताल, पैथालोजी सेन्टर, एक्सरे, क्लीनिक, डेन्टल क्लीनिक का दायित्व होगा कि वे अपने परिसर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कूड़ादान का निर्माण कर उसमें कूड़ा आदि डालेंगे। खून, पट्टी, पस, प्लास्टर, निडिल, वेस्टेज सीरेन्ज नियमित नष्ट करने का प्रबन्ध करना होगा।

24– किराया/निजी भार वाहन/यात्री वाहन, बस, मिनी बस, टैम्पो चाहे वह निजी कार्य हेतु हो या किराये पर चलाते हो को अनुज्ञप्ति (लाइसेन्स) लेना होगा और वाहन पाकिंग इस प्रकार करेंगे कि आवागमन में असुविधा न हो।

25– पैट्रोलियम पदार्थो की बिक्री एंव संग्रह के लिये पैट्रोलिय ऐक्ट सम्बन्धी नियमों का पालन कराना होगा जो भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट है अत्यधिक ज्वलनशील गैस सिलेण्डर आदि की बिक्री के लिए अनिवार्य होगा कि वह भीड़-भाड़ वाले इलाके में सिलेंण्डरों का जमाव नहीं करेगा। निर्धारित स्थान पर बिक्री की जायेगी जहॉ सुरक्षा संरक्षा का आवश्यक प्रबन्ध लाइसेन्स धारी को करना होगा। बुकिंग काउटरों पर सिलेण्डर का जमाव नहीं होगा।

26– वाणिज्य संस्थान मिल मशीन, बिजली, डीजल, भाप का अन्य किसी से चलने वाली तथा कम्प्यूटर आदि भी संमिलित है, केवल हस्तचलित मशीन सम्मिलित नहीं है। घनी बस्ती में किसी विद्युत/भाप/तेल चलित मशीनों के उपयोग या आवाज/धुओं से और जन स्वास्थ के लिए हानिकारक प्रतिष्ठान मिल संस्थान चलाना अनुमन्य नहीं होगा और उसकी जॉच कराकर लाइसेन्स निरस्त कर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कराने का अधिकार होगा।

27– केबिल टी0बी0/इण्टरनेट के लाइसेन्स धारी बिना नगर पचायत भानपुर, बस्ती की अनुमति के सड़क, घरों व बिजली, टेलीफोन के खम्भों पर केबिल नहीं बिछा सकेगें।

28– सिनेमा टूरिंग टाकीज, सर्कस, प्रदर्शनी, जादू शो और अन्य मनोरंजन संस्थानों को मनोरंजन कर (शो टैक्स) के अतिरिक्त अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य होगा। जिसमें सफाई, बिजली, पानी, सुरक्षा आदि की व्यवस्था करनी होगी।

29– डेरी फार्म निर्धारित स्थल पर ही होगा जहॉ पर सफाई का प्रबन्ध अनुज्ञप्तिधारी को कराना अनिवार्य होगा।

30– प्रत्येक जानवर मालिक के लिए आवश्यक होगा कि वह अपने जानवर का ईयर टैगिग कराये जानवरों को सड़क पर खुला नहीं छोड़ेगे। जानवरों को इकट्ठा ले जाने व लाने पर स्वयं साथ रहेंगे। यदि हादसा/दुर्घटना आदि होती है तो नगर पचायत भानपुर, बस्ती किसी भी प्रकार का क्लेम/मुआवजा देने पर बाध्य नहीं होगी।

31– रिक्शा, टैम्पो, बस, मिनी बस, आदि रोड की पटरी से कम से कम 03 मीटर की दूरी पर खड़े करेगें तथा निर्धारित सीट तक यात्री बैठा सकते है।

32– मिठाई, चाय, चाट, इसी प्रकार के अन्य व्यवसाय वालों को भी कूड़ादान का प्रबन्ध अनुज्ञप्तिधारी को करनी होगी दुकान में रखी सामंग्री ढकी रखनी होगी तथा फर्श को प्रतिदिन फिनायल आदि से धोना होगा।

33– प्रत्येक मांस-मछली, अण्डा, मुर्गा विक्रेताओं को आवश्यक होगा कि दुकान के सामने पर्दा चिक टांगें।

34– कोई भी व्यवसायी किसी भी प्रकार का व्यवसाय बिना लाइसेंस के करते पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध कार्यवाही करने का अधिकार होगा। जिसमें जुर्माना वसूला जायेगा।

35– नगर पचायत भानपुर, बस्ती लाइसेन्स दरें निम्न रूप से निर्धारित करते है–

क्रम सं0	लाइसेन्स की मद	दर
1	2	3
		रुपये—
	होटल, रेस्टोरेन्ट	
1	होटल, लाज तथा गेस्ट हाउस, धर्मशाला बारात घर 10 शैया तक इसके बाद प्रति शैया रु0 25.00 की दर से	1,000.00
2	रेस्टोरेन्ट	1,000.00
3	सूक्ष्म जलपान की दुकान	500.00
4	भोजनालय व ढाबा	500.00
	नर्सिंग होम	
5	नर्सिंग होम/प्राईवेट हास्पिटल (20 बेड)	1,000.00
6	नर्सिंग होम/प्राईवेट हास्पिटल (20 बेड के ऊपर)	2,500.00
10	पैथालॉजी सेन्टर	1,000.00
11	डेन्टल क्लीनिक	1,500.00
12	प्राइवेट क्लीनिक/फिजियोथेरेपी क्लीनिक	1,000.00
13	एक्स-रे/अल्ट्रासाउण्ड/सिटी स्कैन/ई0सी0जी	1,000.00
	परिवहन	
14	आटो रिक्शा	1,000.00
15	ई-रिक्शा	500.00
16	बस	2,000.00
18	रिक्शा	50.00
19	चार पहिया ठेला-ठेली	50.00
20	हाथ ठेला	20.00
21	व्यवसायिक ट्राली ट्रैक्टर सहित	1,000.00
	अन्य व्यवसाय	
22	फाइनेन्स कम्पनी चिटफण्ड/इन्श्योरेन्स कम्पनी/प्राईवेट आफिस	2,000.00
26	बार/बीयर	2,500.00
27	आइस फैक्ट्री	1,000.00
28	बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	5,000.00
29	देशी शराब	2,500.00
30	विदेशी शराब	5,000.00
31	मांस की दुकान बकरा/मुर्गा/मछली	300.00

1	2	3
		रु0
34	पेट्रोल पम्प (डीजल पम्प थोक फुटकर)	1,000.00
36	दुकान अन्य पेट्रोलियम उत्पादन/गैस एजेन्सी	1,000.00
37	आटा चक्की	100.00
38	धुलाई (लॉन्ड्री)/ड्राइक्लीनर्स	200.00
41	कोल्ड स्टोर	500.00
42	ईट भट्टा	5,000.00
43	इण्टरलाकिंग ईट कारखाना	3,000.00
44	मिठाई/पेठा आदि बनाने का कारखाना	500.00
45	बर्फ बनाने की फैक्ट्री	3,000.00
46	लोहा टिम्बर/सीमेन्ट,ईट, बालू थोक सीमेन्ट मारबल टाइल्स	1,500.00
47	बिजली के सामान बिक्रेता	1,500.00
48	कपड़ा थोक व्यापारी/फुटकर बिक्रेता	500.00
49	बेकरी	300.00
50	हेयर कटिंग सैलून	200.00
51	ब्यूटी पार्लर	200.00
52	जनरल मर्चेन्ट थोक	500.00
53	जनरल मर्चेन्ट फुटकर	300.00
54	टेंलरिग हाउस	300.00
55	कोयला थोक बिक्रेता	1,500.00
56	कोयला फुटकर बिक्रेता	200.00
57	मसाला/पान मसाला कारखाना	1,500.00
58	पेन्टस की दुकान	300.00
59	ज्वैलर्स बड़े	4,000.00
60	ज्वैलरी आभूषण विक्रेता	1,000.00
61	डेरी फार्म	1,000.00
62	केवल इण्टरनेट/टी0वी0	1,000.00
63	अनाज तिलहन चीनी गुड़ थोक विक्रेता	1,500.00
64	अनाज तिलहन चीनी गुड़ फुटकर विक्रेता	500.00
65	टेन्ट हाउस	1,000.00
66	पान की दुकान	100.00

1	2	3
		रु0
67	चाक की दुकान	50.00
68	परचून / किराना दुकान थोक	1,000.00
69	परचून / किराना दुकान फुटकर	500.00
70	किताबों की थोक दुकान	300.00
71	किताबो की फुटकर दुकान	100.00
72	लकड़ी के टाल की दुकान थोक	600.00
73	लकड़ी के टाल की दुकान फुटकर	200.00
74	आरा मशीन	1,000.00
75	रेडियों / टी0वी0 मरम्मत	200.00
76	फर्टिलाइजर शॉप	1,000.00
77	मिठाई की दुकान	600.00
78	चाट बताशों की दुकान	200.00
79	ड्राईफ्रूट विक्रेता	300.00
80	सब्जी / फल की दुकान	100.00
81	मसाले विक्रेता	300.00
82	फर्नीचर विक्रेता	300.00
83	बर्तन की दुकान थोक / फुटकर	500.00
84	कबाड़ खाना	500.00
85	रूई विक्रेता धुनाई मशीन	500.00
86	स्पेलर (तेल) धानी उद्योग	800.00
87	मेडीकल स्टोर बड़ा / थोक	800.00
88	अंग्रेजी दवाईयां फुटकर विक्रेता	300.00
89	वैद्य व यूनानी दवा / हकीम की दुकान	200.00
90	होम्योपैथिक डॉक्टर की दुकान	200.00
91	मोटर पार्टस की दुकान	200.00
92	वाहनों की मरम्मत वर्कशाप	200.00
93	गुड़ / राव खड़ा कोल्हू शक्ति चलित	1,000.00
94	उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य व्यवसायी उद्योग जो सम्मिलित नहीं हो सके है।	300.00 से 1,000.00 तक

दण्ड

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम-1916 (अधिनियम-2, 1916 की धारा-299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत भानपुर जनपद बस्ती यह निर्देश देती है कि उपविधियों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड किया जायेगा। जो रु0 3,000/– (तीन हजार रुपये मात्र) अथवा लाईसेंस मद हेतु निर्धारित दर का दो गुना जो अधिक हो, तक हो सकता है। यदि उल्लंघन निरन्तर चल आ रहा है तो रु0 25/– (पच्चीस रुपये मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त से किया जायेगा।

(कमलेश चन्द)
अपर जिलाधिकारी वि0रा0
प्रशासक,
नगर पंचायत भानपुर,
बस्ती।

कार्यालय नगर पंचायत, ओबरा, सोनभद्र

भवन मानचित्र नियमावली 2024

18 सितम्बर, 2024 ई0

सं0 361/न0पं0ओबरा/2024-25—नगर पंचायत ओबरा के बोर्ड बैठक प्रस्ताव संख्या-1(ii) दिनांक 13 जुलाई, 2024 के द्वारा विशेष संकल्प के माध्यम से सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के क्रम में नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 298 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये तथा उक्त धारा के साथ पठित धारा 178, 179, 180, 180क, 181, 182, 183, 184, 185, 186, 189, 190, 191, 192, 193, 194 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार नगर पंचायत ओबरा अपनी सीमान्तर्गत स्थित भूमि पर भवन निर्माण एवं जल निकासी मानचित्र उपविधि बनायी गयी है। उपरोक्त अधिनियम की धारा 300, 301 की उपधारा (1) के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात, उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति या सुझाव हेतु अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत ओबरा के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर दैनिक समाचार-पत्र आज दिनांक 23 जुलाई, 2024 तथा दैनिक समाचार-पत्र गांडिव दिनांक 23 जुलाई, 2024 के माध्यम से मॉगी गयी थी जिसमें नियम तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। अतः नगर पंचायत बोर्ड द्वारा अपने विशेष प्रस्ताव संख्या-01 दिनांक 30 अगस्त, 2024 के द्वारा उपविधियों के गजट प्रकाशन कराकर लागू करने का निर्णय लिया गया है। अतएव यथा संकल्पित उपविधि उक्त अधिनियम की धारा-301(2) के अनुसरण में सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी।

नियमावली

1— संक्षिप्त नाम तथा परिभाषा—

(क)— यह नियमावली नगर पंचायत ओबरा, सोनभद्र की सीमान्तर्गत स्थित भवन मानचित्र एवं जल निकासी मानचित्र नियमावली 2024 कहलायेगी।

(ख)— यह भवन मानचित्र नियमावली उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

(ग)— यह नगर पंचायत ओबरा की सीमा अन्दर तथा सीमा से एक मील की दूरी पर स्थित भवनों पर प्रभावी होगी।

2— परिभाषायें— विषय अथवा में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस नियमावली में—

(क)— ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 128(2) की उपधारा (छः) एवं धारा-298 से है।

(ख)— ''नगर'' का तात्पर्य नगर पंचायत ओबरा से है।

(ग)— ''शुल्क'' का तात्पर्य भवन मानचित्र स्वीकृत पर लगाये गये शुल्क से है।

(घ)– ''पंचायत'' का तात्पर्य नगर पंचायत ओबरा से है।

(ङ)– ''अधिशासी अधिकारी' का तात्पर्य नगर पंचायत ओबरा के अधिशासी अधिकारी से है।

(च)– ''भवन'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा-7, धारा-10, धारा-11, धारा-12 में परिभाषित एवं अन्य सभी आवासीय, अनावासीय एवं व्यवसायी भवन से है।

(छ)– मानचित्र का तात्पर्य पक्के आवासीय भवन, पक्के अनावासीय भवन, पक्के व्यवसायिक भवन के रेखा चित्र, आरेख चित्र, डायाग्राम, ड्राइंग, डिजाईन आदि से।

(ज)– पक्के भवन का तात्पर्य सीमेंट, कंक्रीट, पत्थर, लोहे आदि से निर्मित भवन से है।

(झ)– अध्यक्ष/प्रशासक का तात्पर्य नगर पंचायत ओबरा के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

भवन मानचित्र स्वीकृति संबंधी नियम/शर्तें

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा-178 में विहित प्रक्रिया के अनुसार किसी नये भवन या भवन के नये भाग का निर्माण करने या किसी भवन का पुर्ननिर्माण करने या उसमें तात्विक परिर्वतन करने या उसमें विस्तार करने का कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व नगर पंचायत ओबरा को अपने इस आशय की नोटिस देगा आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव/नोटिस का अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष अथवा उसके द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा नियमानुसार परीक्षण किया जायेगा तथा उपयुक्त पाये जाने पर निम्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

1– अनुमति आवेदक/वास्तुकार द्वारा प्रस्तुत किये गये पेजों, दस्तावेजों और ड्राइंग पर दिए गये इनपुट के आधार पर दी जायेगी। आवेदक/वास्तुकार यह पुष्टि करेगा कि उनके द्वारा ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रस्तुत किए गए दस्तावेज/चित्र शुद्ध एवं सही हैं।

2– दी गयी अनुमति कोई स्वामित्व अधिकार प्रदान नहीं करेगी। वाद के चरण में यदि यह पाया जाता है कि दस्तावेज या जानकारी झूठी और मनगढंत आधार पर प्रस्तुत किया गया है तो अनुमति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।

3– आवेदक को संबंधित सभी विभागों से आवश्यक एन0ओ0सी0 प्राप्त करनी होगी।

4– मानचित्र अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष तक वैद्य होगी।

5– निर्माण प्रारम्भ होने से पहले और बाद में निकाय/अधिशासी अधिकारी को जानकारी देनी होगी, निर्माण पूरा होने से पहले नगर पंचायत ओबरा से कम्प्लीशन सर्टिफिकेट लेना होगा। विल्डिंग उपनियम 2008 (यथा संशोधित 2011/2016/2023) के प्रावधान भवन या उसके किसी भी हिस्से पर लागू होंगे।

6– निर्माण प्रारम्भ करने से पहले साइट पर 4 फिट x 3 फिट का एक बोर्ड लगाया जाएगा जिसपर अनुमोदन प्राधिकारी, परमिट संख्या, अनुमोदन तिथि, वैद्यता तिथि और वास्तुकार का नाम लिखा होगा।

7– संरचना की सुरक्षा और गुणवत्ता की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

8– समय-समय पर लागू शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा।

9– यदि अनुमोदन प्राधिकारी भविष्य में कोई नियमानुसार मांग पत्र जारी करता है तो बिना किसी आपत्ति के आवेदक को उसे जमा करना होगा।

10– यदि भविष्य में स्वामित्व के किसी भी बिन्दु पर कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो अनुमति जब्त कर ली जायेगी। आवेदक को ऑनलाईन/ऑफलाईन रूप से भवन मानचित्र की मंजूरी के आधार पर भूमि स्वामित्व के अधिकार का दावा नहीं करेगा।

11– यदि आवेदक द्वारा कोई जानकारी छिपाई गई या गलत दी गई तो भवन मानचित्र स्वीकृति निरस्त कर दिया जायेगा।

12– निर्माण के संबंध में भवन उपविधि में निर्दिष्ट मानक/शर्ते कार्यान्वित होंगी।

13– भवन का उपयोग केवल उसी हेतु किया जायेगा जिसके लिए वह स्वीकृत होगी।

14– भारतीय विद्युत नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा और जारी की गई अनापत्ति पर उल्लिखित शर्तो का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा जारी किये गये आदेशों/शासनादेशों का पालन किया जाएगा।

एन0जी0टी0 की निम्नलिखित शर्तो का पालन किया जायेगा।

1– निर्माण/विध्वंस के समय आवेदक को क्षेत्र और भवन के चारों ओर मचान पर तिरपाल लगाना होगा तथा निर्माण सामग्री विशेषकर रेत का भंडारण करने की अनुमति नहीं होगी।

2– साइट पर संग्रहित किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री को सभी प्रकार से पूरी तरह से कबर किया जाएगा।

3– सभी निर्माण सामग्री और मलबा ट्रकों या अन्य वाहनों में ले जाया जाएगा जो पूरी तरह से ढका हुआ होगा और यह सुनिश्चत किया जायेगा कि निर्माण का मलबा या निर्माण सामग्री किसी भी रूप में हवा या वायुमण्डल में ना फैले।

4– निर्माण सामग्री और मलबा अपशिष्ट को परिवहन करने की जिम्मेदारी मालिक की होगी।

5– भवन मालिकों/स्वामियों को उचित उपाय करना होगा और स्प्रिंकलर ठीक करके इसका सख्ती से पालन करना होगा।

6– सभी भवन मालिक यह सुनिश्चत करेंगे कि सी0 एण्ड डी0 अपशिष्ट का परिवहन और निपटान केवल सी0 एण्ड डी0 अपशिष्ट स्थल पर किया जाए और इस संबंध में भवन मालिकों और ट्रांस्पोर्टरों द्वारा उचित रिकार्ड बनाए रखा जाएगा।

7– प्रवेश और निकास बिन्दुओं का डिजाइन नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं अन्य शासनादेशों के अधीन होगा।

भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु शुल्क का निर्धारण

नगर पंचायत सीमा अर्न्तगत आवासीय भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु 100/– रु0 प्रति वर्गमी0 की दर से तथा व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत की दशा में 200/– रु0 प्रति वर्गमीटर की दर से प्रस्तावित मानचित्र के क्षेत्रफल के अनुसार शुल्क देय होगा। अर्द्धआवासीय/अर्द्धव्यावसायिक भवन मानचित्र स्वीकृत की दशा में उपरोक्त दोनो दरें नियमानुसार प्रभावी होगी। किसी अन्य विभाग से मानचित्र स्वीकृति हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उपरोक्त दरें प्रभावी होगी।

यदि इस उपविधि के किसी भाग का उल्लंघन किया जाता है तो उल्लंघनकर्ता दण्ड का भागी होगा।

दण्ड

नगर पंचायत ओबरा, सोनभद्र उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-298(1), 299, 306, 307 एवं धारा-310 के अर्न्तगत अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह आदेश देता है कि इस उपविधि में किसी भाग का उल्लंघन किये जाने की दशा में जुर्माना से दण्डनीय होगा जो पचास हजार रुपये तक हो सकता है और तब ऐसा उल्लंघन निरन्तर किया जाये तो अग्रेतर जुर्माना किया जा सकेगा जो प्रति दोष सिद्ध के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना सिद्ध हो रु0 25.00 तक हो सकता है।

चाँदनी,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत ओबरा,
सोनभद्र।

सूचना

एत्द द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स-ए0एस0वी0 सिक्योरिटी सर्विसेज, 1/166, विजयखण्ड, गोमतीनगर, जिला-लखनऊ से पंजीकृत है जिसमें दिनांक 01 सितम्बर, 2024 से फर्म का पता परिवर्तन होकर परिवर्तित पता-ए-5, लिबर्टी कालोनी, नियर लाल बहादुर शास्त्री पार्क, इन्दिरानगर, जिला-लखनऊ फर्म में तीन साझेदार क्रमशः अजय कुमार सिंह, एस0एम0शफीक एवं श्री विरेन्द्र कुमार राय साझेदार थे। जिसमें दिनांक 01 सितम्बर, 2024 से फर्म के तृतीय साझेदार श्री वीरेन्द्र कुमार राय स्वेच्छापूर्वक आपसी सहमति से निकल गये है। फर्म में वर्तमान में अजय कुमार सिंह एवं एस0एम0 शफीक साझेदार है।

अजय कुमार सिंह,
साझेदार,
ए0एस0वी0 सिक्योरिटी सर्विसेज,
1/166, विजयखण्ड, गोमतीनगर,
जिला-लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम सूरज यादव पुत्र शोभनाथ यादव है जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0–3886 3913 3483 में मेरा नाम कुमार सूर्य भान शोभनाथ यादव हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम सूरज यादव पुत्र शोभनाथ यादव के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतदद्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

सूरज यादव,
पुत्र शोभनाथ यादव,
नि0–लालापुर, सुईथा कला,
तहसील शाहगंज,
जिला जौनपुर थाना सरपतहा।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम आरूष मिश्रा पुत्र सुरेशचन्द्र मिश्रा है । जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित हैं त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0 3107 7318 3004 उसका नाम रूद्र मिश्रा अंकित हो गया है। जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम आरूष मिश्रा पुत्र सुरेश चन्द्र मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाय।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

सुरेश चन्द्र मिश्रा,
पुत्र स्व0 रामसेवक मिश्रा,
ग्राम-पुरेसुदीतारडीह,
पो0-कनेहटी तहसील फूलपुर,
जनपद-प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम संजय निषाद पुत्र हरि लाल निषाद है जो मेरे राशन कार्ड और निर्वाचन कार्ड में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या–9277 0177 0866 में मेरा नाम बृज मोहन पुत्र बचऊ निषाद अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम संजय निषाद पुत्र हरि लाल निषाद के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतदद्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

संजय निषाद,
पुत्र हरि लाल निषाद,
निवासी-पुरानी झूँसी, कोहना, प्रयागराज।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरी पुत्री का सही नाम वर्तिका सिंह पुत्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह है जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0–7788 8911 1530 में उसका नाम

प्रियांशु सिंह अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम वर्तिका सिंह पुत्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सुरेन्द्र प्रसाद सिंह,
पुत्र हरिचरन राम,
पता ग्राम बन्देपुर, पोस्ट बच्छांव,
थाना रोहनियाँ, जिला वाराणसी,
उतर प्रदेश।

सूचना

मैं बृज भूषण सिंह पुत्र स्व0 चौहार्जा सिंह मेसर्स–शुभम इण्टरप्राइजेज निवासी ग्राम अहरक (नवलपुर) पोस्ट–जमालपुर तहसील, पिण्डरा, थाना बड़ागॉव, जिला–वाराणसी में 1/3 का साझेदार हूँ। उक्त फर्म के एक साझेदार चन्द्रभूषण सिंह का देहान्त 20 दिसम्बर, 2023 को हो गया है व अन्य एक साझेदार बृजेश कुमार सिंह का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण दिनांक 31 मार्च, 2024 को अपने स्वेच्छा से फर्म में हट गये है। कृपया फर्म को भंग कर दिया जाये। मेसर्स–शुभम इण्टरप्राइजेज का संचालन बृजभूषण सिंह के एकल स्वामित्व में होगा।

बृज भूषण सिंह,
मेसर्स–शुभम इण्टरप्राइजेज।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्याः 9535 3781 0522 में उसका नाम त्रुटिवश यशी अंकित हो गया, जबकि उसके शैक्षणिक एवं जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम रितिका वर्मा अंकित है। अतः भविष्य में उसे उसके सही नाम रितिका वर्मा पुत्री सतेन्द्र कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सतेन्द्र कुमार,
निवासी-ग्राम गुरुदत्त खेड़ा,
पो0 हसनपुर तह0 हैदरगढ़,
जिला बाराबंकी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स एसएए बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स, विला नं0–190, ग्रीन हाईट्स कालोनी, ए टू जेड बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स, रूडकी रोड, मेरठ–250110 की संशेधित साझीदारी दिनांक 24 मार्च, 2023 के अनुसार श्री अर्पित कुमार, श्री अनिल कुमार, संगीता बालयान, श्री अंकित राणा, श्रीमती सुभद्रा कुमारी, श्री कुशल कुमार, श्रीमती मीनू तोमर, श्रीमती सुशीला सिंह एवं श्रीमती शैली साझीदार है। दिनांक 11 नवम्बर, 2023 को श्री आदित्य कुमार चौधरी फर्म की साझीदारी में सम्मिलित हुए है। संशोधित साझीदारीनामा दिनांक 11 नवम्बर, 2023 के अनुसार फर्म की साझीदारी में श्री अर्पित कुमार, श्री अनिल कुमार संगीता बालयान, श्री अंकित राणा, श्रीमती सुभद्रा कुमारी, श्री कुशल कुमार, श्रीमती मीनू तोमर, श्रीमती सुशीला सिंह, श्रीमती शैली एवं श्री अदित्य कुमार चौधरी साझीदार है।

एतदद्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

अर्पित कुमार,
साझीदार,
मेसर्स एसएए बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स,
विला नं0–190, ग्रीन हाईट्स कालोनी,
ए टू जेड बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स,
रूडकी रोड, मेरठ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स ''अकक्षिता प्लेसमेन्ट सर्विसेज'' पता– मोहल्ला कृष्णापुरी लाईनपार, मुरादाबाद नामक फर्म की पार्टनर प्रीति टण्डन पत्नी श्री रामानुज दास निवासी मौहल्ला साहू, नियर मण्डी चौक, मुरादाबाद का दिनांक 26 नवम्बर, 2022 को देहान्त होने के कारण दिनांक 28 नवम्बर, 2024 को फर्म डिजोल्व कर दी गई है। उक्त फर्म पर किसी तरह की कोई देनदारी या लेनदारी बकाया नहीं है।

अजीत प्रताप सिंह,
पार्टनर,
फर्म मेसर्स ''अकक्षिता प्लेसमेन्ट सर्विसेज''
पता-मोहल्ला कृष्णापुरी लाईनपार,
मुरादाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स आदित्य राज टेक्नोलॉजीज बी 34/130-बी-1-के-13, ब्रहमानन्द नगर, दुर्गाकुण्ड, वाराणसी में दिनांक 20 अक्टूबर, 2015 से अशोक कुमार चौधरी पुत्र स्व0 जगदेव प्रसाद चौधरी एवं राज कुंवर सिंह पुत्र श्री रंजन कुमार सिंह पार्टनर है। उक्त फर्म का पता दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 से बदलकर प्लाट नं0–20 प्रधान कॉलोनी, नियर जीवन हॉस्पिटल, अवलेशपुर, वाराणसी हो गया है।

राज कुंवर सिंह (पार्टनर),
पता-मछरहट्टा, रायगंज,
पोस्ट– सट्टी मस्जिद, गाजीपुर।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 आनन्द ग्लास वर्क्स, ढोलपुरा रोड–आगरा रोड, फिरोजाबाद में परिवर्तन की सूचाना इस प्रकार है–

यह कि दिनांक –10 अक्टूबर, 2024 को फर्म के प्रथम भागीदार श्री देवेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री चिरंजी लाल जैन निवासी–548 नई बस्ती, सन्त टाकीज गिरधरगंज, फिरोजाबाद की मृत्यु होने के कारण भागीदारी डीड की धारा–15 के तहत श्री आकाश जैन एवं श्री गौरव जैन पुत्रगण श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन निवासी–16–17/1 विभव नगर फिरोजाबाद को साझेदार की हैसियत से फर्म में सम्मिलित कर लिया गया है। अब फर्म में श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन, श्री आकाश जैन तथा श्री गौरव जैन साझेदार हो गये है।

राजेन्द्र प्रसाद जैन,
भागीदार,
मे0 आनन्द ग्लास वर्क्स,
ढोलपुरा रोड–आगरा रोड, फिरोजाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का सही नाम जागेश कुमार है जो कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे हाई स्कूल के अंक प्रमाण पत्र (अनुक्रमांक-23235999) में मेरे पिता का नाम जागेश पाल अंकित हो गया है जो कि गलत है। एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

अनुष्का,
पुत्री जागेश कुमार,
ग्राम-लरौंद, तहसील-मौदहा,
जिला-हमीरपुर, उ0प्र0।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम दीक्षिता मिश्रा पुत्री नवल किशोर मिश्रा है, जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है।

त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0– 7842 0110 1880 में उसका नाम कौशाली अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम दीक्षिता मिश्रा पुत्री नवल किशोर मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूरी की गयी है।

नवल किशोर मिश्रा,
पुत्र श्री अवधेश कुमार मिश्रा ,
पता–645ए/185, जानकी विहार,
जानकीपुरम लखनऊ।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम राघव अक्षय मिश्रा पुत्र नवल किशोर मिश्रा है, जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0–7287 7689 0587 में उसका नाम अक्षय मिश्रा अंकित हो गया है जा कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम राघव अक्षय मिश्रा पुत्र नवल किशोर मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाये

एतद् द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक आपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूरी की गयी है।

नवल किशोर मिश्रा,
पुत्र श्री अवधेश कुमार मिश्रा,
पता–645ए/185, जानकी विहार,
जानकीपुरम लखनऊ।

संशोधित सूचना

पूर्व में प्रकाशित साधारण गजट संख्या 45, दिनांक 09 नवम्बर, 2024 के भाग–8, पृष्ठ संख्या–1101 की सूचना का संशोधन–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम कुमारी खुशबू पुत्री राजेश शर्मा है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0–9866 3339 4484 में मेरा नाम बीनू अंकित हो गया है जो मेरा घरेलू नाम है। मुझे मेरे सही नाम कुमारी खुशबू पुत्री राजेश शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतद्द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

कुमारी खुशबू,
पुत्री स्व0 राजेश शर्मा,
पता–367, बाभनपुर, रामनगर,
आलापुर, अम्बेडकर नगर, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम राहुल सिंह पुत्र रणधीर सिंह है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या–7734 6614 1992 में मेरा नाम विक्रम सिंह अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम राहुल सिंह पुत्र रणधीर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

राहुल सिंह,
पता–ग्राम व पोस्ट जमीन हरखोरी,
थाना जीयनपुर, जिला आजमगढ़ उ0प्र0।

NOTICE

Be It known to all that my name has been registered as SANJAY SINGH in my Aadhar Card, which is wrong. Whereas, my correct name is SANJAY KUMAR S/O CHHOTELAL and the same is registered in my educational documents. It is interest of justice that, I should be known, and recognized by my correct name in future.

Sanjay Kumar,
S/O CHHOTELAL
Gulaura, Nai Bazar,
Sant Ravidas Nagar, Bhadohi.

पी0एस0यू0पी0–36 हिन्दी गजट–भाग 8–2024 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।